फाल्गुन शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 15 मार्च 2024
वर्ष - 2, अंक - 204, पृष्ठ - 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



संघ की सभा आज से, शीर्ष पदाधिकारी होंगे शामिल 16
माही का होली गीत उजर ओढ़निया रंगनी रिलीज 15

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512– 2548300

## मुंबई ने 42वीं बार जीता रणजी ट्रॉफी



**मुंबई ।** रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुकाबले में मुंबई ने विदर्भ को 169 रनों से हराकर रिकॉर्ड 42वीं बार खिताब जीता है। विदर्भ ने कल के 5 विकेट पर 248 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान अक्षय वाड़कर 102 रन के रूप में आज विदर्भ का छठा विकेट गिरा। लेकिन पूरी टीम 368 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में मुंबई ने 418 रन बनाकर विदर्भ को जीत के लिए 538 रनों का लक्ष्य दिया था। (देखें खेल पेज) ● एजेंसी

## ज्ञानेश और संधू को निर्वाचन आयुक्त बनाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, ब्यूरो

- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक में नामों पर हुआ मंथन
- आज दोनों चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर लग सकती है राष्ट्रपति की मुहर

**अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटवाने में अहम भूमिका निभाने वाले गृह मंत्रालय के पूर्व संयुक्त सचिव ज्ञानेश गुप्ता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव डा. सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त बनाने की सिफारिश की गई है। शुक्रवार तक चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति की मुहर लगने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि 8 मार्च को निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। जबकि दूसरे चुनाव आयुक्त अनूप पांडेय अवकाश ग्रहण कर चुके थे। तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में इस समय



सुखबीर संधू



ज्ञानेश गुप्ता

एकमात्र सदस्य मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार रह गए हैं। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पहले दोनों निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति की बैठक बुलाई गई थी जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी भी बतौर सदस्य शामिल हुए थे। इससे पहले कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की अध्यक्षता में एक समिति ने आयुक्त पद के लिए कुछ नामों का पैनल चयन समिति को दिया था। इस समिति में गृह सचिव एवं कार्मिक विभाग के सचिव सदस्य हैं।

हालांकि पूर्व निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल मुख्य निर्वाचन आयुक्त की दौड़ में थे क्योंकि अगले वर्ष राजीव कुमार अवकाश ग्रहण करने वाले थे और गोयल का कार्यकाल अभी तीन वर्ष शेष था। लेकिन अचानक उनके त्यागपत्र देने से चयन समिति को निर्वाचन आयुक्त की सिफारिश करनी पड़ी। ज्ञानेश गुप्ता केरल कैडर के 1988 के अवकाश प्राप्त आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव रहते हुए जम्मू-कश्मीर मसले पर विशेष भूमिका निभाई थी और धारा 370 समाप्त करने का पूरा मसविदा तैयार किया था। गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी निभाने के बाद में वे सहकारिता मंत्रालय में सचिव बनाए गए, जिसके मंत्री अमित शाह हैं। इसी तरह पंजाब कैडर के 1998 बैच के आईएएस अधिकारी डा. सुखबीर सिंह संधू को उत्तराखंड का मुख्य सचिव तब बनाया गया था जब मुख्यमंत्री के पद पर पुष्कर सिंह धामी ने शपथ ली थी।

## एक नजर

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में दो रुपये की कटौती



**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में दो-दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की है, नए दाम शुक्रवार सुबह छह बजे से प्रभावी होंगे। इसके पहले राजस्थान सरकार ने पेट्रोल डीजल पर वैट दो प्रतिशत घटा दिया। वैट में दो प्रतिशत की कमी व तेल विपणन कंपनियों द्वारा उठाए जाने वाले कदमों से राज्य में पेट्रोल के दाम में 1.40 रुपये से लेकर 5.30 रुपये तक की कमी आएगी। वहीं डीजल के दाम 1.34 रुपये से लेकर 4.85 रुपये तक कम होंगे।

### 18 ओटीटी प्लेटफार्म पर लगाया गया प्रतिबंध

**नई दिल्ली ।** सरकार ने अश्लील विषय वस्तु और सामग्री का प्रसारण करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि इन प्लेटफार्म के साथ साथ 19 वेबसाइटों, 10 एप जिनमें से 7 गुगल प्ले स्टोर पर और 3 एप्पल एप स्टोर पर हैं और इनसे जुड़े 57 सोशल मीडिया अकाउंट पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

### पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल अस्पताल में भर्ती



**पुणे ।** पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को बुखार और सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद महाराष्ट्र में पुणे शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। अस्पताल के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि पूर्व राष्ट्रपति पाटिल (89) को बुधवार को भारती अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें बुखार और सीने में संक्रमण है। वह चिकित्सकों की निगरानी में हैं।

# देश में एक साथ चुनाव की सिफारिश

### एक देश एक चुनाव : कोविंद समिति ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट

### समिति ने कहा-एक साथ चुनाव से विकास और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने पहले कदम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की तथा इसके बाद 100 दिनों के भीतर एक साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने की गुरुवार को सिफारिश की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई 18 हजार से ज्यादा पृष्ठों की रिपोर्ट में कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने कहा कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और इंडिया जो कि भारत है की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। इस समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा कि त्रिशंकु स्थिति या अविश्वास प्रस्ताव या ऐसी किसी स्थिति में नई लोकसभा के गठन के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। समिति ने कहा कि लोकसभा के लिए जब नए चुनाव होते हैं, तो उस सदन का कार्यकाल ठीक पहले की लोकसभा के कार्यकाल के शेष समय



एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष राम नाथ कोविंद ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति के दो सदस्य, गृह मंत्री अमित शाह और डीपीएपी नेता गुलाम नबी आजाद भी मौजूद रहे। ● एजेंसी

### 32 दलों ने किया समर्थन, 15 ने जताया विरोध

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के मुद्दे पर 62 पार्टियों से संपर्क किया था और इस पर जवाब देने वाले 47 राजनीतिक दलों में से 32 ने इस विचार का समर्थन किया, जबकि 15 दलों ने इसका विरोध किया। कुल 15 पार्टियों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रस्ताव का विरोध जबकि भाजपा व एनपीपी ने समर्थन किया।

के लिए ही होगा। उसने कहा कि जब राज्य विधानसभाओं के लिए नए चुनाव होते हैं, तो ऐसी नई विधानसभाओं का कार्यकाल -अगर जल्दी भंग नहीं हो जाएं- लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल तक रहेगा। समिति ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था लागू करने के लिए, संविधान के अनुच्छेद 83 (संसद के सदनों की अवधि) और अनुच्छेद 172 (राज्य विधानमंडलों की अवधि) में संशोधन की आवश्यकता होगी। इस संशोधन की राज्यों द्वारा पुष्टि किए जाने की आवश्यकता नहीं होगी। समिति ने यह भी सिफारिश की कि भारत निर्वाचन आयोग राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र तैयार करे। समिति ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए मतदाता सूची से संबंधित अनुच्छेद 325 को संशोधित किया जा सकता है। फिलहाल, भारत निर्वाचन आयोग पर लोकसभा और विधानसभा चुनावों की जिम्मेदारी है, जबकि नगर निकायों और पंचायत चुनावों की जिम्मेदारी राज्य निर्वाचन आयोगों पर है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि सरकार को एक साथ चुनाव प्रणाली लागू करने के लिए कानूनी रूप से व्यवहार्य तंत्र विकसित करना चाहिए। राष्ट्रपति मूर्मू को रिपोर्ट सौंपते वक्त कोविंद के साथ समिति के सदस्य गृह मंत्री अमित शाह, वित्त आयोग के पूर्व प्रमुख एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद और विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी थे।

### प्रस्ताव के मुख्य बिंदु

- त्रिशंकु स्थिति में नए सिरे से कराए जा सकेंगे चुनाव
- संविधान के अनु. 83 व 172 में करना होगा संशोधन
- मतदाता सूची से संबंधित अनु. 325 में भी बदलाव
- सरकार विकसित करे कानूनी रूप से व्यवहार्य तंत्र

### 191 दिनों के शोध के बाद तैयार की रिपोर्ट

इस उच्चस्तरीय समिति का गठन दो सितंबर, 2023 को किया गया था और हितधारकों व विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श और 191 दिनों के शोध के बाद यह रिपोर्ट तैयार की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक साथ चुनाव के विचार का समर्थन करते रहे हैं और उन्होंने कहा है कि देश को महान बनाने के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा जरूरी है।

## डंपरों की भिड़ंत में डीजल टैंक फटा, दो जिंदा जले

संवाददाता, बहुआ(फतेहपुर)

- फतेहपुर-बांदा मार्ग पर ललौली क्षेत्र में तड़के हादसा, एक डंपर के चालक व खलासी की मौत
- डंपरों के डीजल टैंक से भड़की आग में एक मकान भी जलकर खाक, जान बचाकर भागे लोग

**अमृत विचार :** ललौली थाना क्षेत्र के खटौली गांव के पास गुरुवार तड़के दो डंपरों की भिड़ंत में एक डंपर के चालक दिलीप और क्लीनर इबरार की जिंदा जलकर मौत हो गई। टक्कर के बाद दोनों डंपरों के डीजल टैंक फट गए। आग लगने से डंपर धू-धूकर जलने लगे। धमाके के साथ फैली लपटों ने पास के एक मकान को भी चपेट में ले लिया। आसपास के लोग जान बचाने के लिए भागे।

फतेहपुर-बांदा मार्ग पर खटौली गांव के पास फतेहपुर से बांदा जा रहे डंपर की सामने से आ रहे दूसरे डंपर से टक्कर हो गई। डीजल टैंक धमाके के साथ फटने से दोनों डंपरों में आग भड़क गई। एक डंपर के चालक और परिचालक बाहर नहीं निकल सके, उनकी जलकर मौत हो गई।

टैंक फटने से जलता हुआ डीजल पास के एक मकान में जा गिरा जिससे वहां आग लग गई। पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर कर्मियों ने करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग से जले मकान के मालिक सोमदत्त ने बताया कि दुर्घटना रात करीब तीन बजे हुई,



हादसे के बाद जलता डंपर।

उनका घर जलकर खाक हो गया है। परिवार ने किसी तरह भागकर जान बचाई। थाना प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि मृतकों में बाराबंकी जिले के थाना रामसनेही घाट के हथौड़ा निवासी दिलीप कश्यप पुत्र रामकुमार कश्यप और बाराबंकी के सांडा थाना के डिशनरी गांव निवासी इबरार अली पुत्र शमीन अली हैं। दिलीप चालक था और इबरार खलासी। दूसरे ट्रक के चालक और क्लीनर फरार हो गए हैं।

## पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के ठिकानों पर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- दिनभर चली जांच, विधायक पत्नी की हालत बिगड़ी, बेटे को साथ ले गई ईडी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के लखनऊ, अमेठी और मुंबई स्थित 17 ठिकानों पर गुरुवार को सुबह 5:30 बजे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की।

अमेठी में ताला तुड़वाकर दिनभर चली जांच के दौरान पूर्व मंत्री की सपा विधायक पत्नी महाराजी की हालत बिगड़ गई जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाम को ईडी टीम उनके बेटे अनुराग प्रजापति को साथ ले गई। ईडी ने लखनऊ, अमेठी और मुंबई स्थित ठिकानों से काली कमाई खपाने के कई दस्तावेज भी जब्त किए हैं। मामला सपा सरकार में हमीरपुर में रेत खनन घोटाले से जुड़ा है, जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। छापेमारी के पीछे ईडी द्वारा काली कमाई से बनाई गई अकूत संपत्तियों का ब्योरा जुटाकर कार्रवाई करने की तैयारी है। हाल ही में सीबीआई ने बतौर गवाह अखिलेश को भी बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस भेजा था। ईडी की टीम गुरुवार सुबह लखनऊ, अमेठी और मुंबई में पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति से जुड़े करीब 17 ठिकानों पर पहुंची। लखनऊ के एक माल समेत कई जगह भूमि-भवन, प्लाट में काली कमाई से जुड़े दस्तावेज जुटाए। सुल्तानपुर रोड पर गोसाईगंज तक अकूत भूमि खरीदकर काली कमाई खपाने की भी जांच की गई। मुंबई में भी बिल्डर के रूप में दूसरे नामों पर गायत्री के करोड़ों रुपये खपाने की जांच हुई। अमेठी में सुबह साढ़े पांच बजे से पूर्व मंत्री और उनकी खास गुड्डा देवी के घर भी छापेमारी हुई। पैतृक आवास से भी ईडी ने कई दस्तावेज खंगाले। घर के एक कमरे में ताला बंद था जिसे तुड़वाकर कुछ दस्तावेज बरामद किए हैं। इसके पहले भी सीबीआई की ओर से हमीरपुर अवैध खनन मामले में केस दर्ज कराए जाने के बाद पूर्व डीएम बी चंद्रकला समेत सपा नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी की गई थी।

### बढ़ सकती है अखिलेश यादव की मुसीबत

ईडी के छापेमारी के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव को लेकर चर्चा का बाजार गर्म रहा। हमीरपुर अवैध खनन मामले में अखिलेश यादव सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। ऐसे में जांच एजेंसियों की गायत्री प्रसाद प्रजापति को घेरने के पीछे अखिलेश तक पहुंचने की कोशिश हो सकती है। माना जा रहा है कि जांच एजेंसी की कार्रवाई से बचने के लिए ही राज्यसभा चुनाव में गायत्री की पत्नी ने सपा की जगह भाजपा प्रत्याशी को वोट दिया था। छापेमारी के पीछे माना जा रहा है कि जांच एजेंसी अखिलेश यादव को घेरने के लिए सबूत जुटा सकती है।

## प्रधानमंत्री को धमकी तमिलनाडु के मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली पुलिस ने एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ धमकी भरी टिप्पणी करने के आरोप में तमिलनाडु के मंत्री टीएम अनबरसन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के वकील सत्य रंजन स्वैन की शिकायत पर बुधवार को यहां संसद मार्ग थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी के मुताबिक, तमिलनाडु सरकार में ग्रामीण उद्योग, कुटीर उद्योग और लघु उद्योग मंत्री अनबरसन ने प्रधानमंत्री मोदी को टुकड़े-टुकड़े करने की खुलेआम धमकी दी है।

## व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार निरंकुश अधिकार नहीं: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक जोड़े की सुरक्षा याचिका पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार निरंकुश अधिकार नहीं है। धर्म दिल और दिमाग की गहराई से उत्पन्न आस्था का मामला है। अगर कोई व्यक्ति किसी सांसारिक लाभ के लिए किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो यह धार्मिक कट्टरता होगी। किसी अन्य धर्म को अपनाकर विवाह करने का यह अर्थ नहीं है कि उसे पिछली शादी और पत्नी को छोड़ने की अनुमति मिल गई। धर्म शोषण की वस्तु नहीं है। प्रत्येक व्यक्तिगत कानून के तहत विवाह की संस्था एक पवित्र संस्था है। वर्तमान मामले में याचियों द्वारा उत्तर प्रदेश गैर कानूनी धर्म परिवर्तन अधिनियम की धारा 8 और 9 का कोई अनुपालन नहीं किया गया है। याचियों द्वारा विपक्षियों के लिए एक निर्देश जारी करने की प्रार्थना की गई थी, जिसमें पति-पत्नी के रूप में याचियों की शांतिपूर्ण वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप न करने का निर्देश दिया जाए। दोनो जोड़े अलग-अलग जाति और धर्म से संबंधित व गौतम बुद्ध नगर के निवासी हैं। उनका तर्क है कि उन्हें अपने जीवन का निर्णय लेने का अधिकार है, लेकिन याचियों के संबंध को गैरकानूनी मानते हुए न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की पीठ ने याचिका खारिज कर दी।

## ममता बनर्जी चोटिल अस्पताल में भर्ती



**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माथे पर गुरुवार शाम चोट लग गई जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने यह जानकारी दी। तृणमूल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमारी अध्यक्ष ममता बनर्जी को बड़ी चोट लगी है। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। पार्टी ने बनर्जी के माथे से खून बहने की तस्वीरों को पोस्ट किया है। सूत्रों के मुताबिक, बनर्जी को कोलकाता के सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## विधान परिषद चुनाव : निर्विरोध चुने गए 13 एमएलसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा के सात, सहयोगी दलों के तीन और सपा से तीन जीते

**अमृत विचार :** विधान परिषद के चुनाव में सभी 13 प्रत्याशी निर्विरोध एमएलसी घोषित हो गए हैं। निर्विरोध घोषित हुए प्रत्याशियों में सबसे भारतीय जनता पार्टी के सात हैं। इसके बाद तीन सपा, एक आरएलडी, एक सुभासपा और एक आरएलडी के प्रत्याशी शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले विधान परिषद सदस्य चुनाव में नामांकन के दिन ही तय हो गया था कि सभी 13 प्रत्याशियों का निर्विरोध जीतना तय है। लेकिन नामांकन पत्रों की जांच के बाद गुरुवार को नाम वापसी के दिन भी सबकुछ यथावत रहने पर अब मतदान और मतगणना की प्रक्रिया नहीं होगी। नियमानुसार चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने की तय तिथि पर प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।

भाजपा के टिकट पर 7 एमएलसी निर्विरोध चुने गए हैं, इसमें विजय बहादुर पाठक, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, अशोक कटियार, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, संतोष सिंह, रामतीरथ सिंघल शामिल हैं।


## भारत में सुधरी लैंगिक असमानता, रैंकिंग में किया सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

### जीआईआई की रिपोर्ट

- 193 देशों की सूची में 134वें पायदान पर पहुंचा भारत, 14 पायदान की छलांग

संयुक्त राष्ट्र के मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में 134वें स्थान पर पहुंच गई, जबकि 2021 में 191 देशों में से यह 135वें स्थान पर थी। लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई), 2022 में भारत 0.437 स्कोर के साथ 193 देशों में 108वें स्थान पर है। जीआईआई-2021 में 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में भारत 122वें पायदान पर था। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि जीआईआई-2021 की तुलना में भारत ने जीआईआई-2022 में 14 पायदान का सुधार किया है। हालांकि, देश की



श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लैंगिक अंतर भी है, जो कि महिलाओं (28.3 प्रतिशत) और पुरुषों (76.1 प्रतिशत) के बीच 47.8 प्रतिशत है। हाल में जारी मानव विकास रिपोर्ट (एचडीआर) 2023-24 में कहा गया है कि एचडीआई में सुधार के बाद 2022 में भारत 193 देशों में 134वें स्थान पर रहा है। 2022 में भारत का एचडीआई स्तर सुधरकर 0.644 रहा जबकि 2021 में यह 0.633 था। यह आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की रिपोर्ट 'ब्रेकिंग द ग्रिडलॉक: रीइमेजिनिंग कोऑपरेशन इन ए पोलराइज्ड वर्ल्ड' में प्रकाशित किया गया है। वर्ष 2022 में, भारत ने सभी एचडीआई संकेतकों में सुधार देखा, जिनमें जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) में सुधार दर्ज किया गया। इसी के तहत, जीवन प्रत्याशा 67.2 से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गई जबकि प्रति व्यक्ति जीएनआई 6,542 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 6,951 अमेरिकी डॉलर हो गई।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में मानव विकास में उल्लेखनीय प्रगति देखी गई है। 1990 के बाद से, जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ गई है, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष में 4.6 वर्ष का जबकि स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष में 3.8 वर्ष का इजाफा हुआ है। भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई लगभग 287 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें कहा गया कि प्रजनन स्वास्थ्य में भारत का प्रदर्शन मध्यम मानव विकास समूह या दक्षिण एशिया के अन्य देशों की तुलना में बेहतर है। मंत्रालय ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, जीआईआई में भारत की रैंक लगातार बेहतर हुई है, जो देश में लैंगिक समानता हासिल करने में प्रगतिशील सुधार का संकेत देती है। 2014 में यह रैंक 127 थी, जो अब 108 हो गई है।

## निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड पर आंकड़े सार्वजनिक किए

नई दिल्ली, एजेंसी

- खरीददारों में भारती एयरटेल, वेदांता, लक्ष्मी मित्तल जैसी कंपनियां

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को चुनावी बॉण्ड के आंकड़े सार्वजनिक कर दिए। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 12 मार्च को आयोग के साथ आंकड़े साझा किए थे।

शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग को उसकी वेबसाइट पर आंकड़े अपलोड करने के लिए 15 मार्च शाम पांच बजे तक का समय दिया था। निर्वाचन आयोग ने 'एसबीआई द्वारा प्रस्तुत चुनावी बॉण्ड के प्रकटीकरण' पर विवरण दो भागों में रखा है। चुनाव निकाय द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार, चुनावी बॉण्ड के खरीदारों में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, मेघा इंजीनियरिंग, पीरामल एंटरप्राइजेज, टोरेंट पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ कमर्शियल डेवलपर्स, वेदांता लिमिटेड, अपोलो टायर्स, लक्ष्मी मित्तल, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, और सन फार्मा शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक चुनावी बॉण्ड भुनाने वाली पार्टियों में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस, द्रमुक, जेडीएस, राकांपा, तृणमूल कांग्रेस, जदयू, राजद, आप और समाजवादी पार्टी शामिल हैं।

# इरफान के विरुद्ध आगजनी कांड में फैसला 19 को

## दो आरोपियों की जमानत के पर्सनल बांड नहीं जमा होने के कारण टली सुनवाई ○ 18 मार्च तक बांड जमा करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान समेत पांच आरोपियों के विरुद्ध आगजनी कांड मामले में फैसला गुरुवार को टल गया। अब इस प्रकरण में 19 मार्च को फैसला सुनाया जा सकता है। फैसला टलने का कारण जमानत पर दो आरोपियों की ओर से जमानत बांड कोर्ट में दाखिल नहीं होना रहा। सुनवाई के दौरान इरफान के भाई रिजवान, शौकत अली, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ कोर्ट में पेश हुए, जबकि महाराजगंज जेल में बंद विधायक इरफान सोलंकी वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए सुनवाई में शामिल हुए। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने मामले में अगली तिथि 19 मार्च को निर्धारित करते हुए इरफान को उस दिन कोर्ट में तलब किया है।

सात नवंबर 2022 को डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी मामले में गुरुवार को एमपीएमएलए सेशन सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में सुनवाई की गई।



बहन रूबी से कोर्ट परिसर में लिपट कर रोते रिजवान सोलंकी। अमृत विचार

इस मामले में पांच आरोपी सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत अली हैं। सुनवाई में रिजवान सोलंकी, इजरायल आटेवाला, शौकत अली को पुलिस जेल से लेकर पहुंची, जबकि जमानत पर जेल से बाहर मो. शरीफ कोर्ट में हाजिर हुए। आगजनी कांड में दो आरोपी मो. शरीफ व शौकत को जमानत मिल चुकी है। आरोपी शौकत अली अन्य मामलों में नामजद होने के कारण जेल में है, वहीं मो. शरीफ जेल से बाहर है। कोर्ट ने शौकत व शरीफ की धारा 437 ए के तहत बांड दाखिल न होने के चलते फैसले की 19 मार्च तिथि निर्धारित कर दी। डीजीसी क्रिमिनल दिलीप अवस्थी ने बताया कि जमानत बांड दाखिल न होने के कारण कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि निर्धारित की है। जमानत पाए दो आरोपियों शौकत व शरीफ को 18 मार्च तक कोर्ट में 30-30 हजार के जमानत बांड दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने अगली तिथि पर सपा विधायक इरफान सोलंकी को भी कोर्ट में हाजिर होने के निर्देश दिए हैं।

- भाई रिजवान समेत चार आरोपी कोर्ट में हुए पेश, इरफान की वीसी के जरिए पेशी
- 19 मार्च की सुनवाई में कोर्ट में पेश करने के लिए विधायक को किया गया तलब

### क्या होती है धारा 437 ए

धारा 437 ए के अनुसान किसी मामले में अदालत से बरी किए गए आरोपी या दोषी को हिरासत से रिहा होने के लिए छह महीने की अवधि तक वैध जमानत बांड और जमानत राशि जमा करना जरूरी होता है। डीजीसी दिलीप अवस्थी के मुताबिक यह जमानत बांड इसलिए दाखिल कराए जाते हैं, ताकि फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करने पर आरोपी फरार न हो सकें।



कोर्ट में पेश हुआ आरोपी मो. शरीफ।

### हम दोनों भाई बेगुनाह हैं... दुआ करिएगा

कानपुर। सुनवाई के दौरान मीडिया कर्मियों से मुखातिब होते हुए रिजवान सोलंकी ने कहा कि 'विजयी होंगे, 19 तारीख को न्यायालय पर पूरा भरोसा है। हम दोनों भाईयों का कोई गुनाह नहीं है, हम दोनों बेगुनाह हैं। हम दोनों भाई बरी होंगे। अल्लाह पर पूरा यकीन है कि फैसला हमारे पक्ष में होगा। आप सब लोग भी ये जानते हैं कि हम बेगुनाह हैं। 29 साल से आज तक कोई अपराध नहीं रहा, हम लोगों का, चलिए अच्छा होगा। आप लोग दुआ करिएगा।' एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में पेशी के दौरान रिजवान सोलंकी की बहन रूबी कोर्ट के बाहर मौजूद थीं, भाई को देखते ही वह उनसे लिपट कर भावुक हो गईं।

### किन केसों में कितनी सजा

- सपा विधायक व पांच आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 436, 386, 327, 427, 504, 506, 120 बी की धारा में मुकदमा दर्ज है। इन धाराओं में कुछ इस प्रकार है सजा
- **धारा 147 (बलवा)**– दो साल की सजा व जुर्माना
- **धारा 427 (संपति को क्षतिग्रस्त करना)**– दो साल की सजा
- **धारा 327 (मूल्यवान संपति पर कब्जा करना)**– 10 साल की सजा व जुर्माना
- **धारा 386 (मृत्यु का भय दिखा रंगदारी मांगना)**– 10 साल की सजा
- **धारा 436 (किसी के घर को आग या विस्फोटक द्वारा नष्ट करना)**– 10 वर्ष या आजीवन कारावास
- **धारा 120 बी (अपराधिक षड़यंत्र)**– 10 वर्ष से आजीवन कारावास तक की सजा
- **धारा 504 (शांति भंग करने के इरादे से अपमान)**– दो वर्ष की सजा
- **धारा 506 (धमकी देना)**– दो से सात वर्ष तक की सजा

# आचार संहिता मामले में भी 19 मार्च की तिथि तय

**कानपुर।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ कर्नलगंज थाने में दर्ज आचार संहिता उल्लंघन में मामले में एमपीएमएलए लोअर कोर्ट में न्यायाधीश आलोक यादव ने सुनवाई की। बहस में अभियोजन पक्ष ने याचिका दाखिल करते हुए कहा कि इस मामले में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। वहां से फैसला आने तक मामले में निर्णय न सुनाया जाए। बचाव पक्ष ने इसका विरोध किया। कोर्ट ने सुनवाई की तिथि 19 मार्च निर्धारित की है।

वर्ष 2017 के विधान सभा चुनाव में ईदगाह में हैंडपंप लगवाने और उसका प्रचार करने के आरोप में सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले में बहस पूरी होने के बाद अभियोजन पक्ष ने एक गवाह कोर्ट में पेश किया था, जिसे कोर्ट खारिज कर दिया गया था। फैसले के खिलाफ अभियोजन ने सेशन कोर्ट में अपील दाखिल की थी, जहां अपील खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। गुरुवार को मामले की सुनवाई में अभियोजन ने तर्क दिया कि हाईकोर्ट का याचिका पर फैसला आने तक निर्णय न सुनाया जाए। इस पर बचाव पक्ष के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि हाईकोर्ट से मामले में कोई स्टे नहीं है, अभियोजन ने दाखिल याचिका का कोई विवरण भी नहीं दिया गया है। दोनों पक्षों की सुनने के बाद कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 19 मार्च निर्धारित की, इसमें फैसला आने की संभावना है

- वर्ष 2017 के विस चुनाव में ईदगाह में हैंडपंप लगाकर प्रचार करने का मामला



पेशी पर आया इजरायल आटेवाला।

# पार्सल ट्रैक करने के चक्कर में गंवाए रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोहना थानाक्षेत्र की रहने वाली लावण्या खन्ना ने 36 हजार रुपये ठगी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार पिछले वर्ष 24 जुलाई को पिता ने राजस्थान से एक पार्सल स्पीड पोस्ट के जरिए भेजा था। ऑनलाइन ट्रैक करने की कोशिश में गूगल पर नंबर सर्च कर कंपनी को कॉल की। इस पर बात करने वाले व्यक्ति ने दो रुपये जमा करने को कहा। आरोपी ने एक लिंक भेजा। क्लिक करते ही खाते से रुपये कट गये। पीड़िता के अनुसार 31 जुलाई 2023 को उसी खाते से 36,500 व 239 रुपये फिर कट गए। साइबर सेल से शिकायत के बाद पीड़िता ने कोहना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया आईटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

- कोहना थाना क्षेत्र की घटना एफआईआर दर्ज

### नवाबगंज में खाते से उड़ाए 69 हजार रुपये

नवाबगंज थानाक्षेत्र के उजियारीपुरवा निवासी प्रकाश द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि किसी ने उनके खाते से लगभग 69 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़िता ने नवाबगंज थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि उन्हें न किसी का कॉल आया न ही उन्होंने किसी को रुपये उधार दिए।

### कल्याणपुर में महिला के खाते से 93 हजार पार

कल्याणपुर थानाक्षेत्र के सत्यम विहार के रहने वाली चित्रा शर्मा ने पुलिस को बताया कि चार मार्च को इंडसंड बैंक क्रेडिट कार्ड से 93,656 रुपये का फ्रॉड हो गया था। उन्होंने पुलिस को बताया कि उन्होंने कोई खरीदारी नहीं की न ही किसी को रुपये दिए। जिसके बाद खाते से रुपये कटने के मैसेज से उनके होश उड़ गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पशुपालन से दोगुनी हो सकती किसानों की आय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री की सर्किट हाउस सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक
- नस्ल सुधार से बढ़ेगा दुग्ध उत्पादन, गो आधारित प्राकृतिक खेती को मिले प्रोत्साहन

**अमृत विचार।** किसानों की आय खेती के अलावा पशुपालन से भी दोगुनी हो सकती है। इसी कारण लगातार प्रदेश के जिलों का भ्रमण व समीक्षा बैठक की जा रही है। देशी गाय का दूध अमृत के समान होता है, लेकिन यह गायें कम दूध देती हैं। यहीं वजह है कि नस्ल सुधार पर ज्यादा जोर है। इसी संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए हैं। यह बात गुरुवार को सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कही।

सर्किट हाउस सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने कहा कि पशुपालन विभाग समाज से जुड़ाव रखने वाला विभाग है। पशुओं की सेवा हमारा धर्म भी है, लेकिन केवल निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने तक ही सीमित नहीं रहना है। किसानों को व्यापक स्तर पर पशुपालन से जोड़ा जाना है। इससे भी किसान की आय में वृद्धि होगी। किसानों की आय दोगुनी करने का हमारा प्रयास है। पशुपालन विभाग की योजनाओं का किसानों को लाभ दिलाएं। गोवंश शतप्रतिशत संरक्षित किया जाए। गोवंश का भरणपोषण व देखभाल ठीक से हो। दूध उत्पादन बढ़े, गुणवत्तापूर्ण दूध की आपूर्ति हो, इसके लिए नस्ल सुधार व पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में बीमारियों की भरमार है। इसका कारण यह है कि किसान रासायनिक खादों व कीट नाशक दवाओं का प्रयोग खेती में कर रहे हैं। स्वस्थ समाज के लिए यह आवश्यक है कि किसानों को गो आधारित प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया जाए। इससे लागत भी कम लगेगी। बैठक में ब्लॉक प्रमुख कल्याणपुर अनुराधा अवस्थी, अपर निदेशक पशुपालन डॉ. अवनीश कुमार भट्ट, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आईडीएन चतुर्वेदी सहित मंडल के सभी जिलों के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, उप पशु चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।



सर्किट हाउस में बैठक लेते पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री। अमृत विचार

### गोवंश छोड़ने के लिए टोल फ्री नंबर पर सूचना दें

बैठक में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से मिलकर गोवंश को गोद दिलाया जाए। बचे हुए गोवंश की ईयर टैगिंग कराएं, ताकि गोवंश किसानों के खेत व सड़क पर न दिखाई दें। पशुपालकों को समझाएं कि दूध निकालने के बाद गोवंश न छोड़ें। यदि कोई पशुपालक गोवंश छोड़ना चाहता है तो वह टोल फ्री नंबर पर सूचना दें।

### कृत्रिम गर्भाधान से दस लीटर दूध देगी देशी गाय

कृत्रिम गर्भाधान से (एआई) दो लीटर दूध देने वाली देशी गाय अब दस लीटर दूध देगी। ऐसी व्यवस्था बनाई गई है। इसके साथ ही संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए टीकाकरण व उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। बधियाकरण का काम भी प्राथमिकता से हो। गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाएं। इसके लिए दुध के साथ गाय के गोबर का उपला बनाने के काम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़ें। इससे समूह की महिलाओं की आमदनी बढ़ेगी और गोशालाएं भी आत्मनिर्भर होंगी।

# सड़क हादसों में युवक और अधेड़ की मौत

**कानपुर।** कमिश्नरेट के रेलबाजार और पनकी थानाक्षेत्र में एक युवक और अधेड़ की जान चली गई। दोनों हादसे चार पहिया वाहन से होना बताए जा रहे हैं। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से हैलट अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम कराया। गोपाल नगर न्यू आजाद नगर निवासी 35 वर्षीय राजू शर्मा नौघड़ा में स्थित एक कपड़े की दुकान में काम करते थे। उनके छोटे भाई संजय शर्मा ने बताया कि रोज की तरह वह बाइक से घर लौट रहे थे। बताया कि अभी वह झकरकटी रेलवे ओवरब्रिज के पास पहुंचे ही थे, कि चार पहिया वाहन टक्कर मारते हुए भाग निकला। खून से लथपथ हालत में उन्हें पुलिस ने हैलट भिजवाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि घटना के बाद पत्नी सुधा और बच्चे कृष्णा और यश का रो-रोकर बुरा हाल है। पनकी थानाक्षेत्र में रानीगंज पड़ाव के रहने वाले 58 वर्षीय मजदूरी करते थे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे बड़े पुत्र निजामुद्दीन व उसकी पत्नी नाजरीन का चाल चलन ठीक नहीं है। आये दिन हमसे मारपीट कर परेशान करते हैं। वह शराबी व जुआरी है। इस के चलते वह पूरे परिवार को धमकी देता है। इसी के चलते मैने व मेरे परिवार ने बड़े पुत्र व उसकी पत्नी से संबंध विच्छेद कर लिया है। उन दोनों की ओर से किये गये किसी भी अच्छे या गलत कार्य के लिये वह खुद जिम्मेदार होगा। **कुतुबुद्दीन पुत्र अजिज मोहम्मद निवासी अनन्दीपुर्वा मौजा खुर्रमपुर थाना व जिला कन्नौज।**

**सूचना**

मैं तारा दत्त अपने पुत्र जगदीश चन्द्र के आर्मी नं.–4193644 X, ग्राम–बमोरा, पो.ओ. बौडा मेहता, जिला–चम्पावत, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम TARA DATT दर्ज है जबकि मेरा सही नाम TARA DUTT है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में TARA DUTT दर्ज किया जाये।

**गुमशुदा**



मेरा पुत्र प्रमोद कुमार दिनांक 21–12–2023 की शाम से घर मे बिना कुछ बताए लापता हो गया है। उसकी उम्र 30 वर्ष, रंग गोरा, कद 5 फीट है। काफी खोजने के बाद भी उसका कोई पता नही चला सका। उसकी गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई गई है। यदि किसी सज्जन को उसका कोई पता या जानकारी मिले तो कृपया सूचित करने की कृपा करें। सूचना देने वाले को पांच हजार नकद इनाम दिया जाएगा। **नौमीलाल, निवासी– मोहल्ला गुठवनपुरवा वार्ड डड़ियामऊ. नगर पंचायत व तहसील फतेहपुर। जिला बाराबंकी, फोन नं0– 8090836042**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **जोगा सिंह अपने पुत्र बिरेन्द्र सिंह मलडा के आर्मी नं. –4199072X ग्राम–मण्डलसेरा, पो. ओ. मण्डलसेरा, जिला–बागेश्वर, उत्तराखण्ड,** मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम जोगा सिंह मलडा दर्ज है जबकि मेरा सही नाम जोगा सिंह है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में जोगा सिंह दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **अनिल कुमार पुत्र चेतराम, निवासी– मोहल्ला– सुभाष नगर सिकन्दरपुर, परगना व तहसील– छिबरामऊ, जनपद कन्नौज,** मौजा स्थित खेड़ा जगदीशपुर की गाटा संख्या 568 आराजी 121.5 वर्गमीटर मेरे नाम पर दर्ज है। मेरे विक्रेता चन्द्रकान्त पुत्र राधाचरण, निवासी– लोहिया नगर सिकन्दरपुर, परगना व तहसील छिबरामऊ, जिला कन्नौज के नाम नगर पंचायत सिकन्दरपुर जिला कन्नौज में दर्ज है. उनका नाम पृथक करके मेरा नाम अंकित कर लिया जाये।


# छोटी आंत की जांच में इंडोस्कोपी कारगर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कालेज से संबद्ध सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के डाक्टरों ने पेट रोगियों के लिए एक जांच विधि और इंडोस्कोपी मशीन की इजात की है जो छोटी आंत में छुपे रोगों का पता लगा सकेगी। ब्लोन इंडोस्कोपी नामक इस आधुनिक मशीन से एक मरीज की सफल जांच और आपरेशन किया जा सकेगा। इससे सफल उपचार के बाद बेहतर नतीजा सामने आया है। अब इस विधि से पेट के गंभीर रोगियों के इलाज में आसानी होगी।

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की विशेष जांच, उपचार की सफलता और प्रयोग करने वाले गैस्ट्रो इंटरोलाजी डॉ. विनय कुमार ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूपी में यह पहली जांच विधि है, जिससे मरीज के इलाज में आसानी होगी। उन्होंने बताया कि ब्लोन इंडोस्कोपी के द्वारा पेट के अंदर छोटी आंत जो जीवित व्यक्ति में लगभग छह मीटर और मृत व्यक्ति में नौ मीटर की होती। उस छोटी आंत की जांच में यह विधि बहुत सहायक है। जिन जगहों पर मशीन नहीं जा पाती है, उसे जगह को भी यह ब्लोन इंडोस्कोपी मशीन आसानी से देख सकती है। यह उन स्थितियों में भी कारगर है, जब आंतों में कभी-कभी साधारण इंडोस्कोपी मशीन फंस जाती है। इस मशीन से रोग का पता लगाया जा सकता है। जांच के बाद जिस रोग से मरीज को तकलीफ है, उसकी सही जानकारी मिलते ही इलाज से राहत मिल जाती है। डॉ. विनय ने बताया कि इस विधि से 42 वर्षीय व्यक्ति के पेट की जांच कर रोग का पता लगाया गया और सफल उपचार किया गया है। मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ है। वार्ता में मेडिकल कालेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला, डॉ. सीमा द्विवेदी मौजूद रहीं।



जानकारी देतीं डॉ. सीमा द्विवेदी।

- जीएसवीएम से संबद्ध सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के डॉक्टरों ने ईजाद की मशीन

# थाने में दिखाईं पति की अश्लील तस्वीरें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पति पर अवैध संबंधों के लगाए गंभीर आरोप, जांच के आदेश
- फिरोजाबाद में बतौर कांस्टेबल तैनात है आरोपी

**अमृत विचार।** गुरुवार को पुलिस ऑफिस एक महिला शिकायत लेकर पहुंची जिसने अपने कांस्टेबल पति पर गंभीर आरोप लगाए। पीड़िता का आरोप था कि उसके पति के कई महिलाओं से अवैध संबंध हैं। इस दौरान पीड़ित पत्नी अपने साथ पति की दूसरी महिलाओं के साथ आपत्तिजनक फोटो और वीडियो साथ लेकर कार्रवाई की मांग कर रही थी। जिसके बाद पुलिस अधिकारी ने शिकायत की जांच कर रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

गोविंद नगर की रहने वाली महिला ने आरोप लगाते हुए कहा कि

**आरोप**

उनका पति कांस्टेबल है। कहा कि उनका कई साल से प्रेम संबंध था, जिसके चलते एक वर्ष पहले अपने घर वालों की बिना मर्जी के शादी कर ली थी। कहा कि शादी आर्य समाज मंदिर में की थी, बाद में कोर्ट में रजिस्ट्रेशन भी कराया था। महिला ने कहा कि शादी के बाद से पति के साथ गोविंद नगर में रहने लगी। पति की पोस्टिंग फिरोजाबाद में है। शादी के कुछ दिनों बाद उनके पति घर में ही दूसरी महिलाओं को लाकर उनके सामने ही उनसे गलत संबंध बनाने लगे। उन्होंने विरोध किया तो उन्होंने एक बार फंदे पर ही लटका दिया। उस समय पड़ोस की महिलाओं ने बचा लिया था। पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर ऑफिस में अपने पति की दूसरी महिलाओं के साथ कई फोटो दिखाई और कार्रवाई की मांग की। महिला का कहना है कि उसका कांस्टेबल पति कार्रवाई के डर से घर चला गया है। आरोप है कि मार्च के पहले सप्ताह में पति ने गोविंद नगर में बुलाकर जबरदस्ती उसका दुष्कर्म किया और मारापीटा। इस मामले में एडीसीपी अमिता सिंह का कहना है कि महिला ने पति के दूसरी महिलाओं से संबंध होने के आरोप लगाए हैं, जांच कर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

**बोर्ड परीक्षा** कल से यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का शुरू होगा मूल्यांकन, तैयारियां पूरी

# तीन हजार शिक्षक जांचेंगे सात लाख कॉपियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन कार्य 16 मार्च से शुरू होगा। इस बार जिले में लगभग तीन हजार शिक्षक सात लाख के करीब कॉपियों को चेक करेंगे। कॉपियों का मूल्यांकन कार्य कर रहे शिक्षक सीसीटीवी की जद में रहेंगे। कैमरे की रिकॉर्डिंग को 15 दिनों के लिए सुरक्षित रखा जाएगा।

जिले में इस बार पांच मूल्यांकन केंद्रों बनाए गए हैं। हरसहाय जगदंबा सहाय इंटर कॉलेज, सरयू नारायण बाल विद्यालय, डीएवी इंटर कॉलेज, सुभाष स्मारक इंटर कॉलेज व जीआईसी में कॉपियां जांची जाएंगी। मूल्यांकन में हाई स्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं के लिए 2009 शिक्षकों को लगाया जाएगा। यह शिक्षक 3,92,086 कॉपियां चेक करेंगे।

- पांच केंद्रों पर होने वाले मूल्यांकन की कंट्रोल रूम से की जाएगी निगरानी

**2009** शिक्षक जांचेंगे हाईस्कूल की 3,92,086 उत्तर पुस्तिकाएं

**1,317** शिक्षक जांचेंगे इंटर की 3,40,210 उत्तर पुस्तिकाएं

### अव्यवस्था पर भारतीय विद्यालय केंद्र की सूची से बाहर

जिले में छह केंद्रों में मूल्यांकन कार्य होता आ रहा है। आचार्य नगर स्थित भारतीय विद्यालय को अव्यवस्था होने के चलते इस बार सूची से काट दिया गया है। जर्जर होने के चलते यहां पर पूर्व में परीक्षकों की ओर से शिकायत की जाती रही है।

यूपी बोर्ड

इसी तरह इंटर की 1,317 शिक्षक 3,40,210 कॉपियां चेक करेंगे। मूल्यांकन केंद्रों की सुरक्षा के लिए कंट्रोल रूम को भी केंद्रों से जोड़ा जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि सभी मूल्यांकन केंद्रों में सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग को 15 दिन तक सुरक्षित रखा जाएगा। कंट्रोल रूम से मूल्यांकन कार्य पर नजर रखी जाएगी। 16 से 29 तक चलने वाले मूल्यांकन कार्य के लिए सभी निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# 20 से शुरू होंगी परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं

**कानपुर।** परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं 20 मार्च से शुरू होंगी। इस परीक्षा में जिले के 1779 विद्यालयों के करीब 1.45 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। पहले यह परीक्षा 16 मार्च से शुरू होनी थी।

परिषदीय विद्यालयों की कक्षा एक से आठ की वार्षिक परीक्षाएं 20 से 27 मार्च के बीच होंगी। परीक्षा 50 नंबर की होगी। इसके लिए जिला स्तर पर डायट के माध्यम से पेपर तैयार किए गए हैं। पेपर में बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय प्रश्न होंगे। कक्षा एक की वार्षिक परीक्षा सिर्फ मौखिक होगी। कक्षा दो व तीन में मौखिक व लिखित परीक्षा होगी। इसके अंक 50-50 फीसदी होंगे। कक्षा चार-पांच में मौखिक व लिखित परीक्षा होगी। इसके अंक 30-70 फीसदी होंगे। कक्षा छह से आठ की परीक्षा सिर्फ लिखित ही होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। परीक्षा के दौरान कक्षा सात तक की वार्षिक परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन विद्यालय के ही शिक्षक करेंगे। मूल्यांकन कार्य परीक्षा के साथ ही शुरू कर दिया जाएगा और 31 मार्च को परीक्षा परिणाम जारी किया जाएगा।


**कानपुर विकास प्राधिकरण**

का0वि0प्रा0

**कानपुर विकास प्राधिकरण में निष्प्रयोज्य वाहनों की ई–नीलामी की सूचना**

कानपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यालय परिसर में खड़े निष्प्रयोज्य हो चुके 08 वाहनों 1.यू0पी0 78 बी0एफ0 5555 एम्बेसडर, 2.यू0पी0 78 ए0जेड0 3333 एम्बेसडर, 3.यू0पी0 78 ए0जेड0 5555 एम्बेसडर, 4.यू0पी0 78 ए0ऐम0 1001 जीप फाग मशीन, 5.यू0पी0 78 बी0एफ0 0500 जिप्सी, 6.यू0पी0 78 के0 8658 जिप्सी, 7.यू0पी0 78 सी0जे0 1111 एम्बेसडर, 8.यू0पी0 78 बी0जेड0 5555 एम्बेसडर, की नीलामी ई–नीलामी के माध्यम से की जानी है। इस हेतु आवेदकों का प्राधिकरण की बेबसाइट www.kdaindia.co.in पर उपलब्ध ई–ऑक्शन के लिंक पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा रजिस्ट्रेशन करने तथा निर्धारित पंजीकरण धनराशि जमा कराने के पश्चात् आवेदक घर से अथवा अन्य कहीं से भी कम्प्यूटर अथवा मोबाइल से बोली लगा सकता है। प्राधिकरण द्वारा आवेदकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एक Kanpur development authority नाम से मोबाइल एप भी तैयार किया गया जिसे आवेदक Google play store से डाउनलोड कर ई–नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है।

नीलामी/बिडिंग प्रारम्भ दिनांक व समयः– 16.03.24 प्रातः 11:00
नीलामी/बिडिंग अन्तिम दिनांक व समयः– 31.03.24 अपरान्ह 05:00
नीलामी/बिडिंग घोषित दिनांक व समयः– 01.04.24 अपरान्ह 01:00

| कार्य का विवरण | जमानत धनराशि |
|---|---|
| कानपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यालय परिसर में खड़े निष्प्रयोज्य हो चुके 08 वाहनों की ई–नीलामी | रु0 10,000.00 |

**आवंटन के मुख्य नियम व शर्तें**:–1.ई–नीलामी की मुख्य शर्ते कानपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध है। 2.ई–नीलामी की स्वीकृति/अस्वीकृति का सम्पूर्ण अधिकार उपाध्यक्ष, कानपुर विकास प्राधिकरण के पास सुरक्षित रहेगा।

अमनदीप तिवारी
(केयर टेकर)

HELPLINE : 2556292, 2557853• Website: www.kdaindia.co.in

**आज का मौसम**
अगले पांच दिन आसमान साफ बना रहेगा।

| 31.4° | 14.4° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 18 | सूर्यास्त 06 : 18 |

**रमजान मुबारक**

| इफ्तार (शुक्रवार) | सहरी (शनिवार) |
|---|---|
| सुन्नी-06 :17 | सुन्नी-05 :00 |
| शिया-06 :30 | शिया-04 :48 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### पांच चौराहों को लिया गोद

**कानपुर।** ऑपरेशन त्रिनेत्र का कारवां बढ़ता जा रहा है। त्रिनेत्र की मदद से कमिश्रेट पुलिस अपराधियों पर लगातार शिकंजा कस रही है। एमकेयू लिमिटेड के चेयरमैन एवं एफआईसीसीआई कानपुर संगठन के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने पांच चौराहों को कैमरा लगवाने के लिए गोद लिया है। पुलिस कमिश्नर ने सम्भ्रांत नागरिकों से ऑपरेशन त्रिनेत्र में महत्वपूर्ण चौराहों व तिराहों को गोद लेकर सीसीटीवी के स्थापन में सहयोग करने की अपील की थी। चेयरमैन मनोज गुप्ता ने सुरक्षित शहर बनाने के लिए कैमरों के स्थापन के लिए गोद लिए हुए चौराहों की सूची के साथ सहमति पत्र प्रदान किया है।

# 14 रूटों पर ई-रिक्शा प्रतिबंधित

## यात्रियों के लिए शटल सेवा, जगह-जगह लगने वाले जाम से मिल जाएगी निजात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में यातायात सुगम और सुव्यवस्थित करने के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने कुछ रूटों पर 15 दिन पहले शटल सेवा का ट्रायल शुरू किया था। इसके बाद बुधवार से 14 रूटों पर शटल सेवा शुरू कर दी गई है। ये सभी रुट कम दूरी के हैं और जहां ये सेवा शुरू होगी, वहां पुलिस और ट्रैफिक कर्मी तैनात किए गए हैं। इससे शहरवासियों को जाम से राहत मिलेगी, ई-रिक्शा की अराजकता पर लगाम लगेगी।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश पर यातायात पुलिस ने ऐसे रूट पर काम किया है, जहां जाम ज्यादा लगता है। इन रूटों पर ई-रिक्शा की वजह से पीछे से आने वाले यातायात की गति धीमी हो जाती है और जाम लगता है। फजलगंज चौराहे से गोविंद नगर जाने के दौरान 165 सेकेंड की रेड लाइट है, जबकि केवल 65 सेकेंड की ग्रीन लाइट है। इसी समय अवधि पर फजलगंज से मरियमपुर की तरफ की रेड लाइट है। ऐसा ही टाटमिल, विजयनगर, मेघदूत तिराहा, रामादेवी, टाटमिल, यशोदा नगर और नौबस्ता बाईपास पर भी है। ऐसे में यहां ई-रिक्शा के कारण ट्रैफिक फंसाव होता था।



शहर में सड़कों पर ई-रिक्शा का इसी तरह रहता जमावड़ा।

**15** दिन पहले शटल सेवा का ट्रायल शुरू किया था, अब 14 रूटों पर शटल सेवा शुरू कर दी गई है

### नाबालिग नहीं चला पाएंगे ई-रिक्शा

यातायात पुलिस अधिकारियों के अनुसार ई-रिक्शा चलाते हुए पकड़े जाने पर नाबालिग के परिवार वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

“ कानपुर में शटल सेवा का ट्रायल 15 दिन से किया जा रहा था, बेहतर ट्रैफिक शटल सेवा शुरू की गई है। कुछ रूटों पर ई-रिक्शा प्रतिबंधित किया गया है। नियम न मानने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

**-अखिल कुमार, पुलिस कमिश्नर**

### इन मार्गों पर लगाई रोक

- किदवई नगर से घंटाघर रोड पर बाकरगंज तक।
- नौबस्ता बाईपास से न तो ओवरब्रिज पर आएंगे और न ही नीचे चलेंगे।
- टाटमिल से अफीमकोठी, जरीब चौकी और कोकाकोला चौराहा।
- टाटमिल से रामादेवी रोड
- फजलगंज से विजयनगर
- रावतपुर से कल्याणपुर रोड
- रामादेवी से जाजमऊ
- रामादेवी से महाराजपुर रोड
- विजय नगर से पनकी रोड
- ट्रांसपोर्ट नगर के अंदर
- घंटाघर से मालगोदाम की ओर
- मंधना से बिठूर रोड
- यशोदा नगर और नौबस्ता से भारी वाहन वाले हर रूट पर।

### भीतरी सड़कों पर होगा संचालन


- डीसीपी आरती सिंह ने बताया कि मुख्य सड़कों से जुड़ी अंदर की सड़कों पर ई रिक्शा के संचालन की योजना बनाई जा रही है। जल्द ही इनके रूट निर्धारित किए जाएंगे। कानपुर में सड़कें इतनी चौड़ी नहीं हैं, कि ई-रिक्शा के लिए अलग लेन बनाई जाए। आम तौर पर देखा जाता है कि रेड लाइट होने पर ई-रिक्शा आगे खड़े हो जाते हैं और ग्रीन लाइट होने जब तक पीछे वाले वाहन आगे आते हैं लाइट फिर से रेड हो जाती है।

### लगाए जाएंगे साइन बोर्ड

- संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चंदर ने बताया कि शहर से ई-रिक्शों की अराजकता खत्म की जाएगी। कोशिश रहेगी कि होली और ईद के दौरान लोगों को जाम से राहत मिलेगी। प्रतिबंधित रूटों पर जानकारी के लिए साइन बोर्ड लगाया जाएगा।

### ...तो सीज होगा ई-रिक्शा

- पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रतिबंधित रूट पर ई-रिक्शा चलते पाए जाने पर ई-रिक्शा तो सीज होगा ही साथ ही चालक और उसके परिवार के साथ ठेके या किराए पर ई-रिक्शा चलवाने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।





कुछ ऐसा ही नजारा हो सकता बॉटनिकल गार्डेन में।

# बॉटनिकल गार्डेन को खूबसूरत पिकनिक स्पॉट बनाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गंगा बैराज के पास केडीए ने की सात साल बाद योजना विकसित करने की तैयारी
- आज होंगे टेंडर, नए सिरे से खींचा जाएगा खाका, अब तक 17 करोड़ हो चुके खर्च

**अमृत विचार।** गंगा बैराज स्थित बॉटनिकल गार्डेन को एक बार फिर से पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। केडीए ने सात साल बाद नए सिरे से गार्डेन को विकसित करने का प्लान बनाया है। शुक्रवार को आर्किटेक्ट के चयन के लिए टेंडर डाले जाएंगे। केडीए अधिकारी इससे पहले कई कंपनियों के साथ बैठक कर चुके हैं।

केडीए ने 26 फरवरी 2015 में गंगा बैराज के पास 70 एकड़ जमीन पर बॉटनिकल गार्डेन बनाने का कार्य शुरू कराया था। लेकिन अभी काम चल ही रहा था कि हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगा दी गई। कोर्ट ने सितंबर 2015 में काम रोक दिया था। इसके बाद जून 2016 में फिर से कार्य शुरू हुआ इसी बीच एनजीटी ने गंगा से दो सौ वर्ग मीटर की दूरी पर पक्का निर्माण होने पर रोक लगा दी। इसके बाद वर्ष 2018 से यहां कार्य रुका हुआ है। बॉटनिकल गार्डेन पर केडीए अब तक 17 करोड़ रुपये खर्च किर चुका है। एनजीटी के आदेश पर पिछले छह साल से गार्डेन का स्ट्रक्चर बंद पड़ा है। अब एक बार फिर से केडीए ने गंगा के किनारे बॉटनिकल गार्डेन विकसित करने के प्रयास शुरू किये

**तीन चरण में होना था निर्माण:** गार्डेन का निर्माण तीन चरणों में किया जाना था। इसमें क्षेत्र में स्थित तालाब और गंगा प्रवेश बिंदु की डी-सिल्टिंग (गाद हटाने) का कार्य, दूसरे चरण में क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पौधरोपण करना, तीसरे चरण में शौचालय, पार्किंग क्षेत्र, गंगा गैलरी, गंगा पथ (गैलरी), गंगा प्रदर्शनी केंद्र का निर्माण करना, झूले, फूड कोर्ट, गंगा संरक्षण, स्वच्छता और अविरल गंगा के लिए जन जागरूकता काम होना था।

### आर्किटेक्ट से बनवाया जाएगा नया डिजाइन

- प्राधिकरण के मुख्य अभियंता आशु मित्तल ने बताया कि नए सिरे से गार्डेन को विकसित किया जाएगा। आर्किटेक्ट के चयन के लिए टेंडर आमंत्रित किया है। गार्डेन को पिकनिक स्पॉट बनाने के लिए डिजाइन बनाकर आर्किटेक्ट देगा, उसके आधार पर आगे काम किया जाएगा। एनजीटी की गाइडलाइन को ध्यान में रखकर पिकनिक स्पॉट बनाया जायेगा।

# क्रिप्टो ट्रेडिंग में लाभ का झांसा देकर 17 लाख ठगे

**कानपुर।** बर्रा थानाक्षेत्र के युवक को साइबर ठगों ने क्रिप्टो में ट्रेड कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 17 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बर्रा दो निवासी दिनेश चंद्र शुक्ला ने बताया कि उन्हें टेलीग्राम पर एक लिंक मिला। इससे वह एक ग्रुप से जुड़ गए। इस ग्रुप पर क्रिप्टो में ट्रेड करने और मर्चेंट की ऑनलाइन दृश्यता बढ़ाने पर लाभ देने की बात की गई। आरोपियों ने अपनी कंपनी का नाम कवर फक्श लिमिटेड बताया और लिंक भेजकर ट्रेड में शामिल होने को कहा। 19 जनवरी 2024 से 23 जनवरी के बीच दिनेश ने 16.99 लाख रुपये कई बार में आरोपियों के दिए खाते में भेज दिए। इस बीच उन्हें ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा दिया जाता रहा। उन्होंने मुनाफ के रुपये की मांग की तो आरोपियों ने रुपये देने से मना कर दिया। उन्हें ग्रुप से हटाकर अतिरिक्त रुपयों की मांग की। साइबर थाना प्रभारी हरमीत सिंह ने बताया पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# नकली घी बनाने में दो दोषियों को उम्र कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नकली घी तैयार करके प्रतिष्ठित ब्रांडों के पैकेटों में बेचने वाले दो युवकों को अपर सत्र न्यायाधीश (एडीजे) की कोर्ट ने आजीवन कारावास व 1.62 लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई। दोषियों को एसटीएफ ने गांधी नगर स्थित एक मकान से गिरफ्तार किया था। छापेमारी में टीम ने भारी मात्रा में नकली घी, ऑयल और उपकरण बरामद किए थे। एसटीएफ ने सीसामऊ थाने में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था।

घटना वर्ष 2009 की है। तत्कालीन एसटीएफ एसएसपी अरविंद चतुर्वेदी को कानपुर नगर समेत, फतेहपुर, प्रयागराज में नकली घी सप्लाई किए जाने की जानकारी मिल रही थी। तीन मार्च 2009 को टीम करो सूचना मिली कि गांधी नगर स्थित मकान में अवैध रुप से प्रतिष्ठित उत्पाद अनिल, अमूल व पराग के पैकटों में नकली घी भर कर बाजार में बेचा जा रहा है। इस पर तत्कालीन एसटीएफ दरोगा राजकुमार ने टीम के साथ छापेमारी कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों ने अपने नाम देव नगर निवासी मनोज कुमार गुप्ता, मूलरुप से फतेहपुर न्यू आजाद नगर दहेली सुजानपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद मौर्या व मूलरुप से कौशांबी व हाल पता हरजेंदर नगर निवासी विनोद कुमार प्रजापति बताए थे।

टीम ने मकान से वजन मशीन, पैकेट सील करने वाली मशीन समेत नौ बोरी नकली घी व ऑयल बरामद किया था। मामला एडीजे राम अवतार यादव की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी अरविंद डिमरी ने बताया कि आठ गवाहों ने कोर्ट ने बयान दर्ज कराए थे। सुनवाई के दौरान मनोज कुमार गुप्ता की मौत हो गई। कोर्ट ने अन्य दो आरोपियों राजेंद्र प्रसाद मौर्या व विनोद कुमार प्रजापति को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास व 1.62 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।



आईआईए भवन पनकी में सम्मान देते उद्यमी और अधिकारी। अमृत विचार


### खाद्य सामग्री में अधिक रंग न डालें उद्यमी

- **कानपुर।** होली पर खाद्य पदार्थों की शुद्धता के लिए गुरुवार को उद्यमियों के साथ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रसाशन ने आईआईए भवन में अपर जिलाधिकारी डॉ. राजेश कुमार की अध्यक्षता मंर कार्यशाला आयोजित की। इसमें अधिकारियों ने उद्यमियों से कहा कि होली में खपत होने वाले खाद्य पदार्थ जैसे कचरी, खोवा, नमकीन, वनस्पति, तेल, मिठाई में मिलावट पर खास सतर्कता बरतनी जरूरी है। कचरी व मिठाईयों में अखाद्य रंग एवं अधिक रंग के प्रयोग से बचना चाहिए। खाद्य पदार्थों के निर्माण के दौरान साफ सफाई का ध्यान रखें। कार्यशाला में सुनील वैश्य, आलोक अग्रवाल, दिनेश बरासिया, जय हेमराजानी, नवीन खन्ना, हर्षल अग्रवाल, जसवन्त सिंह, सुरेश गुरुनानी, विकान्त अग्रवाल मौजूद रहे।

# पहले जुमे पर ड्रोन से निगरानी
# सड़क पर नमाज न पढ़ी जाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू होने के बाद रमजान के पहले जुमे को देखते हुए शहर में सतर्कता बढ़ा दी गई है। शुक्रवार को ड्रोन और बॉडीवार्न कैमरे से पुलिस कर्मी निगरानी करेंगे। सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक कमिश्नरेट के सारे अधिकारी और पुलिसकर्मी सड़क पर रहेंगे। धर्मगुरुओं से बात करके खुले स्थान या सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने को कहा गया है। पहले जुमे पर पैरामिलिट्री फोर्स, पीएसी, पुलिस लाइन की फोर्स और थाने के पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाने के साथ अति संवेदनशील और संवेदनशील इलाकों के धार्मिक स्थलों के पास लगे सीसीटीवी चेक किए गए हैं।



- सड़क पर रहेंगे अफसर और पुलिस कर्मी, संवेदनशील क्षेत्रों में फोर्स करेगी मार्च

### कर्मी बॉडी वार्न कैमरे पहनकर करेंगे ड्यूटी

- डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि पुलिस कर्मी बॉडी वार्न कैमरे पहन कर ड्यूटी करेंगे। कमिश्नरेट के सभी धर्मगुरुओं से बात करके खुले स्थान या सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने को कहा गया है। धर्मगुरुओं ने धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर पर तकरीर में बताया है कि सीएए कानून नागरिकता देने के लिए है, न कि लेने के लिए। पुलिस के अनुसार अफवाह फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सोशल मीडिया पर खास नजर रखी जा रही है। सर्विलांस टीम अफवाह और भ्रामक जानकारी फैलाने पर कड़ी कार्रवाई करेगी।

**सूरत-ए-हाल** रमईपुर से कबरई तक 112 किलोमीटर लंबा तैयार होना था हाईवे, भूमि अधिग्रहण को नहीं मिल सकी मंजूरी

# जनप्रतिनिधियों की लापरवाही से अधर में समानांतर हाई-वे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रमईपुर से हमीरपुर होते हुए कबरई तक प्रस्तावित कानपुर-कबरई समानांतर हाईवे जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के की उदासीनता के कारण अधर में लटकता नजर आ रहा है। यमुना एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर बनने वाला 112 किमी लंबे हाईवे की भूमि अधिग्रहण समिति की प्राथमिक मंजूरी होने के बाद अब तक बैठक न होने भूमि अधिग्रहण को मंजूरी नहीं मिल सकी है। जिससे मध्य प्रदेश की ओर जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर हमीपुर, कबरई से बड़े पैमाने पर गिट्टी, मौरंग कानपुर, लखनऊ, सीतापुर, गोंडा, बहराइच, अयोध्या, लखीमपुर आदि जिलों को भेजी जाती है। हर दिन हजारों की संख्या में डंफर और ट्रक गिट्टी, मौरंग लेकर जाते हैं। हाईवे पर हर दिन दो लाख से अधिक वाहन गुजरते हैं। कानपुर-सागर हाईवे टू लेन होने के कारण आए दिन दुर्घटना व जाम की समस्या से लोगों को सामना करना पड़ता है। दुर्घटनाओं व जाम से निजात के लिए रमईपुर से कबरई तक 37 सौ करोड़ की लागत से 112 किलोमीटर लंबे फोरलेन समानांतर हाईवे बनाने की योजना तैयार की गई थी। भूमि अधिग्रहण के लिए चिन्हित 96 गावों में करीब 3700 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण के लिए अलाइनमेंट रिपोर्ट भी मुख्यालय को भेजी जा चुकी है। भूमि अधिग्रहण की स्वीकृति के लिए समिति की बीते चार माह पूर्व बैठक भी आयोजित की गई थी।

प्राथमिक मंजूरी मिलने के बाद दूसरी बैठक आयोजित कराई जानी थी, लेकिन एनएचएआई अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण अब तक बैठक आयोजित नहीं हो सकी। बतादें की नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर मेट्रो का निर्माण कार्य के कारण मध्य प्रदेश की ओर जाने वाले लोगों को भीषण जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है।

गिट्टी, मौरंग लदे भारी वाहनों के कारण इस टू-लेन हाईवे पर अक्सर हादसे होते रहते है। स्टीयरिंग कमेटी की आयोजित होने वाली मासिक बैठक में भी सामानांतर हाईवे निर्माण के मुद्दे को उठाया गया था, लेकिन अब तक नतीजे सिफर रहे। वहीं लोकसभा चुनाव के चलते कुछ समय में आचार संहिता लागू होने की उम्मीद है, जिसके बाद करीब दो माह के लिए योजना अधर में लटकती नजर आ रही है।



- भूमि अधिग्रहण समिति की प्राथमिक स्वीकृति के बाद मिलनी थी मंजूरी

- 112 किमी लंबा समानांतर हाईवे होगा
- 37 सौ करोड़ रुपये लागत है प्रोजेक्ट की
- 700 हेक्टेयर भूमि का होगा अधिग्रहण
- कानपुर नगर के 51 गांव
- फतेहपुर के 4 गांव
- हमीरपुर के 26 गांव
- महोबा के 15 गांव

हेलो डाक्टर
आँखो से सम्बन्धित समस्याओं के लिए करें सवाल!
आँखो से धुँधला दिखना, आँखो से पानी आना, आँखो का लाल हो जाना, आँखो में दर्द बने रहना और मोतियाबिंद जैसी समस्याओं के हल के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के नेत्र रोग विभाग की प्रोफेसर डॉ0 सुजाता गुप्ता से करें सवाल।

दिनांक 15 मार्च दिन शुक्रवार समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं: 9219805701

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## एक नजर

### टीकाकरण में लापरवाही पर पांच एएनएम को चेतावनी

**राजपुर।** पीएचसी प्रभारी ने टीकाकरण में लापरवाही मिलने पर पांच एएनएम को नोटिस जारी कर कार्य में सुधार लाने की चेतावनी दी है। राजपुर ब्लॉक क्षेत्र में कुल 25 एएनएम की तैनाती है। शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए अफसर जोर दे रहे हैं। इसके बाद भी टीकाकरण में लापरवाही हो रही है। गुरुवार को राजपुर पीएचसी प्रभारी डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने ऊमरपुर, मिरगांव, बैजामऊ, अनवा व गौहानी के उपकेंद्रों में लक्ष्य से कम टीकाकरण होने पर एएनएम को चेतावनी दी।

### प्रेमी के घर पर प्रेमिका ने किया हंगामा, खाया जहर

**सिकंदरा।** प्रेमी के दूसरी शादी करने की जानकारी पर पहुंची प्रेमिका ने घर में जमकर हंगामा काटा और जहर खा लिया। उसे जिला अस्पताल भेजा गया। सिकंदरा निवासी एक युवक का कानपुर के किदवई नगर निवासी एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के अनुसार एक वर्ष पूर्व उसने मंदिर में प्रेमी के साथ शादी रचाई थी। और दोनो अलग-अलग रहने लगे। इसी बीच प्रेमी ने चुपके से दूसरी शादी कर ली। जानकारी पर प्रेमिका ने युवक के घर पहुंच कर हंगामा किया।

# 'ब्रेकअप' होने पर किया अपहरण

**फॉलोअप**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मोतीझील के पास सरेशाम युवती के अपहरण की वारदात से मची थी सनसनी
- नजीराबाद पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार, दोस्त के घर ले जाकर बंधक बनाया था



**अमृत विचार।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में नौ मार्च को सरेशाम युवती का मोतीझील के पास अपहरण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने युवती को सर्विलांस की मदद से दो दिन बाद सकुशल बरामद कर लिया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि प्रेमिका ने मिलने से इन्कार करके रिश्ता तोड़ लिया था। इसके कारण वह पूरी तरह से बदहवास हो गया था। वहीं पीड़िता का आरोप है कि पहले प्रेमी ने उसकी पिटाई की फिर उसका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। इसके बाद उसने उसे दोस्त के घर पर ले जाकर बंधक बनाकर रखा था।

नजीराबाद क्षेत्र के जलकल कंपाउंड के पास रहने वाली मोना चौहान ने पुलिस को बताया था कि उनकी 22 वर्षीय बेटी गुमटी के एक कॉस्मेटिक्स शॉप पर काम करती थी। नौ मार्च को वह काम पर तो गई लेकिन, वापस घर नहीं लौटी। रात नौ बजे तक हर हाल में वह वापस आ जाती थी। फोन किया गया तो वह अपने आप कट जा रहा था। जिसके बाद उसके शॉप में पता किया गया तो बताया गया कि वह निकल गई थी।

इसके बाद अन्य परिजनों के साथ पूरी रात उसकी तलाश स्टेशन, बस अड्डे में की लेकिन वह नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने नजीराबाद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर सीसीटीवी खंगालने शुरू किए तो जिसमें युवती जाते दिखी, इस दौरान एक युवक उसी दिन सरेशान उसे घसीटते हुए मोबाइल तोड़ते कैद हुआ। मां ने गैर समुदाय युवक पर परेशान करने व अपहरण का गंभीर आरोप लगाया था। जिसके बाद पुलिस ने 11 मार्च को युवती को शास्त्री नगर के एक घर से बरामद कर लिया।

पूछताछ में युवती ने बताया कि उसके साथ शॉप में काम करने वाला युवक मोहम्मद नियाज एकतरफा प्यार करता था। उसकी हरकतें बढ़ने पर बातचीत बंद की, तो उसे अखरने लगा। इतना ही नहीं दूसरों से भी बातचीत पर आपत्ति करने लगा। आए दिन धमकी देता था। इस संबंध में नजीराबाद थानाध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि युवती का अपहरण करने के आरोपी मोहम्मद नियाज को गुरुवार को छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है, आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया जाएगा।

# चमनगंज में गर्लफ्रेंड के चक्कर में चली थी गोली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चमनगंज थानाक्षेत्र में बुधवार रात दो पक्षों के बीच विवाद के बाद फायरिंग गर्लफ्रेंड के चक्कर में हुई थी। तरावीह के समय अति संवेदनशील इलाके में गोली चलने से हड़कंप मच गया था। पुलिस ने रात भर सीसीटीवी खंगाले तो फुटेज से आरोपी कैद हो गए। इसके बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। फायरिंग के समय वहां मौजूद अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि युवती से फोन पर बात करने को लेकर दो युवकों में विवाद हुआ था। इसके बाद मोहम्मद अली पार्क के पास दोनों पक्ष एक दूसरे से मिलने पहुंचे और वहां गालीगलौज, विवाद में फायरिंग की गई थी।

मोहम्मद अली पार्क के पास बुधवार लोग मस्जिदों की ओर तरावीह पढ़ने जा रहे थे। इसी दौरान पार्क के पास से फायरिंग की आवाज आई और अफरातफरी मच गई। चमनगंज पुलिस एसीपी सीसामऊ श्वेता कुमार के साथ सर्किल का फोर्स मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मौके से फायर किए हुए खाली खोखे बरामद किए।

### इन धाराओं में दर्ज किया गया मामला

डीसीपी सेंट्रल ने बताया कर्नलगंज के रहने वाले आातिफ और चमनगंज के रहने वाले सासा राहिनी नाम के युवक किसी एक ही लड़की से बात करते थे। दोनों में कुछ दिन पहले ही फोन पर कहासुनी हुई थी। इसके बाद बातचीत के दौरान दोनों पक्ष ने मामले को सुलझाने के लिए मोहम्मद अली पार्क में बुधवार 13 मार्च को मिलने पहुंचे, लेकिन वहां विवाद बढ़ गया। दोनों पक्षों में मारपीट और फायरिंग हुई। इस मामले में आरोपियों पर हत्या के प्रयास, बलवा, धमकी, सेवन सीएलए, आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच की रही है।



चमनगंज में हुए गोली कांड के आरोपी। अमृत विचार

### ऑपरेशन त्रिनेत्र के कैमरों में कैद हुए आरोपी

पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगे कैमरों की जांच शुरू की तो सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों के चेहरे सामने आ गए। डीसीपी सेंट्रल आरके गौतम ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 14 घंटे के भीतर फायरिंग करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपियों में चमनगंज निवासी ओसामा सईदाबाद है, जिसके पिता सऊदी अरब में कपड़े सिलाई का काम करते हैं। वह दसवीं का छात्र है। दूसरे का नाम घोसियाना निवासी मुन्ना पीरी है जो दूध का व्यापार करता है। तीसरे का नाम फरहान जमील है। वह निजी कंपनी में सेल्समैन है। आरोपी ओसामा ने बताया कि उसके दोस्त सासा राइनी और आतिफ के बीच गर्लफ्रेंड को लेकर विवाद चल रहा था। युवती दोनों को तारीख दे रही थी। इसकी जानकारी मिलने पर वह अपने दोस्त के साथ आया था। मोहम्मद अली पार्क में बात होनी थी। जहां दोनों पक्ष पहुंचे थे, लेकिन बातचीत में विवाद बढ़ा और एक दूसरे पर पथराव, फायरिंग कर दी। आरोपियों के पास से दो तमंचा 315 बोर, दो कारतूस बरामद हुए। अभी कुछ आरोपी फरार हैं।

# 672 स्थलों पर होलिका दहन की व्यवस्था करेगा नगर निगम

## सड़कों की सुरक्षा के लिए ईंट, मिट्टी एवं बालू डालने के निर्देश, चूना का छिड़काव होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



नगर निगम समिति कक्ष में बैठक करतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

- महापौर ने मस्जिदों व तरावीह स्थलों के आसपास भी सफाई करने को निर्देशित किया
- महापौर योद्धा के 100 कर्मचारी 25-25 के समूह में जरूरत पड़ने पर करेंगे काम

**अमृत विचार।** नगर निगम शहर में 672 स्थानों पर होलिका दहन के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं करेगा। होलिका दहन से सड़क को बचाने के लिए ईंट, मिट्टी एवं बालू डालेगा और जिस दिन होली जलेगी स्थलों पर चूना का छिड़काव भी करेगा। गुरुवार को महापौर ने होली एवं रमजान पर सफाई व्यवस्था के सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग की बैठक कर अधिकारियों को इसके लिए निर्देशित किया। उन्होंने मस्जिदों व तरावीह स्थलों के आसपास भी सफाई करने के लिए कहा।

बैठक में महापौर होलिका दहन स्थलों के सम्बन्ध में जानकारी मांगी तो जोनल स्वच्छता अधिकारियों ने बताया कि जोन- 1 में 119, जोन-2 में 125, जोन- 3 में 94, जोन-4 में 90, जोन-5 में 129 और जोन-6 में 115 स्थानों पर होलिका दहन होगा। महापौर ने कहा कि जोनल स्वच्छता अधिकारी होलिका दहन स्थल पर सड़क सुरक्षा हेतु ईंट, मिट्टी एवं बालू की व्यवस्था देखें, चूना छिड़काव कराएं।

इसके साथ ही रमजान में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष रूप से साफ सफाई करायें एवं शुक्रवार को मस्जिदों के आसपास चूना छिड़काव करें। महापौर ने महापौर योद्धा में शामिल सफाई कर्मचारियों की 25-25 की टीम बनाकर जिन बीटों में कर्मचारी न हो उन स्थानों पर तैनाती करने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय शंखवार, डॉ. अमित सिंह, जेडएसओ मनोज पाल, सुशील कुमार गुप्ता, आशीष वाजपेई, मो. फहीम, अरविन्द यादव, विजय शंकर शुक्ला, प्रभारी रबिश रफजुल रहमान उपस्थित रहे।



नगर निगम कर्मचारियों ने गुरुवार को काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन। अमृत विचार

# काली पट्टी बांधकर किया काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौ सूत्रीय मांगों को लेकर नगर निगम कर्मचारी संगठन ने किया विरोध प्रदर्शन

**अमृत विचार।** नगर निगम के सेवानिवृत्त व कार्यरत संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने देयकों का भुगतान, मेडिकल चिकित्सा समेत नौ सूत्रीय मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर काम किया। इसमें सफाई कर्मचारी, चालक, स्विचमैन, लिपिक एवं अन्य कर्मचारी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुये। उन्होंने कहा कि यदि मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो 18 मार्च से संगठन के नेतृत्व में मुख्यालय एवं समस्त जोनों पर धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी कानपुर नगर निगम प्रशासन की होगी।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार और प्रदेश महामंत्री अखिलेश सिंह ने बताया कि निकाय निदेशक की ओर से इक्कानवे करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि कर्मचारियों के देयकों के भुगतान दी गई। लेकिन नगर निगम प्रशासन ने उक्त आदेश पर विचार ही नही किया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के परिश्रम को देखते हुए मेडिकल चिकित्सा प्रतिपूर्ति एवं एसीपी का भुगतान किया जाना अति आवश्यक है जो नहीं किया जा रहा है। वर्ष 2013 के बाद नियुक्त कर्मचारियों की बीमा कटौती बन्द है जिसका निस्तारण नहीं कराया जा रहा है। फरवरी 2024 में सेवानिवृत्त हुए कुल 11 कर्मचारियों में 7 सफाई कर्मचारी, एक चपरासी, एक कर निरीक्षक, एक वरिष्ठ लिपिक और एक कम्प्यूटर ऑपरेटर में मात्र एक कर्मचारी का स्वागत समारोह कानपुर नगर में हुआ जबकि अन्य 10 कर्मचारियों को सम्मानित नहीं किया गया इस प्रकार के भेदभाव किन परिस्थितियों में किये गये। उन्होंने कहा कि लम्बित समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर संगठन आगे भी प्रदर्शन करेगा।

### जानलेवा हमला करने में चार आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में युवक पर जानलेवा हमले के मामले में चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत लगाए गए कैमरे से चारों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। नजीराबाद पुलिस ने घायल युवक ने थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था।

नजीराबाद थानाध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में प्रियान्शु सक्सेना निवासी शास्त्री नगर, हनी उर्फ अयांश दीक्षित निवासी विजय नगर, नौरोज अग्निहोत्री निवासी विजय नगर, रिषभ रावत निवासी रंजीत नगर को गिरफ्तार किया है। बताया कि त्रिनेत्र अभियान के तहत लगाए गए कैमरों में घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों की फुटेज को पीड़ित को दिखाकर अपराधियों को चिन्हित किया गया। इसके बाद कैमरों की मदद से ट्रैक करते हुए पहचान कर मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया।

# चोरी की चेक से 50 लाख हड़पने का प्रयास, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्वरूप नगर थानाक्षेत्र की घटना, पुलिस कर रही पूरे मामले की जांच

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में चोरी करके बैंक में लगाई गई चेक से 50 लाख रुपये हड़पने का प्रयास किया गया। जिसके बाद पीड़ित ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

स्वरूपनगर निवासिनी मेनका जोशी ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2022 में उनका एग्रीमेंट किदवई नगर निवासी महेंद्र कुमार श्रीवास्तव से हुआ था। जिसमें मध्यस्थता छत्तीसगढ़ निवासी राकेश सिंह ने की थी। एग्रीमेंट के अनुसार एक करोड़ रुपये महेंद्र को दिए थे। जिस पर प्रतिमाह उन्हें 1.25 प्रतिशत ब्याज मिलना था। इसके साथ ही व्यापार में मुनाफा देने की भी बात हुई थी। गारंटी के तौर पर महेंद्र ने 25-25 लाख रुपये की चार चेक उन्हें दीं थीं। शर्त के अनुसार महेंद्र ने दो बार में 50 लाख रुपये उन्हें वापस कर दिए। इस बीच महेंद्र की चेक उनसे खो गईं। जिसपर उन्होंने गारंटी के तौर पर चार चेकें बिना हस्ताक्षर की देने पर सहमति बनी।

21 दिसंबर 2023 को महेंद्र बेटे रिषभ के साथ मेनका के घर पहुंचे। आरोप है कि रुपये मांगने पर महेंद्र व उसके बेटे ने मारपीट की। इसी बची महेंद्र ने चेकें उनके घर से चोरी कर लीं और एक फरवरी व सात फरवरी 2024 को भुगताने के लिये खाते में लगा दिया।

# चार लोगों ने जिंदगी से तोड़ लिया नाता

- अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई घटनाएं, कोहराम मचा
- परिजन नहीं बता सके घटना के पीछे का कारण
- आत्महत्या करने वालों में एक युवती भी शामिल

कानपुर। शहर के अलग-अलग तीन थानाक्षेत्रों में युवती समेत चार लोगों ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने फंदे से लटकते शव को देखा तो परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक ने मामले की जांच शुरू की। लेकिन परिजन घटना के पीछे के कारण नहीं बता सकें। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### शराब पीने के बाद मौत को गले लगाया

**केस 01** बर्रा थानाक्षेत्र के कर्रही गांव में मजदूरी करने वाले 35 वर्षीय मुकेश राजपूत ने फांसी लगाकर जान दे दी। भाई ओमप्रकाश ने बताया कि बुधवार रात उसने पहले शराब पी इसके बाद दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। मां रामदुलारी ने बताया कि उन लोगों को लगा कि वह सोने गया है, इसके बाद घटना को अंजाम दे दिया। गुरुवार सुबह दरवाजा न खुलने पर घटना की जानकारी दी। घटना के बाद पत्नी गीता, बच्चे अर्पिता व प्रांजुल का रो-रोकर बुरा हाल है।

### अवसाद में युवक ने की आत्महत्या

**केस 02** ग्वालटोली थानाक्षेत्र में खलासी लाइन निवासी 24 वर्षीय शिवजीत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बड़ी बहन रेनू और छोटे भाई गौरव में वह दूसरे नंबर का था। पेंटिंग का काम करते परिवार का पालन पोषण करता था। भाई का आरोप है कि वह लोग अपने पुश्तैनी मकान में रह रहे हैं। आरोप है कि चाचा ने उसे लाखों में किसी को बेच दिया। बीमार पिता राजकिशोर की हालत और भविष्य की चिंता के कारण वह अवसाद में चला गया।

### युवती ने फंदा लगाकर दे दी जान

**केस 03** छावनी थानाक्षेत्र के पुराना गंगापुल प्रार्थना घाट के पास रहने वाले मोहम्मद शकील की 18 वर्षीय पुत्री रूबी अंसारी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। परिजनों ने बताया कि रात में परिवार के साथ खाना खाकर सो गई। इसके बाद देर रात दूसरे कमरे में जाकर सुसाइड कर लिया। सुबह जब काफी देर तक वह नहीं उठी तो परिजनों ने उसे ढूंढा। जहां अंदर से कमरे का दरवाजा बंद था। जिसके बाद दरवाजा तोड़ा गया।

### युवक ने दुपट्टे से घर में लगाई फांसी

**केस 04** बर्रा थानाक्षेत्र के विश्व बैंक बर्रा निवासी 36 वर्षीय आशीष सैनी ने दुपट्टे से फांसी जान दे दी। परिजनों ने बताया कि बुधवार रात वह खाना खाकर कमरे में सोने चले गए। इसके बाद उन्होंने जान दे दी। गुरुवार सुबह जब काफी देर तक वह नीचे नहीं उतर कर आए तो वह लोग देखने गए। जहां दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़ने पर उनका फांसी के फंदे पर लटक रहा था। पत्नी ज्योति, बच्चे अनन्या, शिवन्या, लाडो और मां ऊषा का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सात साल का बच्चा हुआ लापता

**कानपुर।** गुजैनी निवासी सात वर्षीय बच्चा गुरुवार को संदिग्ध हालत में लापता हो गया। परिजनों ने आसपास तलाश शुरु की, न मिलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। गुजैनी पुलिस ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाए गए सीसीटीवी कैमरों के सहारे बच्चे को चार घंटे में खोज कर परिजनों को सौंपा

गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि रविदासपुरम बस्ती निवासी रजनीश राजपूत फैक्ट्री में काम करते है। गुरुवार दोपहर रजनीश ने डॉयल 112 पर सूचना दी कि उनका सात वर्षीय बच्चा अंश लापता हो गया है।

पुलिस की एक टीम बनाकर सर्च अभियान शुरु कराया गया। इस दौरान करीब 40 कैमरों को खंगालते हुए पुलिस गोविंद नगर थाना क्षेत्र के दबौली पहुंची तो अंश आइसक्रीम के ठेले के पास खड़ा मिला। पूछताछ में उसने बताया कि वह रास्ता भटक गया था।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**लूटी वाहवाही** क्लब एंजल्स के फैशन शो में रैंप पर उतरे नन्हे सितारे, तालियां बजाकर लोगों ने बढ़ाया उत्साह

# दृष्टिहीन बालिकाओं ने रैंप पर बिखेरा हुनर का जलवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्रीसाईं बाबा स्पेशल एजुकेशन सेंटर की दृष्टिहीन बालिकाओं ने गुरुवार को अपने आत्मविश्वास का जबरदस्त प्रदर्शन किया। बालिकाएं क्लब एंजल्स की ओर से आयोजित फैशन शो में जब रैंप पर उतरीं तो तालियां गूंज उठीं। किदवईनगर के एक पैलेस में आयोजित हुए इस फैशन शो में श्रीसाईं बाबा स्पेशल एजुकेशन सेंटर की बालिकाएं बगैर किसी संकोच और जोश से भरपूर होकर रैंप पर आईं तो लोगों ने उनकी हौसला अफजाई में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस फैशन शो की जिम्मदारी एंजल्स क्लब ने उठाई। क्लब की सदस्याओं ने बालिकाओं को हारमोनियम, खाने का सामान, स्टेशनरी, टिफिन, बॉक्स, पानी की बोतल, पेंसिल बॉक्स, फैशन हैट्स, क्राउन और अन्य सामान भी दिए। मौजूद बच्चों व शिक्षकों के लिए लंच की व्यवस्था भी की। इस मौके पर सपना पैलेस की स्वामिनी सपना जयसवाल, क्लब की अध्यक्ष कंचन गुप्ता, चांदनी अरोड़ा, रॉबी अरोड़ा, आशिता ठकराल, पारुल सिन्हा, निशप्रीत सलूजा, रश्मि जैन, नीतू शुक्ला, प्रियंका गुप्ता, मोनिका जैन, लता यादव, हरलीन कौर, मनीषा गुप्ता, प्रेरणा अग्रवाल, शिविका जैन, डॉ. श्वेता बंसल मौजूद रहीं।



पुरस्कृत की गईं बच्चियों के साथ समिति की पदाधिकारी। अमृत विचार

### दो किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार हुआ

**कानपुर।** चकेरी पुलिस ने दो किलो गांजे के साथ आरोपी तस्कर को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि बुधवार देर रात को सूचना के आधार पर पुलिस ने चकेरी एयरपोर्ट मोड़ के पास से एक युवक को पकड़ा। उसके पास एक झोला था। जिसकी तलाशी लेने पर उसमें करीब दो किलो गांजा मिला। पूछताछ में आरोपित ने अपना ना अहिरवां राजा मार्केट निवासी राहुल पासवान बताया। आरोपी ने बताया कि वह शहर समेत आस पास के जिलों में गांजा की तस्करी करता है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी पहले भी एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुका है।

# घंटाघर से बाबूपुरवा तक एलिवेटेड रोड बने तो कारोबार नई ऊंचाई चढ़े

जनता का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


कलक्टरगंज में अमृत विचार के जनता का मुद्दा कार्यक्रम में संवाद करते कारोबारी। अमृत विचार

- कलक्टरगंज के कारोबारियों ने कहा कि यातायात जाम से व्यापार-धंधा हो रहा बुरी तर चौपट
- ऑनलाइन और रिटेल से भी बेचते हैं सस्ता माल फिर भी 60 फीसदी ग्राहक रहते गायब

**अमृत विचार।** थोक कारोबारी बाजारों में लगने वाले जाम को व्यापार में सबसे बड़ी बाधा मानते हैं। शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था और जाम की वजह से उनका कहना है कि 60 फीसदी कारोबार खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। इस समस्या के समाधान के साथ घंटाघर से बाबूपुरवा तक एलिवेटेड रोड बनाई जानी चाहिए। सरकार से मंडी शुल्क में संशोधन की मांग करते हुए कारोबारियों ने कहा कि कृषि कानून को राज्यवार लागू कर मंडी शुल्क 0.25 किया जाना चाहिए।

कलक्टरगंज बाजार में गुरुवार को अमृत विचार के साथ संवाद में थोक कारोबारियो ने मुखर होकर अपने मुद्दे रखे। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्रा, ब्रजेन्द्र नाथ, अनिल कुमार गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, रुद्र कुमार, पवन गुप्ता, हर्ष कुमार गुप्ता, संजय गुप्ता, हरीश चंद्र जायसवाल, प्रकाश गुप्ता व सत्य प्रकाश गुप्ता ने कहा कि कलक्टरगंज थोक मंडी में शहर का सबसे सस्ता धंधा होता है। लेकिन जाम और अव्यवस्थित यातायात से आज यह बाजार पतन की ओर जा रहा है। कलक्टरगंज के साथ नयागंज, मूलगंज, जनरलगंज, बिरहाना रोड बाजारें भी जाम से कराह रही हैं। हालात यह है कि शहर के दक्षिण इलाके से नजदीक होने के बाद भी वहां का कारोबारी यहां आना पसंद नहीं करता है। यदि घंटाघर से बाबूपुरवा चौराहे तक एलिवेटेड रोड बना दिया जाए तो उससे टाटमिल से घंटाघर तक लगने वाले जाम से छुटकारा मिल सकेगा। शहर के दक्षिण इलाके का ग्राहक और कारोबारी आसानी से थोक मंडियों तक पहुंच सकेगा। इससे ग्राहक, बाहर से आने वाले कारोबारी और बाजार में बैठे कारोबारी तीनों को ही लाभ होगा।

**हटना चाहिए झकरकटी बस अड्डा:** कारोबारियों ने कहा कि झकरकटी बस अड्डा और उससे टाटमिल चौराहा पर लगने वाले जाम से सबसे ज्यादा थोक बाजारें प्रभावित है। झकरकटी बस अड्डे को मौजूदा जगह से हटाकर कहीं दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जाना चाहिए।

### 'बैरियर' लगाए जाने की भी करें समीक्षा

- जाम से परेशान कारोबारियों ने हाल ही में बाजारों में बंद किए गए डिवाइडर पर भी अपनी आवाज बुलंद की। कारोबारी पवन गुप्ता, आनंद कुमार, नवनीत गुप्ता, मनोज गुप्ता, मनोज गुप्ता, प्रेमचंद्र गुप्ता 'बउआ', सतीश चंद्र गुप्ता ने कहा कि बाजार के जाम को दुरुस्त और बेहतर यातायात के लिए प्रशासन की ओर से हाल ही में डिवाडर के कट पर 'बैरियर' लगाए गए हैं। यह बैरियर घंटाघर चौराहे पर भी लगाए गए हैं। इनसे थोड़ा सुधार तो हुआ है लेकिन कई जगह पर गलत बैरियर लगे हुए हैं। इससे जहां बैरियर लगाए गए हैं वहां पर तो स्थिति बेहतर हुई है। इसके उलट अब कट बंद होने वाले स्थान के बजाए थोड़ा आगे जाकर जाम लगने लगा है। इससे कारोबारियों को एक नई तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### राज्यवार लागू किया जाए कृषि कानून

- कारोबारियों ने कहा कि पूरे देश में एक साथ कृषि कानून को लागू किए जाने के बजाए राज्यवार इस कानून को लागू किया जाए। कृषि कानून में कुछ संशोधन भी होना चाहिए। मंडी शुल्क को 0.25 कर थोक कारोबारियों को राहत पहुंचाना चाहिए। व्यापार पर अतिरिक्त मंडी टैक्स व वहां पर होने वाले खर्च की कमी से मिलने वाली सहूलियत से व्यापार बढ़ेगा और सरकार के टैक्स में भी इजाफा होगा।

### ऑनलाइन कारोबार पर बनाए जाएं नए नियम

- कारोबारी सौरभ गुप्ता, मनीष गुप्ता व निखिल गुप्ता ने बताया कि ऑनलाइन कारोबार को लेकर सरकार को नियम बनाने चाहिए। यदि सरकार ऑनलाइन कारोबार पर नकेल नहीं कस पा रही है तो आम व थोक कारोबारियों के लिए भी नियम में छूट देने का काम करना चाहिए।

### सड़क टूटी, सफाई नहीं होती

- कारोबारियों ने यह भी बताया कि कलक्टरगंज बाजार में सफाई और सड़क तक नहीं है। इससे व्यापारियों को भारी परेशानी होती है। बरसात में बाजार में स्थिति और भी खराब होती है। बाजार में नालियों की व्यवस्था भी नहीं है। यदि चूहों के बिल न हो तो बरसात का पानी बाजार से बाहर न जा सके।

### अटल से लेकर मोदी तक ने लिया कलक्टरगंज का नाम

- कारोबारियो ने बताया कि इस बाजार की ख्याति ऐसी है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई से लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक अपने संबोधन में 'कलक्टरगंज' का जिक्र कर चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने कहा था कि झाड़े रहो कलक्टरगंज। यह बात आज भी लोग कहते हैं। वहीं फूलबाग रैली व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निराला नगर रैली के दौरान बाजार का नाम लिया था।

## एक नजर

### मीडिया कार्यशाला में आज शामिल होंगे प्रेम शुक्ला

**कानपुर।** भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की मीडिया कार्यशाला शुक्रवार को क्षेत्रीय मुख्यालय में होगी। छह सत्रों में चलने वाली कार्यशाला की शुरुआत भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे, प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला एवं प्रदेश प्रवक्ता संजय चौधरी की ओर से होगा। सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि कार्यशाला का उद्घाटन सत्र सुबह 11:30 बजे होगा।


प्रेम शुक्ला।

### डेढ़ दर्जन मोहल्लों में तीन दिन रहेगा पानी का संकट

**कानपुर।** शुक्रवार से दक्षिण क्षेत्र के डेढ़ दर्जन मौहल्लों में तीन दिन पानी का संकट रहेगा। 28.5 एमएलडी गुजैनी प्लान्ट की 1100 एमएम व्यास की पेयजल पाइप लाइन में गुजैनी मॉडल रोड पर व बर्रा बाईपास चौराहे पर शुलम शौचालय के सामने मुख्य फीडर लाइन में लीकेज मरम्मत का कार्य के चलते सप्लाई बाधित रहेगी। जिसके चलते गुजैनी जलकल से 17 मार्च तक जलापूर्ति बाधित रहेगी। जोन-5 जलकल अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि बर्रा-1 से 7, रतनलालनगर, दबौली, गुजैनी, उस्मानपुर, साकेतनगर, भूत बगंला बर्रा-2 आदि क्षेत्रों की जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

# अकबरपुर में बसपा ने ब्राह्मण को उतार मुकाबला त्रिकोणीय बनाया

## देवेंद्र सिंह भोले और राजाराम पाल के मुकाबले राजेश द्विवेदी को दिया गया टिकट

विशेष संवाददाता, कानपुर


राजेश द्विवेदी।

- यहां बसपा के दो बार सांसद निर्वाचित हुए हैं, पहले भी बसपा इस क्षेत्र से एक बार ब्राह्मण कार्ड खेल चुकी है

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से राजेश द्विवेदी को प्रत्याशी घोषित किया है। इस क्षेत्र में भाजपा ने सांसद देवेंद्र सिंह भोले को तीसरी बार टिकट दिया है, जबकि सपा और कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी के रूप में पूर्व सांसद राजाराम पाल पर समाजवादी पार्टी ने दांव खेला है। इस प्रकार बसपा ने ठाकुर, पिछड़ा के मुकाबले ब्राह्मण प्रत्याशी उतारकर अकबरपुर में चुनाव को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया है। यहां से बसपा के दो बार सांसद निर्वाचित हुए हैं। पहले बसपा इस क्षेत्र से एक बार ब्राह्मण कार्ड खेल चुकी है जिसमें उसे लाभ हुआ था। अबकी बार फिर उसने यही कार्ड आजमाया है। राजेश द्विवेदी बसपा से पहले भाजपा में थे। कानपुर की करवट में बसे अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र का चुनाव जातियों की गणित पर होता आया है। यहां लगभग साढ़े 18 लाख वोटर हैं। बिठूर, कल्याणपुर, महाराजपुर, रनियां-अकबरपुर और घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इन पांचों सीटों पर भाजपा के विधायक हैं।

बसपा का ब्राह्मण प्रत्याशी त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा सांसद को रोकने के लिए उतारा गया है। भाजपा ने यह सीट 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर में पौने तीन लाख वोटों से जीती थी। तब बसपा प्रत्याशी निशा सचान नंबर दो पर थीं। 2014 के मुकाबले 2019 में भोले ने इस पर इजाफा किया था। इस सीट पर सामान्य मतदाताओं की संख्या साढ़े पांच लाख से ज्यादा है। जबकि ओबीसी पौने सात लाख के करीब और दलित मतदाताओं की संख्या साढ़े चार लाख से ज्यादा हैं। मुसलमान की संख्या डेढ़ लाख बतायी जाती है।

बसपा प्रत्याशी राजेश द्विवेदी ने बताया कि उन्हें प्रत्याशिता का पत्र यानी सिम्बल दिया जा चुका है। वह तैयारी में जुटे हैं।


विनायकपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सांसद देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

### मोदी के नेतृत्व में हो रहा चौतरफा विकास

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में गुरुवार को अकबरपुर के सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने गुरुओं के साथ बैठक की। भोले ने कहा आज देश मोदी के नेतृत्व में चौतरफा विकास कर रहा है। गुरुओं को आने वाली पीढ़ी को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों की पूंजी देकर देश को विश्व में अग्रणी भूमिका में लाने वाली महत्वपूर्ण कड़ी बताया।

बैठक में सांसद देवेंद्र सिंह भोले को भारी मतों से जिताने का वादा शिक्षकों ने किया। सांसद ने शिक्षकों से पीएम मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के साथ ही भाजपा को चार सौ से अधिक सीटें दिलाने का आह्वान किया। इस दौरान कुलपति विनय पाठक, डॉ. राजेश द्विवेदी, प्रोफेसर सुधांशु पांडया, नीरज सिंह, अनिल यादव, अंशु यादव, वर्षा गुप्ता, अपर्णा कटियार, भाजपा नेता अंशु ठाकुर मीडिया प्रभारी अशोक सिंह दद्दा व विश्वविद्यालय कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे। इससे पूर्व सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने विनायकपुर समेत विभिन्न मोहल्लों में कार्यकर्ताओं और मतदाताओं से मुलाकात की।


भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ कार्याशाला में हुआ सम्मान। अमृत विचार

# राष्ट्र निर्माण के लिए शिष्यों को बनाएं समर्पित और क्षमतावान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ उत्तर का बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में शिक्षक सम्मेलन

**अमृत विचार।** भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ उत्तर की ओर से गुरुवार बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में शिक्षक सम्मेलन आयोजित किया गया। अध्यक्ष दीप कुमार पांडे अध्यक्षता में राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका विषय पर चर्चा हुई। प्रदेशीय उपाध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ व एमएलसी उमेश द्विवेदी ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण के लिये संस्कृति एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक तैयार करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि गुरु रामदास, महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ की तरह राष्ट्र को नई दिशा प्रदान करें।

विधायक नीलिमा कटियार ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण हेतु अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। सम्मेलन में पूर्व शिक्षक विधायक प्रत्याशी वेणुरंजन भदोरिया ने सम्मेलन में गुरुजनों का स्वागत कर राष्ट्र निर्माण के लिये प्रेरणा देते हुए गुरुजनों से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि सीएम योगी और पीएम मोदी समाज एवं राष्ट्र को जगतगुरू के आसन पर बिठाने के लिए कार्य कर रहे हैं। भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ जिला संयोजक परमानंद शुक्ला ने शिक्षकों का अभिनंदन किया। डॉ. वीके ओमर, डॉ. एसके पॉलीवाल, बृज मोहन सिंह, डॉ. गिरीश मिश्र, मंजू शुक्ला, मनप्रीत सिंह, अभिनव तिवारी, राघव तिवारी, अखिलेश शुक्ला, राम बहादुर पाल, विवेक अवस्थी, नवीन सचान, अंकुर शर्मा, रोचक रोहतगी, प्रमोद सिंह, शैलेन्द्र द्विवेदी, सुनील पांडे, अमन शुक्ला, राधावल्लभ समेत प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षक, विधानसभा संयोजक, मंडल संयोजक उपस्थित रहे।

# सपा-कांग्रेस की 50 सदस्यीय होगी समन्वय समिति

**कानपुर।** कांग्रेस से गठबंधन में समाजवादी पार्टी ने समन्वय समितियों के गठन पर काम शुरू कर दिया है। कानपुर लोकसभा क्षेत्र में समिति गठन पर सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद सक्रिय हैं। सपा और कांग्रेस की समन्वय समिति में 50 लोगों को शामिल किए जाने का निर्णय लिया गया है। फजल के अनुसार उन्होंने शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशादआलम मंसूरी से नामों की सूची मांगी है। समन्वय समिति में दोनों दलों के 25-25 सदस्य होंगे। कमान समाजवादी पार्टी और कांग्रेस अध्यक्ष के हाथ में होगी। कानपुर सीट फतह करने के लिए बूथ स्तर तक पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया गया है।

समन्वय समितियां चुनाव के दौरान आने वाले मतभेदों को दूर करते हुए प्रचार की रणनीति पर काम करेंगी। गठबंधन के घटक आम आदमी पार्टी, माकपा, भाकपा के भी लोगों को समिति में समायोजित किया जाएगा। सपा-कांग्रेस के गठबंधन ने 2017 के विधानसभा चुनाव में हार से कई सबक लिए हैं। सपा की तरह कांग्रेस भी चुनाव के दौरान गठबंधन को जमीनी स्तर तक ले जाने के काम में जुटी है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने कहा कि सपा और कांग्रेस की दो कामयाब बैठकें हो चुकी हैं। दोनों ही पार्टी के लोगों में उत्साह है।

# श्रमशक्ति से दिल्ली जा रहे किसान प्रदर्शनकारी उतारे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- किसानों के धरने में शामिल होने झंडे लेकर जा रहे थे
- सेंट्रल के प्लेटफार्म एक पर आधी रात में मचा हड़कंप

**अमृत विचार।** दिल्ली में किसानों के धरने में शामिल होने जा रहे शहर के 100 से अधिक प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने पकड़ लिया। सेंट्रल के प्लेटफार्म एक से रवाना होने वाले श्रमशक्ति एक्सप्रेस में सभी किसान सवार थे। एलआईयू की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को नीचे उतारा। इधर सेंट्रल पर कई थानों का पुलिस फोर्स और जीआरपी को देखकर यात्रियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। वहीं काफी देर चली बातचीत के बाद पुलिस ने सभी को जाने दिया।

बता दें सेंट्रल के प्लेटफार्म एक से रात पौने बारह बजे श्रमशक्ति एक्सप्रेस दिल्ली के लिए रवाना होती है। ट्रेन छूटने से पहले करीब 100 प्रदर्शनकारी उसमें सवार हो गए। इधर एलआईयू की सूचना पर कई थानों का पुलिस सेंट्रल पहुंचा और जीआरपी से संपर्क कर मामले की जानकारी दी। सूचना पर सक्रिय हुई जीआरपी ने ट्रेन में प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे किसानों को तलाश कर उनसे बातचीत की। जीआरपी के अनुसार पुलिस और किसानों में काफी देर बातचीत चली।

# काशी व मुंबई को होली स्पेशल ट्रेन

**कानपुर।** काशी और मुंबई का सफर होली पर आसान होगा। रेलवे ने त्योहार पर भीड़ को देखते हुए होली स्पेशल ट्रेन के संचालन का फैसला लिया है। मुंबई सेंट्रल और बनारस एक्सप्रेस ट्रेन के फेरे 20 व 22 मार्च को लगेंगे। जिससे त्योहार पर घर आने वाले परदेशियों को आसानी होगी।

ट्रेन नंबर 09183 मुंबई सेंट्रल से बनारस के लिए होली स्पेशल ट्रेन 20 मार्च बुधवार को मुंबई सेंट्रल से 22.50 बजे निकलेगी। जो बोरीवली, पालघर, वापी, बलसाड, सूरत, वड़ोदरा से होकर कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी के रास्ते होते हुए गुरुवार को सेंट्रल स्टेशन पर 02.25 बजे पहुंचेगी। यहां ठहराव के बाद लखनऊ, रायबरेली, अमेठी के रास्ते बनारस पहुंचेगी।

# भाजपा को याद आए 22 प्रकोष्ठ

विशेष संवाददाता, कानपुर

- रस्मअदायगी रही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ की बैठक
- 17 जिलों के प्रकोष्ठ में पहुंचीं कुल आधा दर्जन ही महिलाएं

**अमृत विचार।** भाजपा के कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के मरणासन्न प्रकोष्ठों में जुंबिश लाने की कोशिशें जारी हो गयी हैं। गुरुवार को क्षेत्रीय कार्यालय नौबस्ता में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ की बैठक में 17 जिलों से आयीं महिला पदाधिकारियों को तीन तलाक व अन्य मुद्दों पर मुस्लिम महिलाओं से संपर्क को कहा गया। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन ने कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में 22 क्षेत्रीय प्रकोष्ठों का गठन किया था। इनमें से 13 प्रकोष्ठों की कमान कानपुर के भाजपा नेताओं को सौंपी गयी थी।

ज्यादातर जिलों में प्रकोष्ठों की इकाई गठित नहीं की जा सकीं। प्रकोष्ठों में कानपुर एवं विधि प्रकोष्ठ कैलाश शुक्ला, आलोक पांडे सह संयोजक, व्यावसायिक प्रकोष्ठ अतुल मिश्रा, राजेंद्र वाजपेयी सह संयोजक, आर्थिक प्रकोष्ठ में उपेंद्र सिंह संयोजक, निर्मल त्रिपाठी और सिमरनजीत सिंह सह संयोजक बनाए गए। पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ में महेश मिश्रा संयोजक, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ हेमंत पांडे संयोजक, मछुआरा प्रकोष्ठ गीता निषाद संयोजक, (सभी कानपुर से), पंचायत प्रकोष्ठ रविशंकर दीक्षित, एनजीओ प्रकोष्ठ मनीषा वाजपेयी, वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ रामदेव शुक्ला, लघु उद्योग प्रकोष्ठ में सुनील गुप्ता, प्रवासी श्रमिक संपर्क प्रकोष्ठ भूपेंद्र त्रिपाठी, रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ प्रेमनाथ वाजपेयी, श्रम प्रकोष्ठ में अनिल त्रिपाठी संयोजक बनाया गया था। ये अभी भी पदों पर हैं। प्रबुद्ध प्रकोष्ठ सुरेंद्र सोमानी, चिकित्सा प्रकोष्ठ में डा. अनुराग मल्होत्रा, सहकारिता प्रकोष्ठ अजय प्रताप सिंह, शिक्षक प्रकोष्ठ शैलेंद्र द्विवेदी, व्यापार प्रकोष्ठ विनोद गुप्ता, शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ में मनोज भदौरिया, दिव्यांग प्रकोष्ठ में डॉ अनुपम जैन संयोजक हैं।

प्रकोष्ठों की निष्क्रियता पर एक महिला नेता ने कहा कि चुनाव करीब आए तो याद आए प्रकोष्ठ। क्षेत्रीय कार्यालय में हुई बैठक को क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने संबोधित किया। अनीता गुप्ता, प्रकोष्ठ की क्षेत्रीय संयोजक अनीता दीक्षित, बीना सिंह चौहान, अभिज्ञा सिंह, गीता ओमर, मंजू त्रिपाठी, मालिनी रहीं।

## सार-संक्षेप

### 63 लाख से बनेंगी वार्ड 25 में सड़कें और नाली

**कानपुर।** गोविंदनगर विधानसभा के वार्ड 25 नवीन नगर में 63.41 लाख रुपये से चार सड़कें और नालियां बनेंगी। गुरुवार को विधायक सुरेंद्र मैथानी व पार्षद नीरज कुरील ने कार्यों का शिलान्यास किया। पार्षद ने बताया कि गुरु श्रद्धा अपार्टमेंट तक सड़क एवं नाली, बकरमंडी तिराहे से शिव मंदिर तक दोनों तरफ फुटपाथ, मथुरा नगर में इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण व पुराना पोस्ट ऑफिस में इंटरलॉकिंग पुलिया व नाली सुधार कार्य होगा। इस दौरान दीपक शुक्ला, अशोक बाजपई, उदयराज सिंह, जगदीश चौबे, राम औतार प्रजापति, मोनू मिश्र, राजा पंडित मौजूद रहे।


शिलान्यास करते विधायक सुरेंद्र मैथानी।

### हत्या के विरोध में सीएसए में छात्रों का प्रदर्शन

**कानपुर।** केरल में पशु चिकित्सा विज्ञान के द्वितीय वर्ष के छात्र जेएस सिद्धार्थन की एसएफआई की ओर से निर्ममता से हत्या के विरोध में गुरुवार को सीएसए में छात्रों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कैंडिल मार्च भी निकाला। मार्च के खत्म होने के बाद छात्रों ने मृतक छात्र को श्रद्धांजलि भी दी। इस दौरान छात्रों ने यह मांग किया कि आरोपी व एसएफआई संगठन को प्रतिबंधित कर आरोपियों को कड़ी सजा दी जाए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से हुए प्रदर्शन में संगठन मंत्री आशुतोष, जिला संगठन मंत्री प्रांजुल, इकाई अध्यक्ष हिमेन्द्र, सुमित, उत्कर्ष, शिवम, अश्वनी पटेल सहित अन्य मौजूद रहे।


दूषित जलापूर्ति की शिकायत करतीं पार्षद शालू सुनील कनौजिया। अमृत विचार

### दूषित जलापूर्ति पर जलकल कार्यालय में प्रदर्शन

**कानपुर।** जुही के दर्जनों मोहल्लों में हो रही दूषित जलापूर्ति के विरोध में गुरुवार को वार्ड 14 की पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने जलकल कार्यालय बाबा कुटी पर महिलाओं के साथ प्रदर्शन किया। शालू सुनील कनौजिया ने कहा कि इलाके की दस हजार आबादी दूषित पानी और लो प्रेशर की समस्या से जूझ रही है। जुही गढ़ा, शहीद पार्क में लगा ट्यूबवेल काफी कम पानी दे रहा है। छह माह पूर्व 15वें वित्त से एक ट्यूबवेल का रिबोर स्वीकृत हुआ था, लेकिन अभी तक काम नहीं शुरू किया गया है। पार्षद ने कहा कि यदि 48 घंटे में समस्या का निदान न हुआ तो जलकल जोन-3 में महिलाओं द्वारा डेरा डाला जाएगा।

खुशखबरी

अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं जुटाई जाएंगी रेलवे के क्रिकेट स्टेडियम में, रेलवे और जेके सिंघानिया ग्रुप के बीच एमओयू के बाद भूमि पूजन

# मल्टी स्पोर्ट्स सुविधा से विकसित होगा रेलवे का लोको मैदान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



रेलवे के मैदान पर मल्टी स्पोर्ट्स सुविधाएं जुटाने के काम का हुआ भूमि पूजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के युवाओं के लिए खुशखबरी है। बेहतर क्रिकेट प्रैक्टिस के लिए अब इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। रेलवे का लोको मैदान मल्टी स्पोर्ट्स सुविधा के तौर पर विकसित किया जाएगा। मैदान को विकसित करने की जिम्मेदारी सिंघानिया ग्रुप ने ली है। गुरुवार को उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज और सिंघानिया ग्रुप के बीच एमओयू के बाद लोको मैदान पर भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ।

स्वर्गीय गोपाल कृष्ण सिंघानिया की स्मृति में लोको मैदान में रेलवे क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। गुरुवार को रेलवे अधिकारियों व सिंघानिया ग्रुप के प्रमुख लोगों की मौजूदगी में भूमि पूजन के अवसर पर रेलवे के डीआरएम हिमांशु बडोनी ने कहा कि केंद्र सरकार खेलो इंडिया को बढ़ावा दे रही है। इसी उद्देश्य से जेके सिंघानिया ग्रुप की ओर से रेलवे के लोको मैदान पर मल्टीनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा।

यह क्रिकेट स्टेडियम अत्याधुनिक होगा। ग्रीनपार्क स्टेडियम के बाद इस स्टेडियम का नाम लिया जाएगा। रेलवे कर्मचारियों के बच्चों की खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से इसे बनाया जा रहा है। इस स्टेडियम में खिलाड़ियों को सभी तरीके की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाएगा कि वह खेलों को बढ़ावा देने के साथ ही अपने भविष्य को खेल के माध्यम से सुरक्षित करें। उन्होंने कहा कि जेके ग्रुप ने वादा किया है कि स्टेडियम में मल्टी स्पोर्ट्स सुविधाएं होंगी। इस मैदान को उसी तरह विकसित किया जाएगा। स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं होंगी।

जिससे शहर की खेल प्रतिभा निखरकर सामने आएगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. निधिपति सिंघानिया, रेलवे के मंडल क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष शर्मा, रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय, रेलवे के मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह मौजूद रहे।

# केडीए वीसी ने जनता दर्शन में पकड़ा कूटरचित दस्तावेज

## उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने 90 आवेदकों की समस्या सुनी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए वीसी राकेश कुमार सिंह ने गुरुवार को जनता दर्शन में कूटरचित दस्तावेज पकड़ा। आवेदक की फोटो बदलकर कुछ लोग रजिस्ट्री कराने का प्रयास कर रहे थे। जिसपर जांच बैठाते हुये तत्काल रजिसट्री की कार्रवाई रोकने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने प्रकरण की गंभीरता से जांच कर आरोपियों के खिलाफ थाने में एफआईआर कराने के निर्देश दिये हैं।

केडीए वीसी राकेश कुमार सिंह ने सुबह 11 से शाम चार बजे तक जनता दर्शन किया। इस दौरान लगभग 90 आवेदकों को सुना गया एवं सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी को पत्रावली और अभिलेखों के साथ बुलाकर आवेदक के प्रार्थना पत्रों का परीक्षण करने के निर्देश दिये। जनता दर्शन में कनक रेखा पत्नी सुनील बाबू द्वारा भूखण्ड संख्या-531 एमआईजी, फेस-3, तात्या टोपे नगर की रजिस्ट्री कराये जाने का अनुरोध किया गया। वीसी ने भूखण्ड की पत्रावली के साथ जोनल विक्रय प्रभारी एवं सम्बन्धित लिपिक को बुलाया तो पता चला कि भूखण्ड का आवंटन संतलाल के पक्ष में किया गया था, इस बीच मूल आवंटी संतलाल की मृत्यु हो जाने के कारण भूखण्ड का नामान्तरण पारिवारिक सदस्यता के आधार पर समस्त औपचारिकता पूरी कराते हुये कनक रेखा के पक्ष में किया गया।




● **आवेदक की फोटो बदलकर रजिस्ट्री के प्रयास पर जांच**

**समयबद्ध निस्तारण के निर्देश**

वीसी ने सख्त हिदायत दी कि आम-जनमानस द्वारा प्रेषित प्रार्थना पत्रों, आवेदन पत्रों का समयबद्ध रूप से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें, यदि किसी व्यक्ति द्वारा अभिलेखों में किसी प्रकार की छेड़-छाड़ अथवा किसी कर्मी से दुरभिसंधि कर कोई कूटरचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए पाया गया तो उसके विरूद्ध रिपोर्ट कराएं।

इसी दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा आवेदन फार्म में आवेदक की फोटो बदलकर एवं कूटरचना के के माध्यम से रजिस्ट्री कराये जाने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन प्रकरण के संज्ञान में आने पर तत्काल् रजिस्ट्री की कार्यवाही रोकते हुए जांच एवं परीक्षण को निर्देशित किया गया।

केडीए वीसी ने जोनल विक्रय प्रभारी अजय कुमार (विशेष कार्याधिकारी) को निर्देशित किया कि प्रकरण की गहनता से जांच करें और पत्रावली में किसी प्रकार की छेड़-छाड़ की गयी है तो इस प्रकार के अपराधिक कृत्य के लिए उत्तरदायी व्यक्ति के विरूद्ध सम्बन्धित थाने में एफआईआर भी दर्ज करायी जाये।

## गलत कामों को रोकता है माह-ए-रमजान

**कानपुर।** रमजान का पाक माह गलत कामों से रोकता है। रमजान माह की नसीहत है कि खुद के साथ दूसरों को भी गलत काम से रोके। अगर अल्लाह को इबादत से राजी कर लें तो इस माह में नेकियां कई गुना बढ़ जाती हैं।


मौलाना कम्बर हुसैन।

इमामे जुमा मस्जिद अलीनगर के मौलाना कम्बर हुसैन ने बताया कि रमजान खुदा की तरफ से उसके बंदों के लिए रहमत का खास और पाक महीना है। रमजान के महीने में हर इंसान खुद के साथ आसपास रहने वाले लोगों को भी बुरे कामों से रोकता है। इस महीने में एक नेकी का सवाब 70 गुना बढ़कर मिलता है। ये रहमत और मगफिरत का महीना कहलाता है। इसमें इंसान अपनी नेकी और इबादत के जरिए अल्लाह को राजी कर सकता है। इस माह में इंसान को अल्लाह की तरफ से खास करम और इनाम मिलता है। इस माह में अल्लाह की पाक किताब कुरान करीम नाजिल हुई है। कुरान का हुक्म है कि अपने वतन के साथ गद्दारी करे वो सच्चा मुसलमान नहीं हो सकता।

## हवा, पानी और प्रकाश पर सबका समान अधिकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **शर्करा संस्थान में इकाइयों से हो रहे प्रदूषण पर किया गया गहन चिंतन**

**अमृत विचार।** हवा, पानी और प्रकाश पर सभी का समान अधिकर है। इसलिए यह जरूरी है कि औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले प्रदूषण की रोकथाम हो सके। इस रोकथाम के लिए जागरुकता बहुत जरूरी है। इस जागरुकता के जरिए ऑद्योगिक इकाइयों से प्रदूषण की रोकथाम कर दूसरों के अधिकारों पर हनन करने से रोका जा सकता है।

यह विचार गुरुवार को राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में हुए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन दिवस पर व्यक्त किए गए। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से हुए प्रशिक्षण में "चीनी मिलों और आसवनी इकाइयों में प्रदूषण नियंत्रण के लिये सर्वोत्तम उपयोगी और उपलब्ध तकनीकें" विषय पर विशेषज्ञों ने अपनी राय दी। इस दौरान केन्द्रीय व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में कार्यरत वरिष्ठ वैज्ञानिकों व पर्यावरणवेत्ताओं के प्रशिक्षण में तकनीक की जानकारी भी दी गई। इस दौरान जैव रसायन अनुभाग प्रमुख, प्रो. डॉ. सीमा परोहा ने आसवनियों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए अपनाये जा सकने वाले नवीनतम उपायों की जानकारी दी। प्रो.परोहा ने कहा कि हवा, पानी और प्रकाश हमको प्रकृति से मिले अनुपम और निःशुल्क उपहार हैं। इन पर सभी का समान अधिकारी है। इसके साथ ही इनके पर्यावरणीय संरक्षण की हम सबकी जिम्मेदारी है। संस्थान के सहायक आचार्य शर्करा अभियांत्रिकी संजय चौहान ने चीनी मिलों व आसवनियों में स्पेंटवाश ट्रीटमेंट तकनीक के बारे में बताया। सहायक आचार्य शर्करा अभियांत्रिकी विनय कुमार ने बिना किसी अतिरिक्त प्रदूषण वृद्धि के बी-हैवी मोलासेस से इथेनाल उत्पादन की विधि पर वृहद चर्चा की। सहायक आचार्य जैव रसायन डॉ. अनंत लक्ष्मी रंगनाथन ने ग्रेन बेज्ड आधुनिक आसवनी इकाइयों की कार्यप्रणाली पर जानकारी दी। उधर संस्थान के निदेशक, प्रो.डी. स्वाईन ने कहा कि संस्थान की ओर से कराए जाने वाले इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों से न केवल चीनी मिलें लाभान्वित होंगी बल्कि सभी संबद्ध शर्करा जगत में प्रदूषण नियंत्रण में सफलता मिलेगी। शामिल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए।

## टीएसएच स्क्वैश टूर्नामेंट में लगेगा खिलाड़ियों का मेला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **चार दिवसीय प्रतियोगिता में 17 राज्यों के दो सौ से ज्यादा खिलाड़ी लेंगे भाग**

**अमृत विचार।** स्मार्ट सिटी कानपुर में देश के ख्यातिप्राप्त स्क्वैश खिलाड़ियों का मेला लगेगा। फर्स्ट ऑल इंडिया द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) स्क्वैश टूर्नामेंट में देश के जाने-माने महिला व पुरुष खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन व आंकलन करेंगे। चार दिवसीय इस टू स्टार अखिल भारतीय स्क्वैश प्रतियोगिता का आयोजन आर्य नगर स्थित टीएसएच में 21 से 24 मार्च तक किया जायेगा।

टीएसएच के डायरेक्टर ऑपरेशंस पीके श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्क्वैश रैकेट एसोसियेशन से मान्यता प्राप्त फर्स्ट ऑल इंडिया 'द स्पोर्ट्स हब' स्क्वैश टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश समेत 17 प्रदेशों के लगभग दो सौ पुरुष व महिला खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता 11 कैटेगरी में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन 21 मार्च को पुलिस आयुक्त अखिल कुमार बतौर मुख्य अतिथि करेंगे जबकि सीआईआई, यूपी कानपुर चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष मनोज गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण 24 मार्च को होगा।

## आदर्श व गीतांजली क्लब ने रोमांच बढ़ाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित केडीएमए क्रिकेट लीग में गुरुवार को पांच मैच खेले गए। अलग-अलग मैदान पर कुल दस टीमें उतरी। जिसमें आदर्श क्लब, कानपुर क्रिकेटर्स, इलेवेन स्टार, भारत क्लब और गीतांजली क्लब विजयी रहा।

केडीएमए क्रिकेट लीग का पहला मैच सप्रू मैदान में खेला गया। आदर्श क्लब व खेरापति टीम के बीच हुए मुकाबले में आदर्श क्लब 154 रनों से विजयी रहा। आदर्श क्लब ने निर्धारित 40 ओवर में छह विकेट पर 298 रन बनाए। टीम के देवेश तिवारी ने सर्वाधिक 104, सत्येंद्र यादव ने 45, राज


शतक बनाने वाले खिलाड़ी देवेश तिवारी।

कुशवाहा ने 44 व मनीष यादव ने 31 रनों का योगदान दिया। जवाब में उतरी खेरापति टीम 38.4 ओवर में ही 144 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के आर्यन सक्सेना ने 29, रितिक तिवारी ने 22 व अमित कुमार ने 21 रनों का योगदान दिया। दूसरा मैच कानपुर साउथ ए मैदान में खेला गया। ओलंपिक रजिस्टर्ड टीम ने 32 ओवर में 110 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में उतरी कानपुर क्रिकेटर्स टीम ने 17.3 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाकर आठ विकेट से मैच जीत लिया। टीम के आकाश द्विवेदी ने अर्धशतक 54 रन बनाए। तीसरा मैच रामकली मैदान में खेला गया। पैरामाउंट क्लब 21.1 ओवर में 81 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में उतरी इलेवेन स्टार ने 8.2 ओवर में बगैर कोई विकेट गवाएं 85 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम के आयुष 77 रन बनाकर नाबाद रहे। लीग का चौथा मैच जाजमऊ के एवरेस्ट मैदान में खेला गया। एवरो

● **केडीएमए क्रिकेट लीग में पांच टीमों ने जीत दर्ज कराई**

क्लब 11.1 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 39 रन बनाए। टीम के खिलाड़ी कुछ खास नहीं कर सके। जवाब में उतरी भारत क्लब ने 4.4 ओवर में कोई विकेट खोए 44 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। टीम के त्रिभुवन 32 रन बनाकर नाबाद रहे। आखिरी और पांचवां मैच रामलखन भट्ट मैदान में खेला गया। गीतांजली क्लब ने 36.2 ओवर में 253 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के आकाश सिंह ने 99, शुभम गोस्वामी ने 76, अमन चौधरी ने 45 रनों का योगदान दिया। जवाब में उतरी कानपुर जिमखाना ने 22.2 ओवर में 137 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। यह मैच गीतांजली क्लब ने 116 रनों से जीता।

## पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **पैर में गोली लगने से दो शातिर हुए घायल, अस्पताल में कराया गया भर्ती**

● **दोनों पर हैं 25-25 हजार का इनाम, चकेरी थानाक्षेत्र में हुई घटना**

**अमृत विचार।** चकेरी थाना क्षेत्र में सजारी पुल के पास गुरुवार रात इनामी अन्तर्राज्यीय गैंग के दो बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। बमदाशों ने पुलिस पर फायरिंग की जिसमें काउंटर फायर में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाशों को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार दोनों बदमाशों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम है। दोनों ही बदमाशों की तलाश पुलिस काफी दिनों से कर रही थी।

पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह व एसीपी चकेरी दिलीप कुमार व सर्किल का फोर्स मौके पर पहुंचा है। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि फरवरी माह में रामकली मोहल्ले में प्रिंसिपल हेमलता जोशी के घर डकैती पड़ी थी। इस घटना में बदमाशों को पांच से सात करोड़ रुपये रखे होने की सूचना थी। बदमाशों का लगातार वह लोग पीछा कर रहे थे। सर्विलांस की मदद से सभी ती तलाश की जा रही थी। वह लोग फिर से डकैती की योजना बना रहे थे।

उन बदमाशों से मुठभेड़ हुई है। दो वांछित बदमाशों पर 25-25 हजार का इनाम रखा गया था। अन्तर्राज्यीय गैंग के यह सदस्य है। जानकारी की गई तो पता चला कि कल्याणपुर थानाक्षेत्र में 2022 में डकैती की घटना को अंजाम दिया था। उस डकैती में पांच लोग नामजद थे। चकेरी में हुई मुठभेड़ में दोनों कल्याणपुर डकैती में वांछित थे।

ये अन्तर्राज्यीय गैंग है इनके और अपराध को तलाशेंगे। एक पक़ड़ा गया बदमाश मध्यप्रदेश का है। दिल्ली इनका मुख्य ऑपरेशन एरिया है। दिल्ली यूपी इनका बेसिक ऑपरेशन का एरिया है। उन्होंने बताया कि बीच में इन लोगों ने दिल्ली में थे। मुखबिर की सूचना पर वैगनकार कार को घेरा गया। जिस पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद दो बदमाशों से मुठभेड़ हुई।

पकड़े गए बदमाशों में तेग बहादुर सिंह उर्फ प्रकाश, चंदन उर्फ चंदू, निवासी उत्तराखंड को गोली लगी है। वहीं दयाल सिंह निवासी उत्तराखंड और सत्येंद्र को गिरफ्तार किया गया है।

## ग्वालटोली थाना प्रभारी के खिलाफ प्रकीर्ण वाद दर्ज करने के आदेश

**कानपुर।** बीमा कंपनी में पीड़ित के नाम 34 करोड़ की पॉलिसी खरीद दिखाने के मामले में पुलिस कमिश्नर के निर्देश के बाद भी जांच न करने पर एसीएमएम सप्तम कोर्ट ने ग्वालटोली थाना प्रभारी पर प्रकीर्ण वाद दर्ज करने के आदेश दिए।

अमर शंकर गुप्ता ने बताया कि 20 जुलाई 2009 को उन्होनें मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के क्षेत्रीय कार्यालय से जीवन बीमा पॉलिसी ली थी, जिसका पहला प्रीमियम 50 हजार रुपये अदा किया था।

बताया कि 26 अक्टूबर 2010 को उन्होंने चेक के माध्यम से 50 हजार रुपये अदा किए। इसके बाद आर्थिक तंगी के कारण पॉलिसी समाप्त कर 19 अगस्त 2011 को इंश्योरेंस कंपनी से इंटीमेशन पत्र भी प्राप्त किया था।

## पुलिस टीम पर हमले में तस्कर के परिजन गए जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **जाजमऊ में गांजा तस्कर के परिवारीजनों ने पुलिस पर किया था हमला**

**अमृत विचार।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में बुधवार देर रात गांजा तस्कर के घर सत्यापन करने गई पुलिस टीम पर हमले के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने आरोपी गांजा तस्कर की मां, पत्नी और बहन समेत पड़ोसी को जेल भेजा है।

जाजमऊ के बुढ़िया घाट में बुधवार रात करीब 12 बजे पुलिस की टीम गांजा तस्कर राजा रब्बानी के घर पर सत्यापन के लिए दबिश देने गई थी। तभी आरोपी के परिवारीजन समेत साथियों ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया था। साथ ही मारपीट कर वर्दी को भी खींच लिया था। जिसमें दरोगा राजन यादव समेत दो सिपाही घायल हो गये थे। घटना के दौरान मौके पर पहुंचे भारी पुलिस बल ने आरोपी राजा रब्बानी की मां अफसाना, पत्नी सना और बहन सोना, पड़ोसी शहनवाज को गिरफ्तार किया था। साथ ही ग्यारह आरोपियों के खिलाफ सेवन सीएलए, मारपीट, बलवा समेत अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया था। इस संबंध में थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। साथ ही आरोपी गांजा तस्कर समेत अन्य लोगों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## सऊद अख्तर गैंग के सदस्यों के जमानतगीरों का होगा सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **जमानत पर छूटे गैंग के सदस्यों की बढ़ी मुश्किलें**

**अमृत विचार।** उत्तरप्रदेश के टॉप टेन माफिया और डॉन मुख्तार अंसारी का रिश्तेदार माफिया सऊद अख्तर और उसके गैंग के जमानत पर छूटे सदस्यों का अब पुलिस सत्यापन करेगी। जमानत पर छूटे गैंग के सदस्यों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पुलिस जमानतगीरों के बारे में पूरी जानकारी लेगी। लोकसभा चुनाव और सीएए की अधिसूचना के बीच कोई अभियुक्त साजिश न रच सके इसलिये पुलिस हर पहलू हर कदम फूंक-फूंक कर रख रही है।

बसपा नेता पिंटू सेंगह हत्याकांड में जमानत पर बाहर आए माफिया सऊद अख्तर के आवास पर बुधवार देर रात कई थानों की फोर्स ने छापेमारी की थी। हालांकि वह तो नहीं मिला लेकिन उसके भांजे और परिजनों से पुलिस ने पूछताछ की। पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली थी कि वह जिला बदर होने के बावजूद शहर में है। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में बड़ी आपराधिक घटनाओं में लिप्त आरोपी जो जेल से बाहर हैं उनका सत्यापन किया जा रहा है। गुरुवार को डीसीपी ने सऊद अख्तर गैंग के सदस्य जो जमानत पर छूटे हैं उनके दस्तावेज तलब किए। डीसीपी के अनुसार आरोपियों की जमानत लेने वाले लोगों का भी पुलिस सत्यापन करेगी। जांच में जहां कहीं भी घालमेल दिखा तो पुलिस आरोपियों के खिलाफ गंभीर धारा में मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई करेगी। पुलिस को सूचना हाथ लगी है कि जिन लोगों ने दस्तावेजों के आधार पर सऊद जैसे माफियाओं की जमानत ली है वह फर्जी हो सकते हैं।

प्रस्तुति

डॉ . नरेंद्र सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया उत्सव

## होली आई रे कन्हाई गीत पर किया नृत्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डॉ. नरेंद्र सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कालेज में गुरुवार को वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी देवेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि ने बच्चों को शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए उनका मार्गदर्शन किया। बताया कि सभी छात्रों को मिलकर भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाना है। विद्यार्थियों से कहा कि समय का प्रबंधन करते हुए अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। वर्षिक पुरस्कार वितरण में विभिन्न कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त 50 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य वीरेंद्र बहादुर सिंह


नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति करते बच्चे। अमृत विचार

ने स्वागत किया। प्रबंधक संजय सिंह छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। छात्र संसद के प्रधानमंत्री शौर्य प्रताप सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रबंध समिति से उपाध्यक्ष अनिल विष्ट, संयुक्त मंत्री गणेश शर्मा, सदस्य चतुर्भुज राय, उप प्रधानाचार्या कल्पना सिंह, सरिता सिंह मौजूद रहीं।

# सार-संक्षेप


उपहार देते पदाधिकारी। अमृत विचार

### सिखों ने हर्षोल्लास से मनाया उत्सव

**कानपुर।** पंथ दर्दी विचार मंच व पंथ सेवी बीवियों के जत्था की ओर से खालसा पंथ का नया साल गुरुवार को गुरुद्वारा श्रीकीर्तन गढ़ में श्रीगुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें शहर के सभी स्त्री सत्संग के जत्थों ने श्रीसुखमनी साहब का पाठ किया। विशेष रूप से अमृतसर से आए रागी कुलजीत सिंह नैरोबी वालों ने कीर्तन करके संगत को निहाल किया। श्रीगुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में स्त्री सत्संग के जत्थों को विशेष तौर से सम्मानित किया गया। गुमटी नंबर पांच स्थित गुरुद्वारा में कार्यक्रम में मुख्य रूप से जत्थे के चेयरमैन सुखविंदर सिंह लाडी, भल्ला प्रधान सरदार राजेंद्र सिंह, नीटा जनरल सेक्रेटरी प्रीति पाल सिंह, वॉइस चेयरमैन गोविंद सिंह लाडी व स्त्री सत्संग के प्रधान कुलदीप, नीना बहन, वाइस चेयरपर्सन हरजीत कौर, चेयरपर्सन जसबीर कौर उपस्थित रहीं। कीर्तन समागम के बाद गुरु लंगर में प्रसाद ग्रहण किया।


गीता टंडन कपूर को सम्मानित करते अधिकारी। अमृत विचार

### अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी गीता टंडन सम्मानित

**कानपुर।** राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं में भाग लेकर देश के लिए कई स्वर्ण पदक जीतने वाली गीता टंडन कपूर को गुरुवार को आयकर विभाग ने सम्मानित किया। मर्चेंट चैंबर हाल में उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। आयकर विभाग की अधिकारी, अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी गीता टंडन कपूर कॉमन वेल्थ टेबल टेनिस फेडरेशन में सदस्य के रूप में नामित होने वाली पहली भारतीय महिला हैं। उन्हें सम्मानित करने के लिए गुरुवार को आयकर विभाग ने मर्चेंट चैंबर हाल में एक कार्यक्रम आयोजित किया। उत्तराखंड के प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर हेमंत जवाहर लाल, उनकी पत्नी मनीषा, सीआईटी विवेक गुप्ता, प्रीती दास जैन, आईआएएस दिव्या वशिष्ठ, कमिश्नर ऑडिट पूजा राज, आईआरएस तरुण कुशवाहा ने उन्हें उनके कार्यों व उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। आयकर अधिकारियों ने बताया कि जुलाई 2024 में रोम में होने वाली आईटीटी एफ वर्ल्ड मास्टर चैंपियनशिप में गीता टंडन कपूर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### नानी के घर आई किशोरी से दुष्कर्म

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में नानी के घर आई किशोरी से युवक ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। लोकलाज के डर से किशोरी ने परिजनों को जानकारी नहीं दी। लेकिन पांच माह का गर्भ ठहरने पर पीड़िता को जानकारी हुई तब पुलिस से शिकायत की। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। कानपुर देहात के रसूलाबाद निवासिनी 16 वर्षीय किशोरी ने पुलिस को बताया कि वह कुछ माह पूर्व नवाबगंज थानाक्षेत्र निवासिनी नानी के घर आई थी। आरोप लगाया कि इस दौरान पड़ोस में रहने वाले आकाश चौधरी ने घर में अकेला पाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। परिजनों से शिकायत करने को कहा तो आरोपी ने हाथ जोड़कर माफी मांगी। लोकलाज के डर से पीड़िता ने घर पर नहीं बताया। लेकिन पांच माह के गर्भ ठहरने की जानकारी पर उसने परिजनों को घटना बताई। इस संबंध में नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो की धारा में रिपोर्ट दर्जकर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### किशोरी से गैंगरेप में गैंगस्टर की कार्रवाई

**कानपुर।** किशोरी से गैंगरेप के आरोपियों पर नवाबगंज पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया आरोपियों ने पिछले वर्ष अगस्त में इलाके की रहने वाली किशोरी से कट्टे के बल पर गैंगरेप किया था। गैंगस्टर की कार्रवाई में भाला सिंह उर्फ सुरेश चंद्र को गैंगलीडर बनाया गया है। आरोपी पर एक अन्य मामले में भी दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज है। वहीं उसके साथी बबलू और सूरज को गैंग का सदस्य बनाया गया है।

### श्याम बिहारी मिश्रा की स्मृति में बैडमिंटन चैंपियनशिप

**कानपुर।** कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में स्व. श्याम बिहारी मिश्रा की स्मृति में बैडमिंटन चैंपियनशिप 17 मार्च रविवार को ग्रीनपार्क में सुबह नौ बजे से आयोजित होगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्व. श्याम बिहारी मिश्रा की पत्नी जयंती मिश्रा करेंगी। सांसद सत्यदेव पचौरी विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान कर प्रतियोगिता का समापन करेंगे। चैंपियनशिप दो वर्ग में आयोजित होगी। पहले वर्ग में 25 से 50 आयु वर्ग और दूसरे में 50 से 75 आयु वर्ग के प्रतिभागी होंगे। बैडमिंटन चैंपियनशिप में शहर के सभी व्यापारी आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रतियोगिता केवल व्यापारियों के लिए ही होगी। गुरुवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी अध्यक्ष राजेश गुप्ता, कृपा शंकर त्रिवेदी, प्रदीप गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता लाला भैया, दीपक अग्रवाल आदि पदाधिकारी ने दी।

### जेके ग्रुप के निदेशक ललित खन्ना का निधन

**कानपुर।** जेके ग्रुप के निदेशक ललित खन्ना का गुरुवार को निधन हो गया। वह कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। स्व. खन्ना अपने पीछे पत्नी व दो पुत्रियों को छोड़ गए हैं। ललित खन्ना डा. गौर हरि सिंहानिया क्रिकेट एकेडमी के सीईओ रह चुके थे। उन्होंने खेल और समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी काफी सेवाएं दी थीं। ग्रीनपार्क स्टेडियम में मैच के आयोजन से लेकर सरकार के बीच एमओयू कराने में मध्यस्थता का काम भी किया था। ललित खन्ना के निधन से शहरवासियों में दुख की लहर है। उन्होंने ग्रीनपार्क में आयोजित 500वें टेस्ट मैच के आयोजन में मुख्य भूमिका निभाई थी। 500वें टेस्ट मैच में अरूण जेटली भी आए थे। शहर के क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने अभूतपूर्व प्रयास किए। उनके प्रयासों से खेलों में शहर का नाम करने वाले खिलाड़ी और यूपीसीए हमेशा उन्हें याद रखेगा।

### मसवानपुर में फटी पेयजल लाइन, जलभराव

**कानपुर।** शहर में पेयजल लाइनों के फटने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। किसी न किसी कारण के लाइनें फट रही है। गुरुवार को मसवानपुर में नीलम मेमोरियल स्कूल के सामने मुख्य सड़क पर पेयजल लाइन से रिसाव शुरू हो गया। सरकारी बोरिंग के चलते फटी पेयजल लाइन से देखते ही देखते भारी मात्रा में पानी रिसने लगा। जिससे मुख्य सड़क के चारो ओर पानी ही पानी हो गया। इस दौरान रिसाव की वजह से राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मसवान पुर के मुख्य चौराहे पर पानी का रिसाव होने की वजह से क्षेत्रीय लोग परेशान रहे। स्थानीय युवक ने बताया कि बुधवार को जलकल के लोग बोरिंग करने आये थे।

### सीएसजेएमयू में छात्रवृत्ति आवेदन रद होने से आक्रोश

कानपुर। छात्रवृत्ति के आवेदनों के निरस्त होने पर गुरुवार को छात्रों ने सीएसजेएमयू में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। छात्रों का आरोप है कि उनके गलत आंकड़े भेजने की वजह से उन लोगों को सुविधा से महरूम किया गया है। प्रदर्शन के दौरान यह भी चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांग न सुनी गई तो वे लोग बड़े प्रदर्शन को भी बाध्य होंगे। प्रदर्शन कर रहे छात्र अभिजीत राय ने बताया कि समाज कल्याण विभाग से मिलने वाली छात्रवृत्ति के शहर में बड़ी संख्या में आवेदन निरस्त हो रहे हैं। इसकी वजह डाटा के मेल न खाना और संस्थान व स्कूल की ओर से आंकड़े न भेजना शामिल है। सीएसजेएमयू के छात्रों ने विश्वविद्यालय स्तर पर सामने आने वाली समस्याओं पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर 'डीएसडब्ल्यू' प्रो. नीरज कुमार सिंह को वीसी के नाम ज्ञापन सौंपा।

### नेट-पीएचडी बिना अनुभवी पेशेवर बनाए जाएंगे प्रोफेसर

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में गुरुवार को एक्जीक्यूटिव काउंसिल की बैठक में ऑनलाइन और डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम का नाम द्रोणाचार्य सेंटर फॉर ऑनलाइन एंड डिस्टेंस लर्निंग एजुकेशन रखने पर सहमति बनी। इस कोर्स के लिए प्रो. अंशू यादव को चेयरपर्सन नामित किया गया। इसके अलावा यूजीसी के नियमन 2018 के अनुसार प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस शुरू किए जाने का भी निर्णय लिया गया। इसके तहत नेट या पीएचडी की योग्यता के बिना अनुभवी पेशेवरों को प्रोफेसर के रूप में पढ़ाने का मौका मिलेगा। कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में हुई बैठक में 31 पूर्व संचालित और 10 नए महाविद्यालयों में पढ़ाई कराने की सहमति दी गई।

# हत्या का आरोप लगा थाने में प्रदर्शन

## शिवराजपुर थाने में जुटे भीम आर्मी कार्यकर्ता, धरना देकर किया हंगामा, कार्रवाई के आश्वासन पर माने

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** शिवराजपुर थाना क्षेत्र के छब्बा निवादा गांव के पास मिला युवक का शव हादसा और हत्या के पेंच में उलझ गया है। गुरुवार को भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने युवक की पत्नी और उसके परिवार वालों के साथ शिवराजपुर थाने पहुंचकर गेट पर धरना शुरू कर दिया और नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज करने की आवाज उठाई। पुलिस की ओर से कार्रवाई का भरोसा दिए जाने पर थाने से हटे।

क्षेत्र के नदिया खुर्द गांव के रहने वाले श्यामबाबू के पुत्र रामशंकर (30) का शव छब्बा निवादा गांव के पास मिला था। पुलिस ने सड़क हादसा मानकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। गुरुवार को रामशंकर की पत्नी गीता के साथ भीम आर्मी के कार्यकर्ता शिवराजपुर थाने पहुंचे और गेट पर बैठकर धरना शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करते हुए युवक की हत्या का आरोप लगाकर हंगामा काटा। हंगामे के दौरान पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।

गुरुवार की दोपहर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंची रामशंकर की पत्नी गीता ने गांव के ही कुछ लोगों पर पति की हत्या का आरोप लगाया। उसका कहना है कि पति की हादसे में मौत नहीं हुई, बल्कि गांव के ही कुछ लोगों ने हत्या की है, लेकिन पुलिस की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस की अनदेखी के कारण ही उसने भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं की मदद ली है। पुलिस ने जांच का आश्वासन देकर उन्हें शांत किया और कार्रवाई का भरोसा देकर वापस भेजा। लोगों का कहना है कि कार्रवाई न हुई तो फिर धरना देंगे।

**मामला उलझा**

- पांच मार्च को छब्बा निवादा गांव के पास मिला था युवक का शव
- पुलिस ने बताया था हादसा, पत्नी ने हत्या का आरोप लगाया
- पत्नी की ओर से पुलिस को दी गई हत्या की तहरीर

"गुरुवार को पत्नी की ओर से तहरीर मिली है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। प्रथमदृष्टया मामला हादसा का ही लग रहा है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।
–एसएस पटेल, इंसपेक्टर क्राइम


शिवराजपुर थाने के गेट पर धरना-प्रदर्शन करते भीम आर्मी के कार्यकर्ता।

**पुलिस मान रही हादसा**

पुलिस के मुताबिक नदिया खुर्द निवासी रमाशंकर पांच मार्च की देर शाम बाइक से उतरीपुर नदिया रोड से अपने घर जा रहा था, तभी छब्बा निवादा गांव के पास पुलिया से उसकी बाइक टकरा गई और वह बुरी तरह घायल हो गया था। राहगीरों की सूचना पर उसे सीएचसी भेजा गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। इंस्पेक्टर क्राइम एसएस पटेल का कहना है कि जिस पुलिया से बाइक टकराई थी, वहां बाइक टूटी मिली थी। आसपास कोई गांव भी नहीं है।

# सोते समय ममेरे भाई पर किया चाकू से हमला, पिता को पीटा

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** बिधनू थाना क्षेत्र के मझावन गांव में बुधवार की रात दरवाजे में चारपाई पर सो रहे ममेरे भाई पर तीन सगे भाइयों ने चाकू से हमला बोल दिया। चीख-पुकार सुनकर दौड़े पिता की भी पिटाई कर दी। पड़ोसियों के एकत्र होने पर हमलावर धमकी देते हुए भाग निकले। इस हमले के पीछे पुलिस दोनों पक्षों के बीच जमीन का विवाद बता रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

मझावन के रहने वाले 60 वर्षीय गणेश तिवारी के छोटे भाई अवधेश तिवारी अविवाहित थे। काफी दिनों से वह मझावन में ही रह रही बड़ी बहन सुनीता पांडेय के घर रह रहे थे। 24 फरवरी को अवधेश की बीमारी के चलते मौत हो गई थी।

- पड़ोसियों के दौड़ाने पर भागे हमलावर, जमीन का विवाद


हमले में घायल दीपक। अमृत विचार

गणेश तिवारी का आरोप है कि बहनोई दिनेश पांडेय ने उसके छोटे भाई अवधेश की जमीन चुपके से अपने नाम लिखवा ली।

बुधवार की शाम वह 24 वर्षीय बेटे दीपक और पत्नी कुंती के साथ बहन सुनीता के घर जरूरी कागजात मांगने गए थे, जहां भांजे अनिल, सुनील और अरविंद ने गालीगलौज करते हुए भगा दिया था। आरोप है कि बुधवार की रात दीपक घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था, तभी अनिल, सुनील और अरविंद ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। नींद खुलने पर दीपक ने बचाव का प्रयास किया तो बाएं हाथ में चाकू लगने से घायल हो गया। इसके बाद तीनों भाई लात-घूंसों से पीटने लगे। चीख-पुकार सुनकर पिता गणेश तिवारी घर के बाहर दौड़े और बेटे को बचाने का प्रयास किया तो आरोपितों ने उन्हें भी पीट दिया। पड़ोसियों के एकत्र होने पर आरोपित मौके से भाग निकले। घायल दीपक को उन्होंने सीएचसी में भर्ती कराया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी प्रेमचन्द्र कनौजिया का कहना है कि जमीन के विवाद में ममेरे और फुफेरे भाइयों के बीच मारपीट हुई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण में भेजा गया जेल

**सरसौल।** महाराजपुर क्षेत्र के एक गांव की युवती ने कानपुर देहात के गजनेर निवासी दीपक पर आरोप लगाया था कि उसने फेसबुक के जरिए दोस्ती करने के बाद शादी का झांसा देकर कई बार यौन शोषण किया। बाद में शादी करने से मुकर गया। युवती की तहरीर पर आरोपी दीपक और उसके माता-पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। गुरुवार सुबह पुलिस ने आरोपी को कुलगांव के पास गिरफ्तार किया। एसओ सुरेंद्र कुमार ने बताया कि रेप के आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### विवाद में पिता-पुत्र को पीटा

**सरसौल।** नर्वल कस्बा निवासी अखिलेश गोस्वामी ने आरोप लगाया कि मंगलवार शाम लगभग पांच बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी उसके पड़ोस में रहने वाले नन्हके और उसके पुत्र शिवी उर्फ ऋषभ आए और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर कन्नी व लात-घूंसों से पिटाई कर दी। बीचबचाव करने आए पिता राकेश और पड़ोस की लड़की निधि भी घायल हो गई। एसओ राकेश सिंह ने बताया कि अखिलेश की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपों की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक के साथ गिरफ्तार

**सरसौल।** महाराजपुर पुलिस ने गुरुवार को चकेरी के अहिरवां विराट नगर निवासी अविराज पुत्र अमित कुशवाहा को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक बरामद हुई मोटर साइकिल 21 फरवरी को छतमरा के टिकरिया से चोरी हुई थी। एसओ सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### मारपीट में दो लोग घायल

**चौबेपुर।** कस्बे के ब्रह्मनगर निवासी केशव कांत राजपूत की पत्नी आरती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि पड़ोस में रहने वाला रजत पुत्र राजेश कटियार उसके मोबाइल का सिम कई दिनों से लिए है। कई बार मांगने पर भी उसने सिम वापस नहीं किया। गुरुवार की दोपहर इसी बात को लेकर विवाद होने के बाद रजत व उसके परिवारीजनों ने मारपीट शुरू कर दी। वहीं, रजत की बहन लाजो कटियार ने शिकायती पत्र में बताया कि आरती ने बेवजह गालीगलौज की। विरोध करने पर मारपीट की, जिसमें मां दीपा को चोटें आईं। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# शटरिंग कारोबारी ने फांसी लगा जान दी

संवाददाता, भीतरगांव

- अक्सर झगड़ा होने पर देता था आत्महत्या करने की धमकी
- बुधवार शाम फिर परिवार वालों से हुआ था विवाद

**अमृत विचार:** भीतरगांव कस्बे में शटरिंग कारोबारी ने बुधवार की रात फांसी लगाकर जान दे दी। गुरुवार की सुबह कस्बे से बाहर बबूल के पेड़ पर उसका शव लटका मिला तो हड़कंप मच गया। बताते हैं कि पत्नी और मां से विवाद में वह अक्सर आत्महत्या की धमकी देता था। बुधवार की शाम भी उसका झगड़ा हुआ था। मामले की सूचना पर पुलिस ने प्रारंभिक छानबीन के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

साढ़ थाना क्षेत्र के भीतरगांव से लगे कुम्हऊपुर निवासी श्याम बिहारी उर्फ छोटेलाल का शटरिंग का कारोबार था। पिछले कुछ साल से वह शराब का लती हो गया था, जिसके कारण घर में अक्सर उसका मां और पत्नी से झगड़ा होता था। बताते हैं कि जब भी घर में विवाद होता तो वह आत्महत्या कर लेने की धमकी देकर परिवार वालों को शांत होने पर मजबूर कर देता था। बुधवार की शाम भी घर में उसका विवाद हुआ था। बताया जाता है कि बुधवार को शाम को झगड़े के बाद वह रात में बिना खाना खाए सो गया। परिवार वाले भी उसे सोया देखकर सभी लोग रात में सो गए। इसके बाद वह चुपचाप घर से निकल गया। गुरुवार की सुबह गांव के बाहर एक बगीचे में बबूल के पेड़ पर रस्सी के सहारे उसकी लाश लटकी मिली। इसकी खबर घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची और प्रारंभिक छानबीन के साथ फोरेंसिक टीम बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


श्याम बिहारी उर्फ छोटेलाल।


शटरिंग कारोबारी की मौत पर रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

**मौसी ने बचपन में लिया था गोद**

बताते हैं कि शटरिंग कारोबारी श्याम बिहारी उर्फ छोटेलाल मूल रूप से साढ़ थाना क्षेत्र के कर्चुलीपुर गांव का रहने वाला था। उसे भीतरगांव के कुम्हऊपुर गांव की रहने वाली उसकी मौसी दुल्ली ने बचपन में ही गोद ले लिया था। मौसी दुल्ली और मौसिया जगनंदन के कोई संतान नहीं थी। उन्होंने श्याम बिहारी को अपने पुत्र के रूप में पाला-पोसा और पढ़ाया-लिखाया। फिर उसकी शादी भी की। उसके चार बेटियां और एक बेटा है। कुछ साल पहले जगनंदन की मौत हो गई थी, जिसके बाद पूरे परिवार की जिम्मेदारी श्याम बिहारी पर ही थी। श्याम बिहारी अपने पांच भाईयों में दूसरे नम्बर का था। बाकी भाई अपने गांव कर्चुलीपुर में रहते हैं।

# सजेती में मिला युवक का शव

**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के बिलगवां गांव में एक युवक का शव खेत में पड़ा मिला। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

सजेती थाना क्षेत्र के बिलगवां का रहने वाला करन (19) पुत्र प्रेम सिंह सोनकर गुरुवार की सुबह नौ बजे घर से निकला था। शाम को उसका शव गांव से कुछ दूरी पर जंगल की तरफ खेत में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने परिजनों व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पानी और गिलास भी मिलने की चर्चा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस जांच कर कार्रवाई करेगी।

# साहब! मुझे मेरी पत्नी की हरकतों से बचाओ

संवाददाता, घाटमपुर

- परेशान पति ने घाटमपुर पुलिस से लगाई गुहार
- बोला-एक बार घर से भागी अब मायके चली गई

**अमृत विचार:** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने अपनी पत्नी से परेशान होकर गुरुवार को पुलिस के पास पहुंचकर इंसाफ की गुहार लगाई है। उसका कहना है कि पत्नी परिवार वालों से अलग रहने का दबाव डालती है। लड़ाई-झगड़ा और मारपीट करती है। एक बार घर से भाग चुकी है। अब अपने मायके चली गई है और उसे फंसाने के लिए तरह-तरह की साजिशें रचती है।

जगन्नाथपुर गांव के रहने वाले शिवकरन ने गुरुवार को घाटमपुर कोतवाली पहुंचकर थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र सौंपा और बताया कि उसकी शादी 2016 में सजेती थाना क्षेत्र के सुजानपुर, कोटरा मकरंदपुर में हुई थी। उसके तीन साल का एक बेटा है। उसका कहना है कि शादी के बाद से पत्नी लड़ाई-झगड़ा करती रही। मां और भाइयों से कई बार मारपीट कर चुकी है। कहती है कि अपने भाइयों और मां-बाप से बात मत करो। वह गांव के एक लड़के के साथ कई बार भाग चुकी है। विरोध करने पर झगड़ा कर जहर पीने की धमकी देती है। एक बार घर से भागने पर घाटमपुर पुलिस ने पकड़ा, तो मायके वाले छुड़ा लाए थे। तब से मायके में ही रह रही थी। एक सप्ताह पहले छह मार्च को समझौते के बाद वह ससुराल आई। किसी तरह हफ्ते भर रही। फिर 13 मार्च को जहर पीने का नाटक किया। इसके बाद मायके चली गई। उसकी हरकतों से परिवार वाले भयभीत हैं। उसकी हरकतों में मायके वाले पूरा साथ देते हैं। उसने पत्नी की हरकतों से परेशान होकर पुलिस से जरूरी कदम उठाने की मांग की है।

# खेरेश्वर मंदिर की बदलेगी तस्वीर

संवाददाता, शिवराजपुर

**भूमि पूजन**

- सुंदरीकरण के लिए विधायक ने रखी आधारशिला
- मंदिर परिसर में शौचालय के साथ विश्राम गृह, सड़क बनेगी

**अमृत विचार:** दूर-दूर तक ख्याति प्राप्त क्षेत्र के खेरेश्वर मंदिर की जल्द ही तस्वीर बदलेगी। मंदिर और उसके परिसर के सुंदरीकरण के लिए गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने आधारशिला रखी। सर्व प्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर शास्त्रोक्त विधि से भूमि पूजन कराया गया।

विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने बताया कि प्रसिद्ध खेरेश्वर मंदिर को भव्य रूप प्रदान करने के लिए पर्यटन विभाग की ओर से एक करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। मंदिर को भव्यता प्रदान करना, गौरव की बात है। यहां सावन और भादों के महीने में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य कराए जाएंगे। मंदिर परिसर का भव्य गेट तैयार करने के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए विश्राम गृह, मेला परिसर में जाने के लिए सड़क, श्रद्धालुओं के लिए शौचालय, मंदिर परिसर की सुंदरता के लिए पार्क भी बनाया जाएगा।

इस मौके पर प्रमुख रूप से ललित बच्चा सोनकर, ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई, सीताराम बाजपेई, कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री, कुश अग्निहोत्री, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुराग शुक्ला, ध्यानु ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।


भूमि पूजन करते क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर, ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई।

# साढ़ पुलिस पर प्रार्थना पत्र बदलने का आरोप

संवाददाता, भीतरगांव

- धाराओं में छेड़छाड़ कर बनाया मारपीट का मामला

**अमृत विचार:** साढ़ थाने की पुलिस एक बार फिर से सवालों के घेरे में खड़ी हो गई है। एक युवक ने पुलिस अधिकारियों के पास पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। उसका आरोप है कि साढ़ पुलिस ने तहरीर बदल दी और कार्रवाई भी नहीं कर रही है।

साढ़ थाना क्षेत्र के बारीगांव के रहने वाले मनीष शुक्ला का आरोप है कि नौ मार्च को वह अपने ट्यूबवेल पर सोया था, तभी देर रात गांव का अनुज अपने साथी जीतू यादव के साथ ट्यूबवेल पहुंचा। दोनों ने उससे शराब पीने के लिए नलकूप का दरवाजा खोलने की बात कही तो उसने मना कर दिया। इसके बाद दोनों पानी पीने के बहाने जबरन कमरे के अंदर घुस गए और उसके गले में रस्सी बांधकर मारपीट करने लगे। गले में रस्सी कसने से वह बेहोश होकर गिर पड़ा। उसे मरा समझ कर दोनों मौके से भाग गए।

पीड़ित का कहना है कि कुछ देर बाद जब उसे होश आया तो उसने अपने परिवार वालों के साथ पुलिस को घटना की सूचना दी। उसने साढ़ पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस ने तहरीर बदल दी और आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। अब उसने अधिकारियों के पास पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित के अनुसार साढ़ पुलिस ने तहरीर बदलकर धाराओं में खेल कर दिया और घटना के बाद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की।

## सार-संक्षेप



स्वास्थ्य मेला में भाग लेने पहुंची विधायक सरोज कुरील। अमृत विचार

### भीतरगांव सीएचसी में आयोजित हुआ स्वास्थ्य मेला

**घाटमपुर।** भीतरगांव सीएचसी में स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन विधायक सरोज कुरील ने किया। मेला में जनरल ओपीडी के अलावा नेत्र, दंत रोग, मातृ एवं शिशु परिवार नियोजन, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, संचारी रोग और आयुष्मान कार्ड के स्टाल लगाए गए। सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनीष तिवारी ने बताया कि मेले में 321 मरीजों की जांच कर दवाएं बांटी गई हैं। मेले में रक्तचाप, बलगम, बुखार की निशुल्क जांच भी की गई। इस मौके पर डॉ. विनोद कटियार, डॉ. राजेश, डॉ. सचिन, डॉ. किरण, संजय गुप्ता, अंशु आदि मौजूद रहे।



डॉ. सारिका सचान को सम्मानित करते डिप्टी सीएम बृजेश पाठक। अमृत विचार

### डॉ.सारिका सचान को डिप्टी सीएम ने किया सम्मानित

**घाटमपुर।** लखनऊ में आयोजित मेडिकल एक्सीलेंस अवार्ड के मौके पर उप मुख्यमंत्री/ स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने कस्बे के जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. प्रदीप सचान व उनकी पत्नी डॉ. सारिका सचान को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया है। लखनऊ से लौटने पर दोनों चिकित्सकों का नर्सिंग होम संचालक डॉ. उदय नारायण सचान के साथ नर्सिंग स्टाफ ने फूलमालाएं पहनाईं।


विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बैंक शाखा का उद्घाटन किया। अमृत विचार

### विधानसभा अध्यक्ष ने बैंक शाखा की शुरुआत की

**सरसौल।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक सतीश माहना ने गुरुवार को सरसौल कस्बे में एचडीएफसी बैंक की नई शाखा की शुरुआत की। बैंक की इस शाखा में एटीएम की भी सुविधा होगी। इस मौके पर बैंक के प्रबंधक और स्टाफ के साथ क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### भाजपा ने नहीं निभाए रोजगार के वादे, युवाओं को धोखा

**चौबेपुर।** कस्बे में हुई सपा की बैठक में भाजपा सरकार की नीतियों को कोसा गया। कहा गया कि भाजपा ने रोजगार के वादे पूरे नहीं कर युवाओं को धोखा दिया है। इस मौके पर लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव बीरेन्द्र शर्मा का स्वागत किया गया। अध्यक्ष विनय यादव ने सभी बूथ अध्यक्ष, सेक्टर और जोन प्रभारियों को चुनाव में जुटने का आह्वान किया। यहां रचना सिंह गौतम, लोकेश अवस्थी, अनिल गौतम, डॉ रिचा शर्मा, सतोष कश्यप, विमल कोरी, शशिकांत पासवान, गोपीनाथ पासवान,डॉ मुन्ना यादव, रमेश गौतम, रवि गौतम,शहजाद फारुकी, शशिकांत पाल, अजय राजपूत, विकास राजपूत, विवेक कटियार, कल्लू यादव, हरिओम पांडे, विनोद आदि मौजूद रहे।

# रात के सन्नाटे में हरे पेड़ काट ले गया माफिया

संवादादाता, बिधनू

**अमृत विचार:** रमईपुर-साढ़ रोड पर दोनों तरफ वन विभाग से संरक्षित हरे पेड़ लगे हैं। एक सप्ताह से वन माफिया की इन पेड़ों पर नजर टिकी है। रात के सन्नाटे में हरे पेड़ों को काटा जा रहा है। अब तक एक दर्जन पेड़ काटे जा चुके हैं।

मझावन से हरदौली गांव के बीच सड़क के दोनों तरफ देशी बबूल, शीशम, गूलर, नीम आदि के पेड़ हैं। माफिया रात के सन्नाटे में करीब एक दर्जन पेड़ काटकर ले गए। माफिया ने इन पेड़ों को काटने के लिए रात एक बजे से सुबह पांच बजे तक समय चुन रखा है। रात में मशीन से पेड़ काटने के बाद सुबह पांच बजे तक लोडर में लकड़ी लादकर पार कर दी जाती है। स्थानीय लोगों ने माफिया का विरोध किया तो उन्हें सड़क चौड़ीकरण का आदेश होने की बात कहकर शांत कर दिया गया। लोगों ने बताया कि कई बार पुलिस और वन विभाग को जानकारी दी गई, लेकिन जिम्मेदार कार्रवाई करने के बजाय माफिया से मिलकर अपना उल्लू सीधा कर लेते हैं। लोडर में तिरपाल से ढकी लकड़ी लेकर थाना, चौकी के सामने से बेहिचक निकल जाते हैं। डीएफओ दिव्या ने कहा कि हरे पेड़ों की कटान को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच कर माफिया और दोषी विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कर्रवाई की जाएगी।


मझावन क्षेत्र में काटे गए पेड़। अमृत विचार

**धर्म-अध्यात्म** कथा में आचार्य ने कालिया नाग मर्दन, कंस वध व रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया

# सकारात्मक सोच के बिना भक्ति संभव नहीं

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार:** जब-जब धरती पर अत्याचार बढ़ा है और धर्म की हानि हुई है, तब-तब भगवान ने किसी न किसी रूप में अवतार लेकर धर्म की रक्षा की है। जहां सकारात्मकता है, भक्ति वहीं हैं। किसी भी व्यक्ति में भक्ति तभी जागती है, जब उसकी सोच सकारात्मक हो, अर्थात नकारात्मक सोच के साथ भक्ति की कल्पना करना मुश्किल है। सुखमय जीवन के लिए हम सभी को अपनी सोच सकारात्मक बनाना चाहिए। यह प्रवचन गुरुवार को क्षेत्र के पचोर गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आचार्य वेंकटेश जी महाराज ने भक्तों को सुनाए। इस दौरान उन्होंने कालिया मर्दन, कंस वध व रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।


गुरुवार को कथा की अमृत वर्षा से सराबोर हुए श्रद्धालु। अमृत विचार

कथा के छठवें दिन प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए आचार्य वेंकटेश जी महाराज ने बताया कि जब अत्याचारी कंस को श्री कृष्ण के गोकुल में होने की जानकारी हुई, तो उसने उन्हें मार डालने के प्रयास शुरू कर दिये। इसके लिए कंस ने कई असुरों को गोकुल भेजा, लेकिन प्रभु श्री कृष्ण ने एक एक कर सभी का वध कर दिया। इसके पश्चात कंस ने साजिश के तहत श्री कृष्ण व बलराम को अपने दरबार में आमंत्रित किया। उसने कृष्ण और बलराम को मथुरा लाने के लिए अपने मंत्री अक्रूर को गोकुल भेजा। गोकुलवासी नहीं चाहते थे कि श्री कृष्ण व बलराम गोकुल छोड़कर मथुरा जाएं ,लेकिन लीलाधारी श्री कृष्ण समझ चुके थे कि अब कंस का अंत निकट है। इसलिए वह गोकुलवासियों को समझा-बुझा कर बलराम के साथ मथुरा चले गए। मथुरा में श्री कृष्ण और बलराम के प्रवेश करते ही मामा कंस ने पागल हाथी को कृष्ण पर छोड़ा, जिसे प्रभु श्री कृष्ण ने पल भर में मौत के घाट उतार दिया। कंस ने श्रीकृष्ण व बलराम को मल्ल युद्ध के लिए ललकारा, जिसमें कृष्ण ने चारुण व बलराम ने मुष्टिक को मार गिराया।

अंत में श्री कृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध कर अपने नाना उग्रसेन को मथुरा की राजगद्दी सौंपी। इसके अतिरिक्त आचार्य ने रुक्मणी विवाह का सुंदर प्रसंग सुनाकर माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम आयोजक वी के मिश्रा ने बताया कि जैसे-जैसे कथा का समापन हो रहा है, श्रोताओं की भीड़ यहां बढ़ती जा रही है।

# चिप्स, पापड़ व कचरी बनाने में जुटीं महिलाएं




कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


त्योहार के लिए पापड़ बनातीं महिलाएं। अमृत विचार

- मेहमान नवाजी के लिये परम्परागत चीजों को घरों पर किया जा रहा तैयार

**अमृत विचार।** दिन बीतने के साथ उत्साह व उमंग का पर्व होली नजदीक आती जा रही है। इसलिए घरों की महिलाएं मेहमाननवाजी के लिए चिप्स, पापड़ व कचरी तैयार करने में व्यस्त हैं। इसके लिए उन्हें घंटों कड़ी धूप में बिताने पड़ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि इस बार 24 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा, जबकि अगले दिन यानी 25 मार्च को रंग खेला जाएगा। इस तरह अब होलिकोत्सव में सिर्फ नौ दिन शेष रह गए हैं।

इसलिए अब महिलाओं ने त्योहार पर बधाई देने घर पहुंचने वालों की मेहमाननवाजी की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके लिए वह घरों की साफ-सफाई करते हुए मेहमानों के सामने सजाने के लिए चिप्स व पापड़ आदि बना रही हैं। इन दिनों सुबह से ही चटक धूप निकल आती है, जिससे समय बीतने के साथ धूप में समय बिताना दुश्वार गुजरने लगता है। इसके बावजूद 10-11 बजे तक घरेलू कामकाज में व्यस्त रहने वाली महिलाएं भरी दोपहर तेज धूप में तपते हुए आलू, चावल व साबुदाना आदि से खाने की वस्तुएं तैयार करती रहती हैं। शहर के रेलवे स्टेशन के समीपवर्ती मोहल्लों में बंदरों की आवाजाही बनी रहती है। इसलिए चिप्स, पापड़ व कचरी बनाने के बाद महिलाओं को इनकी रखवाली के लिए भी छतों पर समय बिताना पड़ता है। हालांकि गृहणियां धूप की परवाह न करते हुए खुशी-खुशी मौसम की मार बर्दास्त कर रही हैं।

## एसएनटी कर्मियों ने मौन रख मनाया काला दिवस

**शुक्लागंज उन्नाव।** भारतीय रेलवे सिग्नल एंड दूरसंचार अनुरक्षक संघ ने अपनी मांगों को लेकर गुरुवार को काला दिवस मनाया गया। जहां उन्होंने पूरे दिन मौन रहकर उपवास रखा।

आइआरएसटीएमयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन कुमार और महासचिव आलोक चन्द्र प्रकाश के आवाहन पर गुरूवार को सिग्नल एंड दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों ने काला दिवस मनाया। मंडल सचिव राम कुमार वर्मा ने बताया कि बीते एक माह में नौ कर्मियों का आकास्मिक निधन हो चुका है। रेल मंत्रालय ने उनकी कार्य अवधि का समय तय नहीं किया है।

# 'भाजपा सरकार हर गरीब के घर तक'

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव



सभा को संबोधित करते सांसद डॉ. साक्षी महाराज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** केंद्र व प्रदेश की सरकारों द्वारा जिले के विकास के लिये कोई कमी नहीं रखी है। समाज के आखिरी पायदान तक के लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने को सरकार हर गरीब के घर तक पहुंची है। आगे भी ऐसे कार्यों को लगातार जारी रखा जाएगा।

यह बात सांसद व भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी साक्षी महाराज ने विकासखंड मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में कही। उन्होंने कहा कि जैसे लोग भगवान पर विश्वास करते हैं उसी प्रकार से जनता को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। इसके चलते मुझे विश्वास है कि जिले की जनता इस बार पिछले रिकार्ड तोड़कर 5 लाख से अधिक मतों से जिताकर मुझे लोकसभा भेजेगी।

मोहान विधायक ब्रजेश रावत ने कहा कि इस बार कोई भी लड़ाई में नहीं है। मोदी का महामंत्र सबका साथ सबका विकास को लेकर चुनाव लड़ा जाएगा। प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने नवाबगंज ब्लॉक से सबसे बड़ी जीत दिलाने का दावा किया। मंडल अध्यक्ष शशिकांत राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र द्विवेदी, निर्लेश दीक्षित, शुभांक सिंह, सुशील श्रीवास्तव, शिवपाल लोधी के अलावा प्रधान व बीडीसी भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### संजय कुमार बने औरास के नए बीईओ

**उन्नाव।** बीएसए संगीता सिंह ने स्थानांतरण पर जिले में कार्यभार ग्रहण करने वाले बीईओ संजय शुक्ल को औरास में तैनाती दी है। इस संबंध में जारी आदेश में बीएसए ने नवागत बीईओ को शीघ्र तैनाती स्थल पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले जारी आदेश में लिपिकीय गलती से औरास के बजाए उनके नाम हिलौली ब्लाक क्षेत्र दर्ज हो गया था। जिसमें संशोधन करते हुए नया आदेश जारी हुआ है। बता दें कि जिले में सृजित पद से कम बीईओ तैनात हैं। इससे कुछ को ब्लाकों के अतिरिक्त प्रभार देकर काम चलाया जा रहा है। इसलिए प्रभार वाले ब्लाकों में ही नए लोगों को तैनात किया जा रहा है।

### आज आठ घंटे गुल रहेगी पश्चिमी क्षेत्र की बिजली

**शुक्लागंज।** नगर के गोपीनाथपुरम में जर्जर एचटी लाइन के कारण विद्युत आपूर्ति में समस्या आ रही है। जिसे देखते हुये शुक्रवार सुबह से शाम तक जर्जर तार बदलने का काम होगा। इस दौरान पश्चिमी क्षेत्र की बिजली आठ घंटे गुल रहेगी। यह जानकारी देते हुए अवर अभियंता विष्णु शुक्ला ने बताया कि जर्जर तार बदलने के दौरान सबस्टेशन से फीडर तीन और चार की आपूर्ति सुबह दस बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। जिससे पश्चिमी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को मुसीबत उठानी पड़ेगी। कार्य के दौरान आठ घंटे तक बिजली गुल रहेगी।

# सड़क हादसों में दो युवकों की गई जान, परिवारों में मचा कोहराम

## दही थाना क्षेत्र में रोडवेज वर्कशॉप मोड़ के पास ट्रक की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार


शिवम।

- एक्सप्रेस-वे पर चलती बाइक से गिरा युवक डिवाइडर से टकराया

**अमृत विचार।** दही थानांतर्गत रोडवेज वर्कशाप मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से ऑटो चालक नीचे गिर गया। ट्रक के पहिए के नीचे आने से उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बाइक में बैठा युवक झपकी आने से नीचे गिरकर डिवाइडर से टकरा गया। यूपीडा के वाहन से उसे सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**केस 01** सौरभ कुशवाहा (23) पुत्र हरिमोहन कानपुर जिले विधनू थानाक्षेत्र के कटरी गांव का निवासी था। वह आटो से गांव के चार अन्य लोगों के साथ दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में लोडिंग-अनलोडिंग का काम करता था और आटो किराए पर दिए था। शाम को वह साथियों के साथ ऑटो से लौट जाता था। बुधवार देररात वह साथियों को लेकर लौट रहा था तभी कानपुर-लखनऊ हाईवे पर वर्कशाप मोड़ पर पीछे से आए ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। इसमें सौरभ उछलकर नीचे गिरा और ट्रक उसे कुचलता हुआ निकल गया। हादसे के बाद पीछे बैठे साथी डरकर भाग गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दी। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। वह दो भाईयों में छोटा था और उसकी शादी नहीं हुई थी। भाई गौरव ने बताया कि 18 अप्रैल को बहन शिल्पा की शादी है। घर में तैयारियां चल रही हैं। भाई की मौत की सूचना पर मातम पसरा गया और मां राधा बेसुध है।

**केस 02** जिला आजमगढ़ के थाना तरवा अंतर्गत गतवा गांव निवासी राहुल दुबे पुत्र रवि प्रकाश व उसकी ससुराल वाले मौजूदा समय में आगरा में रहकर व्यापार करते हैं। जबकि उसका साला शिवम (20) पुत्र राजेंद्र मिश्रा निवासी गांव रियाव थाना मोहम्मदाबाद जिला मऊ नोएडा में स्नातक का छात्र था। जीजा-साले किसी काम से कुछ दिन पूर्व गांव गए थे। जहां से दोनों गुरुवार सुबह वापस लौट रहे थे। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सादीपुर गांव के पास बाइक में बैठे शिवम अचानक नीचे गिर गया और डिवाइडर से टकराकर गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम आनन-फानन उसे एंबुलेंस से सीएचसी लाई। जहां डाक्टर ने उसे को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची बेहटा मुजावर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दो विवाहित बहनों साधना व प्रिया के बीच वह इकलौता भाई था।

## ट्रैक्टर-ट्राली पलट जाने से हुई मौत

**औरास।** रहीमाबाद मार्ग पर तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गई। इसमें ट्रैक्टर पर बैठे एक मजदूर की ट्राली के नीचे दबकर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव मोर्चरी भेज दिया।

औरास थानाक्षेत्र के भुड़कुंडी गांव निवासी लाला ने एक सप्ताह पहले अपने निर्माणधीन मकान की स्लैब ढलाई थी। इसमें हाजीपुर गोशा गांव निवासी सरदार सिंह की शटरिंग लगी थी। गुरुवार दोपहर शटरिंग खोल कर गांव के जब्बार की ट्रैक्टर-ट्राली में लादकर औरास कस्बा जा रहा था। ट्रैक्टर सरदार सिंह (60) चला रहा था और भुड़कुंडी गांव निवासी बनवारी (57) व शिव सिंह (12) बैठे थे। तभी औरास-रहीमाबाद मार्ग पर पचपकरिया देवी पुलिया के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गया। इसमें तीनों ट्राली के नीचे दब गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को औरास सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने बनवारी को मृत घोषित कर दिया। बनवारी की मौत की सूचना पर घर में कोहराम मच गया। एसओ रेखा सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सार-संक्षेप


महाविद्यालय में योगाभ्यास करते युवा। अमृत विचार

### युवाओं को दी योगासन की जानकारी

**बांगरमऊ उन्नाव।** स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर कार्यक्रम अधिकारी डा. धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में प्रथम सत्र के दौरान नगर के मोहल्ला सैय्यद वाड़ा के युवकों को योगासन, पद्मासन, हलासन, श्वासासन, अनुलोम-विलोम व कपालभाति आदि आसनों के साथ योगा भी कराया गया। शिविर के बाद में सभी स्वयं सेवियों ने टोली बनाकर मोहल्ले के करीब 250 घरों में पारिवारिक विवरण, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड व बचत खाता आदि मूलभूत सुविधाओं का सर्वे किया। वहीं, द्वितीय सत्र में स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक शाखा से शुभम श्रीवास्तव ने लोगों को किसान क्रेडिट कार्ड, कैश क्रेडिट, एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस, पेटीएम व फोन-पे के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा शैक्षिक लोन, पर्सनल लोन व होम लोन प्राप्त करने की प्रक्रिया और ब्याज दर की भी जानकारी दी। घर-घर सर्वे के दौरान महाविद्यालय की प्राध्यापिका सविता राजन, डा. अभय राजपूत, डा. ब्रज किशोर गुप्ता व कर्मचारी कन्हैया लाल मौजूद रहे।

### गहरे नाले में गिरने से युवक की मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अतरधनी में बीती बुधवार शाम दवाई लेकर घर लौट रहा एक युवक रात के अंधेरे में सड़क किनारे स्थित गहरी नाली में औंधे मुंह गिर गया। नाली का गंदा पानी पेट में भरने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्मार्टम के लिये भेज दिया। अतरधनी गांव निवासी रूपचंद (42) पुत्र बाबू बीती बुधवार शाम दवाई लेने गांव स्थित मेडिकल स्टोर गया था। घर लौटते समय रूपचंद लखनऊ मार्ग किनारे स्थित गहरी नाली पार करने लगा। तभी अंधेरे में वह लड़खड़ाकर नाली में मुंह के बल गिर गया। परिजन जब तक वहां पहुंचते उससे पहले ही पेट में गंदा पानी भरने से रूपचंद की मौत हो गई।

# आत्महत्या के लिए प्रेरित करने में किन्नर गया जेल

**फॉलोअप**

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- अजगैन कोतवाली क्षेत्र में दो दिन पहले युवक ने फांसी लगा कर दे दी थी जान

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव सराय चंदन स्थित एक आम की बाग में दो दिन पूर्व युवक के फांसी लगाकर जान देने के मामले में उसके मामा ने साथी किन्नर पर आत्महत्या के लिये प्रेरित करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने गुरुवार को आरोपी किन्नर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

अमेठी जिला के छोटा इब्राहिमपुर गांव थाना पीपरपुर निवासी इश्तियाक (22) की अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव सराय चंदन निवासी दीपक उर्फ निशा किन्नर से सात माह पहले सोशल मीडिया के जरिये दोस्ती हुई थी। इसके बाद से वह गांव छोड़कर किन्नर के साथ रह रहा था।

बीती मंगलवार देर रात इश्तियाक व किन्नर में विवाद हुआ था। इसके बाद इश्तियाक ने किन्नर व परिजनों की प्रताणना से परेशान होकर गांव के बाहर लगे आम के पेड़ में फांसी लगाकर जान दे दी थी। जानकारी पर पहुंचे उसके मामा मोबिन की तहरीर पर पुलिस ने किन्नर पर आत्महत्या के लिये प्रेरित करने की रिपोर्ट दर्ज की थी। गुरुवार को पुलिस ने किन्नर को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उसे अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## कवरेज करने जाते समय टोल टैक्स से छूट की उठाई मांग

**बांगरमऊ।** तहसील क्षेत्र के प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने गुरुवार दोपहर एसडीएम नम्रता सिंह को सौंपे ज्ञापन में कहा कि तहसील बांगरमऊ व बेहटा मुजावर थानांतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर होने वाले हादसों की खबर की कवरेज करने के लिए उन लोगों एक्सप्रेस-वे पर जाने के लिए टोल प्लाजा से गुजरना पड़ता है।

जहां टोल कर्मियों द्वारा उनसे वाहन का टोलटैक्स वसूला जाता है। सभी ने एसडीएम से एक्सप्रेस-वे पर होने वाले हादसों की कवरेज के लिये रिपोर्टरों के वाहनों के टोलटैक्स की वसूली पर रोक लगाने की मांग की।

एसडीएम ने यूपीडा व संबंधित विभाग को पत्र भेजकर समस्या का समाधान कराने का ठोस आश्वासन दिया है।

# प्राण घातक हमले में 7 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** कोर्ट में विचाराधीन मुकदमे में सुलह के लिए दवाब को न मानने पर युवक ने उस पर डंडे से हमला कर घायल कर दिया था। गुरुवार को एडीजे-1 कोर्ट में मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। इसमें कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सात साल की कैद के साथ 11 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

बता दें कि माखी थानाक्षेत्र के सलेमपुर गांव के मजरा बलदेव खेड़ा निवासी रामविलास पुत्र स्व. कालीचरन ने 15 मार्च-2017 को कोरारी खुर्द गांव निवासी पुत्तन पुत्र शिवनंदन सिंह के विरुद्ध पुलिस को दी तहरीर में बताया कि था उसकी बेटी मटरी के द्वारा दर्ज कराए गए एक मामले में मुन्ना सिंह व मतई लोध को पुलिस ने जेल भेजा था। इसी केस की सुलह न करने पर पुत्तन आएदिन बेटी को जान से मारने की धमकी देता था। लेकिन बेटी ने इससे इंकार कर दिया। घटना के दिन दोपहर करीब एक बजे शौच जा रही बेटी पर पुत्तन ने लाठी-डंड़ो से प्रहार कर घायल कर दिया था। इसमें बेटी के सिर व आंख में गंभीर चोटें आई थीं।

वे लोग उसे अस्पताल लाए जहां डाक्टर ने बताया कि उसकी एक आंख फूट गई है। पुलिस ने हमलावर को जेल भेज दिया था। आईओ ने जांच के बाद आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। शासकीय अधिवक्ता अजय कुशवाहा की दलीलों के आधार पर एडीजे अल्पना सक्सेना ने आरोपी पुत्तन को दोषी ठहराया और सात साल की सजा सुनाई। इसके साथ उस पर 11 हजार जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने आदेश में वसूले गए जुर्माना में से 10 हजार रुपए पीड़िता को दिए जाने का आदेश दिया है।

- एक मुकदमे में सुलह का दबाव न मानने पर सिर पर डंडा मार कर घायल किया था

### एससी-एसटी एक्ट में चार को 3-3 साल की सजा

**उन्नाव।** विशेष न्यायालय एससीएसटी एक्ट में मारपीट व जातिसूचक शब्दों के प्रयोग मामले की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। कोर्ट ने चार आरोपियों को तीन-तीन साल की सजा के साथ जुर्माना भी लगाया। बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के नासिरखेड़ा गांव निवासी रमेश ने गांव के ही शिवकरन पुत्र बाबूराम, जीत बहादुर, बाबूराम पुत्रगण साहबलाल व मनोज कुशवाहा पुत्र स्व. श्यामलाल पर मारपीट व एससीएसटी एक्ट की रिपोर्ट 28 सितंबर-2003 को दर्ज कराई थी। आरोप था कि चारों ने उससे मारपीट की और जातिसूचक गालियां दी। गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता मनोज पांडेय द्वारा प्रस्तुत दलीलों के आधार पर एडीजे मो. असलम सिद्दिकी ने चारों को दोषी ठहराते हुए तीन-तीन साल की सजा और आठ-आठ हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

# शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण, रिपोर्ट

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गौरा कठेरवा गांव निवासी युवक द्वारा पर युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगा कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने मेडिकल कराकर युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

लखनऊ के काकोरी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने कोतवाली में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि चार साल पूर्व वह अपनी बड़ी बहन लखनऊ के फतेहगंज निवासी के यहां रहती थी। वहीं अजगैन कोतवाली के गौरा गांव निवासी युवक की रिस्तेदारी थी। वह भी वहीं रहता था। तभी उनके बीच प्रेम-संबंध हो गये और उसका हमारे घर आना-जाना शुरू हो गया। युवक ने शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया। काफी दिन बाद अब उसने शादी करने को कहा तो उसने मना कर दिया।

जब वह उसके घर गई तो उसके पिता व युवक ने गालीगलौज करते हुए धमकी देकर भगा दिया। पीड़िता ने युवक व उसके पिता के विरुद्ध तहरीर कोतवाली में दी है। कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

### अस्पताल में डॉक्टर व सिपाही में हुआ विवाद

पीड़ित का मेडिकल कराने आई महिला सिपाही पारुल व महिला डाक्टर ऋचा श्रीवास्तव में मेडिकल को लेकर विवाद हो गया। सिपाही ने इसकी सूचना कोतवाली में दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल ने अधीक्षक डा. राजेश से मिलकर जानकारी की और मामला शांत कराया।

**माह-ए-रमजान** पीठ पीछे बुराई और अपशब्दों के इस्तेमाल से बचना चाहिए

# छोटी सी गलती से टूट सकता रोजा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव




- रोजा रखने वाले को बिल्कुल झूठ नहीं बोलना चाहिए
- बीमार को दवाएं लेना जरूरी तो रोजा छोड़ना गुनाह नहीं

**अमृत विचार।** रमजान के दौरान छोटी-छोटी गलतियों से भी रोजा टूट सकता है। इसलिए सभी रोजेदारों को संबंधित बातों का खास ख्याल रखना होता है।

रमजान के दौरान वैसे तो किसी को भी अपशब्द नहीं कहना चाहिए, लेकिन रोजदार को तो खासकर इस पाबंदी का पालन करना चाहिए। इसलिए उन्हें रमजान के दौरान किसी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने पर रोजा टूटा माना जाता है। इसी तरह किसी को गलत निगाह से देखने पर रोजा रखने का कोई मतलब नहीं रह जाता है। इसलिए रमजान माह में रोजा रखने वालों इससे बचना होता है। इसी तरह रोजा रखने वाले को न तो झूठ बोलना चाहिए और न ही किसी की पीठ पीछे बुराई ही करनी चाहिए, क्योंकि यह भी रोजा टूटने का कारण बन सकता है।

### इन लोगों को रोजा न रखने की छूट

इस्लाम में रोजा रखना हर बालिग इंसान पर फर्ज बताया गया है। साथ ही छोटे बच्चों सहित जरूरत के लिहाज से कुछ लोगों को रोजा न रखने की रियायत दी गई है। हालांकि अब परिवार के बड़ों को देखकर छोटे बच्चे भी रोजा रखने की जिद पर अड़ते हैं, जिसे कई परिवारों में स्वीकार भी कर लिया जाता है। इस्लाम में सभी मुस्लिमों के लिए रमजान पर रोजा रखना जरूरी बताया गया है, लेकिन अगर किसी बीमार के लिए चिकित्सक की सलाह पर दवाएं लेना जरूरी है तो रोजा छोड़ना गुनाह नहीं माना जाता है। बीमार शख्स के लिए रोजा न रखना माफ है। वहीं मासिक धर्म (पीरियड्स) के दौरान महिलाओं के लिए रोजा न रखने की छूट है, लेकिन समयावधि बीतने पर संबंधित महिला को रोजा रखना चाहिए।

# नौकरी के नाम पर 23 लाख ठगने वाली युवती गिरफ्तार

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- पीड़ित ने अजगैन कोतवाली में दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** सचिवालय में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने के मामले में दर्ज रिपोर्ट में वांछित चल रही युवती को अजगैन पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव रंजीत खेड़ा निवासी जय करन पुत्र करुणा शंकर ने बीते वर्ष कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि सचिवालय में नौकरी लगवाने के नाम पर नितिन कुमार पुत्र भैरव प्रसाद, वर्षा रावत पुत्री भैरव रावत निवासी आजाद नगर पीपरखेड़ा कोतवाली गंगाघाट, सुनील पुत्र शिव कुमार तिवारी निवासी नेहरू नगर कोतवाली गंगाघाट ने उससे व उसकी बुआ के बेटे से अलग-अलग तारीखों में 23 लाख रुपये लिये थे। इसके बाद नौकरी न लगवाकर उनसे ठगी की गई। तहरीर के आधार पर अजगैन पुलिस ने उनके विरुद्ध धोखाधड़ी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी।

विवेचना के दौरान कूटरचित दस्तावेज व ठगी आदि की भी धाराएं बढ़ाई गईं। अजगैन कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि मामले में वांछित चल रही वर्षा रावत को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया है। उसे गिरफ्तार करने में दरोगा धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, आरक्षी अर्पित कुमार, यशवीर, कुमारी विमल व गुडिया शामिल रहीं।

# एसडीएम ने पोलिंग बूथों की देखी हकीकत, अफसरों को दिए निर्देश

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


बूथ का निरीक्षण करतीं एसडीएम प्रज्ञा पांडेय व ईओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुये गुरुवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम ने पालिका क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जहां उनके साथ पालिका ईओ मौजूद रहे। इस दौरान जिन बूथों में एसडीएम को कमियां मिली। उन्हें जल्द दूर करने के निर्देश दिये। जिससे मतदान के दौरान मतदाताओं को कोई परेशानी न उठानी।

लोकसभा चुनाव को देखते हुये गंगाघाट क्षेत्र में बनाये गये मतदान केन्द्रों में कोई कमियां न रहे। इसके लिये गुरुवार को डीएम के निर्देश पर एसडीएम प्रज्ञा पांडे नगर पहुंची। जहां ईओ पालिका मुकेश मिश्रा, लेखपाल अशोक सैनी के साथ मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान जिन बूथों में सुरक्षा, बिजली, पानी, शौचालय के साथ वोटरों के आवागमन की व्यवस्था पूरी न होने पर चुनाव से पहले व्यवस्था पूरी करने के निर्देश दिये। लेखपाल ने बताया कि पालिका क्षेत्र के बूथ संख्या 340, 341, 370, 371 आदि बूथों का निरीक्षण किया। जहां भी खामियां मिली हैं, उन्हें लोकसभा चुनाव से पहले दूर कर लिया जायेगा। जिससे चुनाव के दौरान किसी को कोई पेरशानी न उठानी पड़े।

## एक नजर

### युवती ने किराएदार पर लगाया चोरी का आरोप

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आजाद नगर निवासी युवती ने किराएदार पर चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आजाद नगर निवासी सुरजन सिंह की बेटी पूजा ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दिये प्रार्थनापत्र में बताया कि वह मुंबई में काम करती है। बताया कि उसकी मां जयपुर रिश्तेदार के घर में गई थी। कमरे में रखी आलमारी में 1.10 लाख रुपये रखे थे। आरोप है कि किराएदार ने उसमें से 40 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### दहेज हत्या में पति को आजीवन कारावास

**फतेहपुर।** दहेज हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही नौ हजार के अर्थ दंड से भी दंडित किया है। अभियोजक अनिल दुबे व शिव किशोर ने बताया कि कौशांबी जनपद के सिवा हब्बू नगर निवासी नंदलाल रैदास ने अपनी बेटी रचना देवी की शादी बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बसंती खेड़ा निवासी अभिमन्यु रैदास से 2015 में की थी। पति दहेज को लेकर बेटी को प्रताड़ित करता था। आठ दिसंबर 2020 की रात को आरोपी अभिमन्यु रैदास ने रचना को पीटा। रचना की 10 दिसंबर 2020 को मौत हो गई।

# समय से विद्यालय न पहुंचने पर शिक्षिकाओं से स्पष्टीकरण तलब

## पढ़ने के बजाय बरगद की जटाएं पकड़कर झूला झूलते रहते नेवल गांव के नौनिहाल

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** विभागीय अफसरों की लाख कोशिशों के बाद भी परिषदीय शिक्षक-शिक्षिकाएं समय पर विद्यालय नहीं पहुंच रहे हैं। कई बार शिक्षकों की मौजूदगी के बाद भी मौका मिलते ही छात्र-छात्राएं विद्यालयों में खेलते दिखते हैं। वहीं अध्यापकों की नामौजूदगी में तो उन्हें पूरी आजादी मिल जाती है। क्षेत्र के नेवल गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार सुबह साढ़े नौ बजे तक कोई विद्यालय नहीं पहुंचा। इस पर बीईओ ने विद्यालय में तैनात शिक्षण स्टाफ को कारण बताओ नोटिस जारी की है।

बांगरमऊ क्षेत्र के नेवल गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में छात्र संख्या 136 है। जिन्हें शिक्षित बनाने के लिए विभाग ने प्रभारी शिक्षिका रचना के अलावा सहायक शिक्षिका सोनी गुप्ता, शालिनी पाल व प्राची कटियार को तैनात किया है। गुरुवार साढ़े नौ बजे तक यहां तैनात कोई शिक्षिका विद्यालय नहीं पहुंचीं। हालांकि विद्यालय की रसोइयां ने स्कूल के ताले खोल दिए थे। अभिभावक लगातार शिकायतें कर रहे थे कि शिक्षिकाएं तय समय पर विद्यालय नहीं पहुंचती हैं। गुरुवार को भी साढ़े नौ बजे तक कोई शिक्षिका विद्यालय नही पहुंचीं। जबकि रसोइयां ने बच्चों के लिए तय समय पर ही ताला खोल दिया था। लेकिन घर से विद्यालय पहुंचे छात्र-छात्राएं शिक्षिकाओं की अनुपस्थिति में कक्षा में न जाकर विद्यालय परिसर के पास लगे पेड़ के पास उछल-कूद करते रहे। अधिकांश बच्चों ने पेड़ पर झूला झूलना शुरू कर दिया। अभिभावकों का कहना है कि ऐसे में बच्चों के घायल होने की आशंका बनी रहती है। इसीलिए पूर्व में यहां तैनात बीईओ से शिक्षिकाओं के समय पर न पहुंचने की शिकायते की जा चुकी हैं, लेकिन उनकी मनमानी में सुधार नहीं हो रहा है।

गुरुवार को किसी ने परिषदीय विद्यालय में खेलते हुए बच्चों की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जो वायरल होकर बीईओ तक पहुंच गई। इसलिए बीईओ ने विद्यालय में तैनात सभी शिक्षिकाओं से स्पष्टीकरण मांग लिया है। जिससे संबंधित शिक्षिकाएं अब बचाव के लिए स्पष्टीकरण का मजमून पूछते घूम रही हैं।


बरगद के पेड़ की लताओं को पकड़कर झूलते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### सुविधाजनक और सुरक्षित है बांगरमऊ आना-जाना

जिला मुख्यालय की ही तरह बांगरमऊ के तमाम विद्यालयों तक पहुंचना सुविधाजनक रहता है। इसके चलते लखनऊ व कानपुर में रहने वाले शिक्षक-शिक्षिकाएं इस क्षेत्र में तैनाती करा लेते हैं। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती स्कूलों में उच्चाधिकारियों के निरीक्षण की अधिक संभावना रहती है। जबकि इस दूरस्थ क्षेत्र में प्राय: बीएसए व बीईओ ही निरीक्षण करने पहुंचते हैं। इसीलिए कई विद्यालयों में तैनात कोई भी अध्यापक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते हैं। शिक्षिकाओं में लेट-लतीफी विद्यालय पहुंचने वालों की संख्या अधिक है। पुरुष प्रधानाध्यापक बेवजह के आरोपों से बचने के लिए अधिक सख्ती नहीं कर पाते हैं।

# डंपरों में भिड़ंत, क्लीनर घायल, लगा जाम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गुरुवार सुबह लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहे एक डंपर चालक ने हाइवे स्थित त्रिभुवन खेड़ा मोड़ के पास अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे पीछे से आ रहा डंपर उसमें घुस गया। जोरदार भिड़ंत में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिये भेजा। इस दौरान हाइवे पर घंटों जाम लगा रहा।

सुबह करी नौ बजे लखनऊ कानपुर हाइवे स्थित गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के त्रिभुवन खेड़ा मोड़ के पास एक डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे पीछे से आ रहा डंपर भिड़ गया। डंपरों की भिडंत में क्लीनर जीतेन्द्र (26) निवासी टपेसिवाह थाना रामनगर जनपद बाराबंकी गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि वहीं का रहने वाला चालक शिवराज बाल-बाल बच गया। दुर्घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर जाजमऊ चौकी इंचार्ज पहुंचे और डंपर में फंस क्लीनर को बाहर निकाला। जिसके बाद उसे इलाज के लिये भेजा। वहीं क्षतिग्रस्त डंपर हाइवे पर खड़े होने के कारण बड़े वाहन नहीं निकल सके। जिससे हाइवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन मंगाई और क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे कराया। जिसके बाद जाम हट सका।



हाईवे पर क्रेन से क्षतिग्रस्त डंपर हटवाती पुलिस। अमृत विचार

### पैचवर्क का काम, हाईवे पर पूरे दिन रेंगे वाहन

**शुक्लागंज उन्नाव।** लखनऊ कानपुर हाइवे की सड़क पर तमाम छोटे-बड़े गड्ढे बने हुये थे। जिस कारण रोजना हाइवे पर वाहन रेंगते हुये गुजर रहे थे। जिसे देखते हुये गुरुवार को एनएचआई ने हाइवे पर पैचवर्क का काम शुरू कराया। कार्य के दौरान हाइवे से वाहन रेंगते हुये गुजरे। वहीं कई बार जाम की स्थिति भी बनी रही। गुरुवार सुबह एनएचआई की ओर से हाइवे स्थित कर्मी बिझलामऊ गांव के सामने से पैचवर्क का काम शुरू कराया गया। कार्य के दौरान मशीनें लखनऊ कानपुर लेन पर खड़ी रही। जिससे मार्ग संकरा हो गया और जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में हाइवे पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। जिस पर मौजूद कर्मियों ने एक-एक कर वाहनों को निकाला। कई बार भीषण जाम लगने से राहगीर और लंबी दूरी के यात्री परेशान रहे। पैचवर्क को लेकर पूरे दिन वाहन रेंगते हुये निकले। शाम के समय कार्य समाप्त होने के बाद यातायात सामान्य हो सका।

# लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर होगी भाजपा की जीत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- केंद्र व प्रदेश सरकार सभी वर्गों के हितों में कार्य कर रही
- घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियां बताएं कार्यकर्ता

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा उत्तर प्रदेश में अस्सी सीटें जीतेगी, क्योंकि केंद्र व प्रदेश सरकार सभी वर्गों के हितों में कार्य कर रही है। इतना ही नहीं भाजपा कार्यकर्ता अभी से ही घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। जिससे एक बार फिर केन्द्र में मोदी सरकार बनेगी।

यह बात गुरुवार दोपहर लखनऊ से कानपुर जाते समय मरहला चौराहे पर स्वागत के दौरान लखनऊ खंड शिक्षक एमएलसी एवं दैवीय आपदा प्रबंधन समिति के सभापति उमेश द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि होने वाले लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दैवीय आपदाओं पर सरकार तुरंत एक्शन ले रही है। भरपाई के लिये पीड़ितों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

जिसके बाद उन्हें प्रतीक चिंह भेंट किया। स्वागत करने वालों में वेणु रंजन भदौरिया, गंगा सागर यादव, शिवम तिवारी, राजू यादव, हरीश शुक्ला, धर्मेन्द्र यादव, राजेन्द्र शुक्ला, अशोक श्रीवास्तव, विनोद गौतम, महेश शर्मा, रामलखन यादव, शिवशंकर आदि मौजूद रहे।


मरहला चौराहे पर शिक्षक एमएलसी का स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

# पूर्व विधायक ने प्रतिमा अनावरण पर जताई नाराजगी

**उन्नाव।** सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक सुंदर लाल लोधी ने चंद्रिका खेड़ा गांव में अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा के अनावरण पर नाराजगी जताई है। उन्होंने दावा किया कि झंडा वाला पार्क लखनऊ का नामकरण शहीद को समर्पित करते समय उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव से पुलिस प्रशिक्षण केंद्र कालीमिट्टी का नामकरण गुलाब सिंह लोधी के नाम पर करने के साथ कालीमिट्टी चौराहा पर ही उनकी कांस्य प्रतिमा स्थापित कराने की मांग की थी। इधर प्रतिमा स्थापना की सुगबुगाहट शुरू होने के साथ लोधी बिरादरी के स्थानीय प्रबुद्ध लोग सांसद से मिलकर कालीमिट्टी चौराहा या जिला मुख्यालय स्थित गांधीनगर तिराहा पर स्थापित कराने की मांग करते आ रहे थे। सपा नेता ने आरोप लगाया कि वोट की राजनीति के चलते ऐसा किया गया।

# गंगाघाट में चल रही असलहा फैक्ट्री पकड़ी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजीव नगर खंती में रहने वाला एक अपराधी काफी सालों से अवैध असलहा फैक्ट्री संचालित कर रहा था। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान पुलिस ने एक युवक को तमंचे के साथ पकड़ा। जहां उसने पूछताछ में अपराधी से तमंचा लेने की बता बताई। जिस पर गंगाघाट, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर लोकसभा चुनाव से पहले अवैध असलहा फैक्ट्री पकड़ी और बने, अधबने असलबों के साथ संचालक को गिरफ्तार किया। जिसका गुरुवार को उन्नाव में एएसपी साउथ ने उन्नाव में खुलासा किया।

गुरुवार को उन्नाव में एएसपी साउथ प्रेमचंद्र ने गंगाघाट में पकड़ी गई अवैध असलहा फैक्ट्री का खुलासा करते हुये बताया कि गंगाघाट कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति को क्षेत्र में अवैध असलहा तस्करी की मुखबिर से सूचना मिली। जिसकी जानकारी उन्होंने एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना को दी। एसपी ने खुलासे के लिये गंगाघाट पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम को लगाया गया। जहां बुधवार देर रात मुखबिर की निशानदेही पर रेलवे स्टेशन मुख्य गेट के पास से ग्राम चिन्तामणि कोतवाली नगर जनपद कन्नौज हाल पता लोधुवाखेडा रामपुर थाना ग्वालटोली जनपद कानपुर नगर निवासी शनि उर्फ पटौनी को हिरासत में लिया। जहां पूछताछ में उसने बताया कि राजीव नगर खंती निवासी इंसान अली असलहा की सप्लाई करता है। जिस पर पुलिस ने देर रात राजीव नगर खंती में दबिश दी।

जहां इन्सान अली के घर बने, अधबने तमंचा और उपकरण के साथ इंसान अली गिरफ्तार किया। एएसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी पर कई आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। उसके गिरोह में शामिल अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। वहीं पुलिस ने इंसान अली और शनि उर्फ पटौनी के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेजा है।


उन्नाव में अवैध असलहा फैक्ट्री का खुलासा करते एएसपी प्रेम चंद्र। अमृत विचार

### इन टीमों ने छापेमारी कर पकड़ी फैक्ट्री

असहला फैक्ट्री पकड़ने वालों में कोतवाली प्रभारी, दरोगा कृष्णकांत, इंद्रेश कुमार के अलावा सिपाही प्रशांत, सचिन, राघवेंद्र, गिरीश के अलावा एसओजी प्रभारी शरद कुमार, हेड कान्सटेबल सुनील कुमार, आशीष मिश्रा, रवि कुमार व सर्विलांस हेड कान्सटेबल राधेश्याम, सिपाही शुभम तोमर शामिल रहे।

### तमंचा बनाने का यह सामान हुआ बरामद

एएसपी ने बताया कि इंसान अली के मकान से चार तमंचा 5 कारतूस, एक अद्धी, तीन नाल लोहा, तीन तमंचे की बट बाडी अर्द्ध निर्मित, दो स्प्रिंग, तीन छेनी, पतली राड फायरपिन, एक लोहे का कतरन, एक हथौड़ा, एक सडसी, एक रेती, एक हिस्सा मय प्लेट रेगमाल, के अलावा लकड़ी में छेद करने वाली बर्मी बरामद हुई।

# खेत में किसान पर जंगली जानवर ने किया हमला

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के नया खेड़ा निवासी एक किसान गुरुवार दोपहर खेतों पर काम कर रहा था, तभी जंगली जानवर ने उसे पर हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मझरा पीपर खेड़ा के नया खेड़ा निवासी मुन्नीलाल (62) खेती किसानी का काम करता है। गुरुवार दोपहर वह अमरुद के खेतों पर काम कर रहा था, तभी एक जंगली जानवर ने उस पर हमला बोल दिया। जिससे उसके सिर और हाथों पर गंभीर चोटें आई। शोर सुन आस पास के किसान लाठी लेकर पहुंचे।


अस्पताल में भर्ती घायल किसान मुन्नीलाल।

# इंद्रानगर में चला सफाई अभियान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गुरुवार को चेयरमैन व ईओ के निर्देश पर सफाई कर्मी वार्ड-3 इंद्रा नगर पहुंचे। जहां कर्मियों ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत साफ-सफाई की। वहीं शाम को फागिंग भी हुई।

चेयरमैन कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर गुरुवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड तीन इंद्रा नगर पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। इसके साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई की गई। जिसके बाद पालिका कर्मियों ने सिल्ट हटाई गई। वहीं शाम के समय पालिका ने वार्ड दो की सभी गलियों में फागिंग कराई गई। ईओ ने बताया कि इसी तरह 11 अप्रैल तक बराबर यह अभियान चलाया जायेगा।


इंद्रा नगर में फागिंग करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

# मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत होने पर रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के कटहा गांव निवासी गांव में रहने वाले एक युवक का बुधवार रात हाइवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई थी। जिस पर मृतक के पिता ने अज्ञात वाहन के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।कटहा गांव निवासी रामेश्वर का बेटा संजय निषाद की बुधवार रात बाइक से त्रिभुवन खेड़ा गया था, जहां कानपुर लखनऊ हाइवे स्थित गांव के सामने अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई थी।


गंगाघाट क्षेत्र में अर्धसैनिक बल के साथ रूट मार्च करतीं एसडीएम व सीओ।

# फोर्स के साथ निकले एसडीएम-सीओ

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** आगामी लोक सभा चुनाव और त्योहारों को देखते हुये गुरुवार शाम डीएम एसपी के निर्देश पर एसडीएम और सीओ सिटी ने अर्द्धसैनिक बल के साथ रूट मार्च किया। जहां अचानक भारी पुलिस देख लोगों में हड़कंप मच गया।

डीएम और एसपी के निर्देश पर गुरुवार शाम एसडीएम प्रज्ञा पांडे, सीओ सिटी सोनम सिंह गंगाघाट कोतवाली पहुंची। जहां कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति, गंगाघाट पुलिस फोर्स और अर्द्धसैनिक बल के साथ फोरलेन पर रूट मार्च किया। लोगों को पता चला कि लोक सभा चुनाव के अलावा रमजान, होली और त्योहारों को लेकर रूट मार्च किया जा रहा है।

## धर्म-अध्यात्म

### कथा व्यास बोले, यदि व्यक्ति का प्रेम सच्चा है तो एक दिन उससे रिश्ता जुड़ ही जाता है

# श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह में गूंजा जय कन्हैया लाल की

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** गंजमुरादाबाद विकासखंड के गांव चकहनुमान स्थित आस्था श्रीचंद्र मथुरेश्वर धाम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास आचार्य अवधेश द्विवेदी ने रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। कहा कि यदि किसी व्यक्ति का प्रेम सच्चा हो तो एक न एक दिन उससे रिश्ता जुड़ ही जाता है।

आचार्य ने कहा कि रुक्मिणी विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री थीं। वह बहुत सुंदर व सरल स्वभाव की कन्या थीं। जो भी राजा के दरबार में आता वह भगवान श्रीकृष्ण के ही गुणगान करता। जिससे रुक्मिणी मन ही मन श्रीकृष्ण से बिना देखे प्रेम करने लगीं और उन्हें अपना पति मान लिया। राजा भीष्मक ने अपने पुत्र रुक्म के कहने पर रुक्मिणी का विवाह रुक्म के परम मित्र चेदिराज शिशुपाल से तय कर दिया। यह सुनकर रुक्मिणी विचलित हो गईं और तब अपनी सहेली द्वारा भगवान श्रीकृष्ण को संदेश भेजा कि उसका विवाह शिशुपाल से तय हो रहा है। मैं आपसे अटूट प्रेम करती हूं। यदि आपसे मेरा विवाह न हुआ तो मैं आत्महत्या कर लूंगी। उधर शिशुपाल बारात लेकर विदर्भ पहुंचता है। वहीं, भगवान श्रीकृष्ण भी विदर्भ पहुंच जाते हैं और रुक्मिणी को अपने रथ पर बैठाकर द्वारिका पुरी चल देते हैं। रुक्मिणी का भाई रुक्म सेना लेकर श्रीकृष्ण का पीछा करता है। रास्ते में दोनों में युद्ध होता है। जिसमें श्रीकृष्ण रुक्म और उसकी सेना को परास्त कर देते हैं। इसके बाद रुक्म वापस लौट जाता है और श्रीकृष्ण रुक्मिणी को लेकर द्वारिकापुरी पहुंचते हैं। जहां दोनों का विवाह होता है। श्रीकृष्ण-रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग सुन पांडाल में जय कन्हैया लाल गूंज उठा।

# जीवन में चरित्र ही समाज को अमरता प्रदान करता है

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में तीन दिन से चल रहे 10वें सनातन धर्म सत्संग समारोह के अंतिम दिन वक्ताओं ने भक्तों के मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए भगवान की मनोहारी कथाओं का रसपान कराया।

आयोजन में शाहजहांपुर, सीतापुर, नैमिषारण्य, कानपुर, वृंदावन, यशोदा नगर आदि जगह से आए रामायणी मनीषियों ने भागवत कथा के माध्यम से निष्काम कर्मयोग में निरत रहने का संदेश दिया। महंत रामस्वरूप ब्रह्मचारी ने समाज में हो रहे चरित्र की गिरावट पर सचेत करते हुए कहा कि जीवन में चरित्र ही समाज को अमरता प्रदान करता है। चरित्र नष्ट होने पर कुछ शेष नहीं रहता। फिर अपने देश में तो अनेक महापुरुषों व विद्वानों ने जन्म लेकर इस धरती का श्रृंगार किया है। किंतु उनके आदर्शों पर न चलने से पैदा कलुषित वातावरण आज दुखदायी बन चुका है। कहा कि राम का कृतित्व उनके आदर्श चरित्र के बल पर ही हमें प्रेरणा दे रहा है। आचार्य माधवाश्रम जी व श्री रामाश्रम जी ने सत्संगति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्संग ही मानव की बुद्धि का परिष्कार करता है। कर्म ही प्रधान है किंतु वह निष्काम भाव से किया जाए तो जीवन सफल हो जाएगा। प्रहलाद जी मिश्र व मानस महारथी प्रवीण जी तिवारी आदि ने भी पिता-पुत्र, भाई-बहन व पत्नी आदि के धर्मों की व्याख्या की।


सफीपुर के मिर्जापुर में सत्संग करते संत व मनीषी। अमृत विचार

# सभी छात्रों का ब्योरा प्रेरणा पोर्टल पर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- समग्र शिक्षा अभियान की सफलता को आयोजित हुई कार्यशाला
- ब्लाक क्षेत्र को शीघ्र निपुण घोषित कराने पर बीईओ ने दिया जोर

**अमृत विचार।** सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के एसएमसी (विद्यालय प्रबंध समितियों) के लिए एक दिवसीय कार्यालय आयोजित हुई, जिसमें सीएमसी अध्यक्ष व सचिव को समग्र शिक्षा अभियान की विस्तार से जानकारी दी गई। बीईओ ने ब्लाक को शीघ्र से शीघ्र निपुण घोषित कराने पर जोर दिया गया। साथ ही डीबीटी के लाभ से किसी बच्चे को वंचित न रहने देने का संकल्प लिया गया। कहा कि कायाकल्प योजना के प्रति भी शिक्षण स्टाफ खासकर प्रधान शिक्षक को जागरूक रहना चाहिए।

बाबू जयशंकर गया प्रसाद महाविद्यालय छांछीराई खेड़ा में आयोजित कार्यशाला में बीईओ अखिलेश वर्मा ने के हुई। बीईओ अखिलेश वर्मा ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालयों में ग्राम पंचायत में निवास करने वाले छह से 14 वर्ष के सभी बच्चों को प्रवेश दिलाने का प्रावधान है। नामांकित सभी विद्यार्थियों का विवरण प्रेरणा पोर्टल पर अंकित करते हुए पंजीकरण किया जाता है। सभी बच्चों को डीबीडीटी का लाभ दिलाने के लिए अभिभावकों के आधार व बैंक खाता संख्या भी विभाग को उपलब्ध कराना जरूरी है। बैंक खाता आधार से लिंक भी होना चाहिए। प्रधान शिक्षक सहित एसएमसी अध्यक्ष के नाते ग्राम प्रधानों को इसके लिए जागरूकता दिखानी चाहिए। कहा कि ब्लाक क्षेत्र को निपुण घोषित कराने के लिए सभी विद्यालय समितियों को वरीयता पर रखना होगा। कार्यक्रम का संचालन एआरपी लोकेश मिश्रा और अशोक सूर्यवंशी ने किया। इससे पहले मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश वाजपेयी, बीडीओ डा. संतोष श्रीवास्तव, सीडीपीओ दिनेश प्रजापति, समाज सेवी बैजनाथ सिंह व प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष विनोद सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। वहीं सुमेरपुर कंपोजिट विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना के साथ स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर समाज एडीओ पंचायत हरिओम तिवारी, पीएचसी अधीक्षक नरेंद्र कृष्ण, वरुण मिश्रा, देश दीपक पांडेय, प्रधान संघ सुमेरपुर के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ऊर्फ प्रिंसू सिंह, जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक वर्मा, एआरपी आशेंद्र सिंह, रवि शंकर पांडेय, आशीष दीक्षित, कृष्ण मुरारी मिश्रा, अरुणेंद्र प्रताप सिंह, मनीष सिंह, मणि शंकर तिवारी, महेंद्र प्रताप सिंह, दिनेश कुमार, रामदेव यादव, हरिओम सिंह, रोहित परिहार, राहुल यादव, आमोद गौतम, योगेश यादव, सुशील द्विवेदी, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है ,विद्या की रक्षा अभ्यास से ,सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।

## संपादकीय

# भारत की स्थिति में सुधार

संयुक्त राष्ट्र ने मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) के ताजा आंकड़े जारी किए। इनमें भारत की स्थिति में लगातार दो वर्ष की गिरावट के बाद बड़ा सुधार देखने को मिला है। गुरुवार को जारी एचडीआई पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में 134वें स्थान पर पहुंच गई है, जबकि 2021 में 191 देशों में से यह 135वें स्थान पर थी। मानव विकास से जुड़े ताजा आंकड़ों में भारत में जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) में सुधार आया है। लोगों में जीने की चाह और कमाई में बढ़ोतरी हुई है। उल्लेखनीय है कि 1990 के बाद से, जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ गई है, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष में 4.6 वर्ष का और औसत वर्ष में 3.8 वर्ष का इजाफा हुआ है। भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई लगभग 287 प्रतिशत बढ़ी है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई-2022) में 14 रैंक की छलांग देश के लिए अहम है। पिछले 10 वर्षों में, जीआईआई में भारत की रैंक लगातार बेहतर हुई है, जो देश में स्त्री-पुरुष समानता हासिल करने में प्रगतिशील सुधार का संकेत देती है। 2014 में यह रैंक 127 था, जो अब 108 हो गई है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी बड़ी सफलता हासिल की है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत का प्रदर्शन इसको वैश्विक और दक्षिण एशियाई औसत से बेहतर रहा है। यह सरकार के दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक विकास के उद्देश्य का परिणाम है जिसके तहत नीतिगत पहलों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक एजेंडा निर्धारित किया गया। यूएनडीपी गरीबी उन्मूलन, असमानता को कम करने हेतु लगभग 70 देशों में कार्य करता है। देश के विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतियों, नेतृत्व कौशल, साझेदारी क्षमताओं तथा संस्थागत क्षमताओं को विकसित करने और लचीलापन बनाने में मदद करता है। सूचकांक की गणना तीन प्रमुख संकेतकों-जीवन प्रत्याशा, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष, शिक्षा के औसत वर्ष और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय के अंतर्गत की जाती है। यानि जीवन में चौतरफा विकास से जुड़े अलग-अलग पहलुओं का अध्ययन करने के बाद यह सूचकांक तैयार किया जाता है। यह रिपोर्ट भारत के लिए इसलिए खास मानी जा रही है क्योंकि रिपोर्ट में मानव जीवन के विकास से जुड़े दूसरे अलग-अलग पहलुओं का भी गहन अध्ययन कर उनको भी इंडेक्स में शामिल कर सिलसिलेवार तरीके से उल्लेख किया गया है।

# शोधकार्य में भारतीय दार्शनिक पृष्ठभूमि की जरूरत



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**हम मान क्यों नहीं लेते कि कार्ल पॉपर और भारत में प्राचीन और आधुनिक विज्ञान दर्शन में संगम देखने वाले चिंतकों की परंपरा में जाने-माने नाम भी शोध चिंतन को विशुद्ध रखने में सफल नहीं हो सकते थे।**

शोध चिंतन नए ज्ञान के सृजन से पहले का एक फलसफा होता है। विषय से संबद्ध टॉपिक के बारे में चिंतन की प्रक्रिया का एक क्रमिक इतिहास भी होता है। भारत में शोध चिंतन और पद्धतियों के बारे में ज्ञान मौजूद रहा,लेकिन 'एक्सपेरिमेंटल फ्लेवर' गायब हो गया जिसके लिए राज्याश्रय और सहयोगियों की जरूरत रहती है।

देश में शोध के लिए क्षेत्रीय चिंतकों का अभाव हुआ तो मौलिक चिंतन की अधिकांश धाराएं सूखती रहीं और ब्रिटिश आधिपत्य का असर सन् 1763 के बाद से हम पर बढ़ने लगा। पीछे लौटने का कोई अवसर नहीं बचा। ब्रिटिश लोगों ने हमारे अधिकांश 'मटेरियल कल्चर' को बदल दिया जिसकी जड़ में थी। हमारी शिक्षा पद्धति और शैक्षिक टूल्स जैसे कि भाषा और व्याकरण, खगोलीय गणनाएं और गणित, केमिस्ट्री और एस्ट्रोनॉमी एवं आयुर्विज्ञान। अपने रंग में क्रमशः रेंज जाने के लिए ब्रिटिश लोगों ने देश में जिस तरह से यूरोपियन पद्धति में गवेषणा और अन्वेषण के लिए अनेक अर्द्ध और पूर्णतः वैज्ञानिक संस्थान स्थापित किए उनके कार्यकलापों के चलते आने वाले समय में परिवेशी भारतीय सांस्कृतिक चिंतन से जुड़ी हुई वैज्ञानिक पद्धति में बदलाव होने लगे। इससे भारतीय शोध चिंतन के दर्शन का भी ब्रिटिश पद्धति से 'इंस्टिट्यूशनलाइजेशन' होने हुआ।

ब्रिटिश लोगों के जाने के बाद भारत में जिन अनेक वैज्ञानिक,तकनीकी,इंजीनियरिंग और उच्चतर शिक्षा संस्थानों की स्थापना की झड़ी लगी तब इन्हें भी मजबूरन उसी लीक पर चलाया गया,ऐसा तो नहीं कहेंगे,परंतु इनका अधिकांश रंग-ढंग आधुनिक और यूरोपियन ही रहा। भारतीय वैज्ञानिक दर्शन से उपजने वाला चिंतन अब सिर्फ पृष्ठभूमि के रूप में एक कुलबुलाते हुए जीवाश्म के रूप में बचा है। पीछे लौट जाना नामुमकिन ही है,क्योंकि रास्ते में ऐसे पावरफुल फिजिकल बैरियर्स उठ खड़े हुए हैं,जिन्हें ध्वस्त करना बस की बात नहीं। शोध चिंतन की मुख्य धारा अब एक प्रकार से 'यूनिवर्सल' हो गई है जिसे न तो आधुनिक आर्थिक साम्राज्यवादी चिंतन से मुकाबला करके हम बदल सकते हैं और न ही प्राचीन सभ्यताओं का शक्तिशाली माना जाने वाला वह जैविक सांस्कृतिक परिवेश (कल्चरल इकोलॉजी) जिस पर हरेक मातृदेश खासतौर से भारत नित गर्व करता है,इसके आवेग को रोक सकता है, उलटा प्रतिक्रिया स्वरुप इसे गौरवान्वित करते रहने के लिए नित नए आयोजन करता है।

**शोध संचार की भाषा अब अंग्रेजी है और मेथड अत्याधुनिक और मशीन आधारित। हमारे प्राचीन लौह-धातु कर्मियों और रसायनज्ञों के ज्ञान से अब हम अपने स्पेस और एटॉमिक एनर्जी प्रोग्राम को नहीं चला सकते।**

हम मान क्यों नहीं लेते कि कार्ल पॉपर और भारत में प्राचीन और आधुनिक विज्ञान दर्शन में संगम देखने वाले चिंतकों की परंपरा में जाने-माने नाम भी शोध चिंतन को विशुद्ध रखने में सफल नहीं हो सकते थे। शोध चिंतकों और विज्ञान की अनेक शाखाओं में पश्चिम के फलस्फाकारों की संख्या अत्यधिक है। विज्ञान से संबंधित अभिलेखागारों को देखें तो करोड़ों की संख्या में अपने प्रकाशनों के जरिए से इन्होंने इसे इतना ताकतवर बना दिया है कि अब सभी प्राचीन सभ्यताओं में स्वतंत्र चिंतन की गुंजाईश नहीं बची है। चाहे यह मिस्र देश हो,भारत या चीन हो या मेसोपोटामिया के अवशेषों को छिपाए हुए ईराक और ईरान।

शोध संचार की भाषा अब अंग्रेजी है और मेथड अत्याधुनिक और मशीन आधारित। हमारे प्राचीन लौह-धातु कर्मियों और रसायनज्ञों के ज्ञान से अब हम अपने स्पेस और एटॉमिक एनर्जी प्रोग्राम को नहीं चला सकते। कुछ रोज पहले महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय,वर्धा में प्रोफेसर,कृपाशंकर चौबे ने इस बारे में एक समाचार पत्र में प्रकाशित लेख के जरिए से यह मुद्दा उठाया है कि हम विशुद्ध भारतीय दार्शनिक चिंतन से अपने शोधकार्यों की धारा क्यों नहीं मोड़ लेते? उन्होंने इसमें एक स्थान पर शोधकार्य के चिंतन में 'व्यावहारिक पक्ष' शब्दयुग्म का प्रयोग किया है। मेरा मानना है कि खालिस तौर से भारतीय शोध चिंतन की विरासत के बल पर हम दुनिया में कहीं और क्या हो रहा है उसका मुकाबला नहीं कर सकते। दुनिया में शोध चिंतन और इसका व्यवहार अत्यंत कम्पीटीटिव हो चुका है। शोध के नतीजे को साझा करने के लिए इंटरनेट के जरिए तीव्रता से इसके प्रसार,थ्योरेटिकल रूप से इसका उपयोग करने जैसे कि नैदानिकी और उपचार में और टेक्नोलॉजी कंवर्जन के जरिए से गैजेट्स में बदलने के लिए अब दशकों और सदियों का विलंब नहीं होता। कमर्शियल रूप से इसका फायदा ही नहीं,बल्कि टेक्नोलॉजीकल बढ़त मिलने से राष्ट्र ताकतवर बनते हैं। जैसा कि मिलिट्री हार्डवेयर और विनाशक अस्त्र और संचार के साधनों के विकास और इनका कंट्रोल किस के हाथ में है,इससे प्रतीत होता है।

शोध चिंतन अब यूनिवर्सल कैरेक्टर अख्तियार कर चुका है और आपसी सहयोग या कोलैबोरेशन और कूटनैतिक आश्रय के बिना एक भी देश अकेला पावरफुल नहीं बना रह सकता। व्यक्ति में समाई हुई एकल शोध वृत्ति या एक ही व्यक्ति के चिंतन से चलने वाले शोध चिंतन की पारंपरिक भारतीय पद्धति से हम किस नाते सुपर-पॉवर बनने का स्वप्न देख सकते हैं? इसीलिए शोध चिंतन की अपनी विरासत की सीमा पर एक बार फिर से दृष्टि डालें तो मालूम होता है कि अंग्रेज या अन्य यूरोपियन कॉलोनियल पावर्स ने टेक्नोलॉजी के विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व शोध चिंतन के उदय का पूरा फायदा उठाया और साहसिक कदम उठाए। यह माना जाता है कि चिंतन एक 'एबस्ट्रेक्ट' एंटिटी है और इसकी फॉर्म इनटेंजीबल। आधुनिक यूनिवर्सल पद्धति से शोध चिंतन में भारतीयता का पुट कैसे डाला जा सकता है और इसकी मात्रा कितनी होनी चाहिए यह तो वैज्ञानिक-दर्शन चिंतन से उपजे नतीजे,इसके इस्तेमाल से बनाए जाने वाले उत्पाद और टेक्निक्स और टेक्नोलॉजी के सामाजिक और आर्थिक तजुर्बों को महसूस करने वाले हमारे वरिष्ठ वैज्ञानिक ही बता सकते हैं। आचार्य चंद्रशेखर वेंकट रमण ने भारतीय वाद्ययंत्र वीणा के तारों को एक पद्धति और क्रम से अंगुलियों की ताकत लगाकर हिलाने से पैदा हुई झंकार (फ्रीक्वेंसी एंड रेजोनेंस) पर शोध करके यह बताया कि इसकी ध्वन्यात्मक प्रॉपर्टीज क्या और क्यों हैं? भारतीय तंत्रीवाद्यों में वीणा प्राचीनतम वाद्य यंत्र हैं और इसकी फॉर्म भी अनेक हैं,जैसे कि नारदीय वीणा। दूसरा उदाहरण है आचार्य जगदीश चन्द्र बसु द्वारा यह कहना कि वनस्पति में भी जीवन है,अहसास और भावनाएं होती हैं। यह बात तो हमारे प्राचीन मनीषी एक अरसे से कहते रहे थे,लेकिन इसका फिजिकल प्रूफ उस तरीके से वे प्रोड्यूस न कर पाए जैसा कि आचार्य बसु ने किया।

अब तो हालात ऐसे हैं कि आयुर्वेद के अंतर्गत काया-चिकित्सा,भेषजगुण विज्ञान,रसायन, शल्य और नैदानिकी में भी विशुद्ध तौर से भारतीय शोध-चिंतन आधुनिक पद्धतियों की तरफ झुक गया है,मजबूरी में नहीं,बल्कि जरूरत के लिए। आधुनिक आयुर्वेज्ञानिक चिंतन में 'इंटीग्रेटिव मेडिसिन'नामक एक नई शाखा का उदय हुआ जिसमें मौलिक चिंतन यह है कि शरीर की जिन व्याधियों का उपचार आधुनिक चिकित्सा पद्धति (मॉडर्न सिस्टम ऑफ मेडिसिन) में नहीं है उनके इलाज के लिए वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों (यूनानी एवं तिब्बिया,आयुर्वेद एंड सिद्ध) को अपनाया जाना चाहिए। देश में शोध की एक नहीं अनेक ऐसी परियोजनाएं चालू हैं जिनमें भारतीय चिंतन और आधुनिक शोध एवं कार्यविधियों को आपस में समवेत किया गया है।

मसलन अयोध्या में बनाए गए रामलला मंदिर के निर्माण से पहले और निर्माण कार्य के दौरान मॉडर्न साइंस एंड इंजीनियरिंग की जिन तकनीकों का इस्तेमाल सीएसआईआर की मार्फत किया गया। इनमें हैं इमारत की नींव और सुपर-स्ट्रक्चर की स्थिरता का रिक्टर स्केल पर अधिकतम आठ डिग्री तक की भूकंप सह्यता का मापन और देवमूर्ति को सूर्य तिलक देने के लिए ऑप्टो-मैकेनिकल डिवाइस की स्थापना। गंगा नदी के प्रवाह के मैदानी क्षेत्र लिए कंप्यूटर सिमुलेशन द्वारा अयोध्या क्षेत्र की भू-गर्भीय संरचना की जांच की गई और विश्वासपूर्वक कहा गया कि वर्तमान मंदिर 10000 वर्ष तक स्थिर रहेगा।

## प्रसंगवश

# वासांसि जीर्णानि यथा विहाय

राजनीतिक दलों में हाई कमान संस्कृति काफी प्रबल होती दिख रही है जिसकी शुरुआत कांग्रेस में इंदिरा गॉधी के कार्यकाल से हुई। हालांकि अब इसमें भाजपा सबसे आगे है जिसमें केंद्रस्थ मोदी-शाह युग्म ही सभी महत्वपूर्ण निर्णय ले रहा है। आंतरिक लोकतंत्र न के बराबर है। प्रदेशों के चुनाव भी मोदी के नाम पर लड़े जाते हैं,जहां उनके मुख्यमंत्री बनने की कोई संभावना नहीं होती है। राज्यों के मुख्यमंत्री ऊपर से नामांकित होते हैं और निर्वाचित विधायकों को उसी नाम पर मोहर लगानी होती है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

विगत कुछ मास पहले हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ के विधानसभाई चुनाव इसके ज्वलंत उदाहरण हैं,जहां जननायक तो क्रमशः शिवराज सिंह,वसुंधरा राजे सिंधिया तथा डा.रमनसिंह थे,किंतु उच्च कमान ने इन सबको किनारे लगाकर अपनी च्वाइस के मुख्यमंत्री बनाए। राजस्थान में वसुंधरा कुछ अड़ रही थीं तो केंद्र ने भारी भरकम नेता राजनाथ सिंह को यह टास्क सौंप दिया। उन्होंने बखूबी राजे को किनारे लगाने का कार्य संपन्न कर दिया,हालांकि चुनावी सभाओं में खुद वसुंधरा के मुख्यमंत्रित्व काल के कार्यों और उपलब्धियों की प्रशंसा करते थे। यही नहीं जो लगभग 20 विधायक वसुंधरा के समर्थक होकर तत्समय उनके पक्ष में मुखर थे,उन्हें अलग कमरे में बैठाकर आदेशित किया कि विधायक दल की नेता चयन बैठक में जो नाम प्रस्तावित किया जाएगा, उस पर 'आप लोग ताली बजाएंगे'। पश्चात् भजनलाल शर्मा का नाम वसुंधरा से ही प्रस्तावित कराया गया,जिस पर निर्धारित स्क्रिप्ट के अनुसार ऊपर संदर्भित समर्थकों ने तालियां बजाईं। अब स्पष्ट है कि जन तंत्र में 'जन' के द्वारा चयनित प्रतिनिधियों का काम ताली बजाना ही रह गया है। इधर हरियाणा में साढ़े नौ साल से मुख्यमंत्री पद पर कार्यरत मनोहरलाल खट्टर को हटाकर हाई कमान ने नायब सैनी को बिठा दिया,जो पीएम मोदी के चहेते भले हों, किंतु शासन का कोई खास अनुभव नहीं रखते हैं। बहरहाल भाजपा आत्मा द्वारा शरीर बदलने की गीता वाली उपमा 'पुराने कपड़े त्यागकर नव परिधान ग्रहण करने को अब बहुशः प्रयुक्त कर रही है। (वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि)अब इससे सफलता कितनी मिलेगी,यह समय बताएगा।

# ओपनहाइमर फिल्म से मिला आलोचकों को जवाब



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

**नौ साल बाद राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने उन्हें सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने उन्हें राजनीतिक पुनर्वास के संकेत के रूप में एनरिको फर्मी पुरस्कार के साथ नवाजा।**

गत सप्ताह परमाणु के जनक महान वैज्ञानिक जूलियस रॉबर्ट ओपनहाइमर पर बनी फिल्म ओपरहाइमर को सात प्रतिष्ठित ऑस्कर पुरस्कार से हॉलीवुड में नवाजा गया। सात दशकों बाद 16 दिसंबर 2022 को सरकारी तौर पर बाइडेन प्रशासन ने महान भौतिक वैज्ञानिक जूलियस रॉबर्ट ओपनहाइमर को गद्दारी के लांछन से मुक्त किया, निर्दोष पाया तथा देशप्रेमी माना। उन्होंने अमेरिका के लिए परमाणु बम बनाया था। इसे हिरोशिमा और नागासाकी पर फोड़ा गया था। बाद में उन्हें सोवियत (कम्युनिस्ट) रूस का गुप्तचर बताकर हर किस्म के अपमान, अवमानना, अनादर करके अवसादग्रस्त बनाया गया,जब तक (1967) वे मरे नहीं।

ओपनहाइमर के सत्कर्मों ने ही उनकी मान मर्यादा लौटाई। वे अब दूसरे लोकवासी हो गए। ओपनहाइमर अपने उन शब्दों को याद कर रहे होंगे,जो उन्होंने जापान पर बम फोड़ने के वक्त पर कहा था। वे पंक्तियां ओपनहाइमर ने अपने प्रिय संस्कृत कवि भर्तृहरि के शतकत्रयम से लिया था : उज्जैन नरेश भर्तृहरि का विचार था कि "उनके हाथों युद्ध में,जंगल में,पहाड़ों की चट्टान पर, गहरे समुद्र में, भाले और बाणों के बीच में, नींद में, भ्रम में,शर्म की गहराई में,मनुष्य ने जो अच्छे कर्म किए हैं,वे उसकी रक्षा करते हैं।" हीरोशिमा और नागासाकी पर बम विस्फोट पर ओपनहाइमर ने याद किए गीता के श्लोक को : "दिवि सूर्यसहस्त्रस्य भवेद्युगपदुत्थिता। यदि भाः सदृशी सा स्याध्दासस्तस्य महात्मन":।।12।। (आकाश में हजार सूर्यों की एक साथ उदय होने से उत्पन्न जो प्रकाश हो,वह भी उस विश्वरूप परमात्मा के प्रकार के सदृश कदाचित ही हो। अर्थात् इस विषादग्रस्त भौतिकशास्त्री को ख्याल हो गया था कि उनके हाथों कितना भयंकर,त्रासदपूर्ण कृत्य हुआ है। प्रारब्ध तो होना ही था। भोगा भी। ओपनहाइमर प्रारंभ से ही ऐसे अपार नरसंहार वाले शस्त्र के निर्माण का विरोध करते रहें। अंततः हिटलर और टोजों (जापानी प्रधानमंत्री) के विश्व साम्राज्य वाले सपने को नष्ट करने हेतु बम बनाने के लिए तैयार हुए। भगवत गीता के निष्णात ओपनहाइमर ने बम बनाने के बाद और जापान पर उसे फोड़ने के वक्त गीता के ग्यारहवें अध्याय के 32 वें श्लोक को सुनाया था कि : "मैं (भगवान कृष्ण) लोकों का नाश करने वाला बढ़ा हुआ काल हूं।" अर्जुन का उनसे प्रश्न था : "आप कौन हैं"?

शायद ओपनहाइमर पर श्राप था,दो ध्वस्त जापानी शहरों की जनता का। त्रासदी की अनुभूति स्वयं उन्हें भी हो रही थी। अतः वे प्रारब्ध भुगतने हेतु विवश थे। इसीलिए वे जमकर सक्रिय विरोध करते रहे,जब राष्ट्रपति हैरी ट्रूमन ने परमाणु बम बनाने का आदेश दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति को खौफ था कि विश्वयुद्ध जीतकर सोवियत रूस अधिक विनाशकारी बम बनाएगा। विश्वव्यापी वर्चस्व बना लेगा,मगर विनाश की विभीषिका के आतंक से भयभीत ओपनहाइमर ने सरकार से सहयोग नहीं किया। तभी सिनेटर जोसेफ मैकार्थी का आविर्भाव हुआ। वे इतिहास में कम्युनिस्टों के उग्रतम विरोधी और सोवियत रूस के घोरतम शत्रु के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने ओपनहाइमर को सोवियत कम्युनिस्टों का यार करार दिया। तभी से इस भयातुर वैज्ञानिक की दुखगाथा शुरू हुई।

विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद,ओपेनहाइमर नवनिर्मित संयुक्त राज्य अमेरिका परमाणु ऊर्जा आयोग की प्रभावशाली जनरल एडवाइजरी कमेटी के अध्यक्ष बने। उन्होंने परमाणु प्रसार को बाधित करने और सोवियत संघ के साथ परमाणु हथियारों की दौड़ को रोकने के लिए परमाणु ऊर्जा के अंतर्राष्ट्रीय नियंत्रण के लिए अपने पद का उपयोग किया। उनके स्पष्ट विचारों के लिए कई नेताओं की आलोचना के बाद,ओपनहाइमर की 1954 में एक फरेबी सुनवाई में शासकीय सुरक्षा गारंटी रद्द कर दी गई। आरोपी बनाया। प्रभावी रूप से उनकी प्रत्यक्ष राजनीतिक शक्ति को क्षीण कर दिया गया। तब भी उन्होंने भौतिकी में व्याख्यान,लेखन और काम करना जारी ही रखा।

नौ साल बाद राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने उन्हें सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने उन्हें राजनीतिक पुनर्वास के संकेत के रूप में एनरिको फर्मी पुरस्कार के साथ नवाजा। ओपनहाइमर सदैव हाइड्रोजन बम के निर्माण के खिलाफ थे। उन्हें वर्षों तक सरकार द्वारा यातना पहुंचाने के बाद,समूचे अमेरिकी राष्ट्र ने उनके साथ सिनेटर मैकार्थी द्वारा किए अत्याचार का विरोध किया गया। जब उनके रूसी जासूस होने का कोई प्रमाण नहीं मिला,तो उन्हें दोषमुक्त किया गया, मगर तब तक ओपनहाइमर का निधन हो चुका था। ओपनहाइमर का दृष्टांत केरल के अंतरिक्ष वैज्ञानिक नंबी नारायण को पाकिस्तानी जासूस बताकर उत्पीड़ित करने के समान था। उच्चतम न्यायालय ने नारायण को निर्दोष करार दिया,मगर तब तक तीन दशक बीत चुके थे।


## सोशल फोरम

# रमादान या रमजान

**बढ़ी समृद्धि से सऊदी अरब ने दुनियाभर के मदरसों और भारत के मदरसों को भी आर्थिक मदद दी और उन मदरसों में फारसी रमजान या खुदा की जगह अरबी रमादान और अल्लाह के प्रयोग को सही बताया गया। उन मदरसों से पढ़े विद्वानों ने रमजान की जगह रमादान के प्रयोग को सही बताया और धीरे-धीरे यह प्रचलन में आ रहा है।**

परंपरा से भारतीय रमजान बोलते आये हैं। रमजान हमारे देश में ईरान से आया। मूल अरबी शब्द का उच्चारण "रमादान" से मिलता जुलता है। दोनों के प्रयोग सही हैं।

कुछ वर्ष पहले एक समाचार पत्र में 'सोशियो लिंग्विस्टिक्स' के एक प्राध्यापक रिजवान अहमद साहब का इस पर एक लेख आया था जिसमें उन्होंने कहा कि अपना नाम वे दो तरह से बोलते हैं,अरब देशों में "रिदवान" और भारत में "रिजवान"। उन्होंने यह भी लिखा है कि चाहे लिखने में हम लोग रमादान लिख लें,बोलने में हम रमजान ही बोलते हैं। शायद ही कोई कहते हों कि "अगले रमादान के पहले मैं आपसे मिलूंगा",वे प्रायः हमेशा कहते हैं,"अगले रमजान के पहले मैं आपसे मिलूंगा।"



सचिदानंद सिंह
मुंबई

क्या रमादान का वहाबीवाद से कोई संबंध है? बिल्कुल नहीं,सिवा इसके कि मुहम्मद इब्न अब्द अल-वहाब अरब में पैदा हुआ था जहां रमादान बोला जाता है। पिछली सदी के सत्तर के दशक में कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया था और अरब देशों की बढ़ी समृद्धि के चलते भारत से लाखों श्रमिक वहां गए और उनके मुंह से रमादान सुनते भारत आए।

बढ़ी समृद्धि से सऊदी अरब ने दुनियाभर के मदरसों और भारत के मदरसों को भी आर्थिक मदद दी और उन मदरसों में फारसी रमजान या खुदा की जगह अरबी रमादान और अल्लाह के प्रयोग को सही बताया गया। उन मदरसों से पढ़े विद्वानों ने रमजान की जगह रमादान के प्रयोग को सही बताया और धीरे-धीरे यह प्रचलन में आ रहा है।

-फेसबुक वॉल से

# नई शिक्षा नीति में उच्च शिक्षा का वर्तमान और भविष्य



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, एमपी पीजी डिग्री कॉलेज, शाही, बरेली

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है,क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है।**

नई शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) में एक ऐसी भारतीय शिक्षा प्रणाली की संकल्पना की गई है,जो भारतीय परंपराओं, मूल्यों, लोकाचारों, संस्कारों का संरक्षण, तथा वर्तमान एवं भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण में परिवर्तन लाने के लिए अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान करेगी। नई शिक्षा नीति-2020 छात्रों का सर्वांगीण विकास कर उनको वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम बनाने एवं विकसित होने का समान अवसर प्रदान करती है। एनईपी भारत की मिडिल स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक ग्रामीण एवं शहरी दोनों में व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए ऐसी रूपरेखा तैयार की गई है,जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

एनईपी में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष महत्व दिया गया है,क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में छात्रों के लिए प्रारंभ से लेकर शिक्षा के अंतिम छोर तक नवीन प्रणाली का विकास किया गया है। जिसमें फाउंडेशनल एवं प्रीपेटरी स्तर पर बच्चों को इस तरह की शिक्षा और संस्कार देने का प्रावधान किया गया है जिससे उनके बचपन की नींव मजबूत हो सके। मिडिल एवं सेकेंडरी स्तर पर ऐसे विषयों का समावेश तथा चुनाव करने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है जिससे छात्र तनावमुक्त रहें। उच्च शिक्षा स्तर पर छात्रों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार विषयों का चुनाव एवं आजीविका हेतु व्यावसायिक विषयों एवं प्रशिक्षण का चुनाव करने की व्यवस्था की गई है,जो छात्रों का सर्वांगीण विकास एवं आजीविका अर्जन हेतु सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करेगी। वर्तमान में नई शिक्षा नीति का मसौदा इस तरह से तैयार किया गया है कि पूर्व शिक्षा नीतियों में जो खामियां रह गई थीं उनमें संशोधन करके वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखते हुए नवीन और आशावादी दृष्टिकोण से संचालित एवं क्रियान्वित किए जाए,जो छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी एक स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में सहायक होगी। एनईपी 21 वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है,जो 34 साल पुरानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 का स्थान ग्रहण करती है। यह नीति सामान्य पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही के मूलभूत स्तंभों पर निर्मित है। एनईपी शिक्षा के सतत विकास के 2030 एजेंडा के अनुरूप स्कूल एवं कॉलेज स्तर की शिक्षा को अधिक समृद्ध, लचीला, बहुउद्देशीय तथा आवश्यक बनाती है। शिक्षा को 21 वीं सदी की जरूरत के अनुकूल बनाना और छात्रों की अद्वितीय क्षमता को निखार कर सामने लाना एक जीवंत उदाहरण है।

भारत में नई शिक्षा नीति 2020 को वैश्विक ज्ञान एवं महाशक्ति में बदलने का लक्ष्य रखा गया है। नई शिक्षा नीति 2020 का समाज पर भी सीधा एवं सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत हुए परिवर्तनों से विद्यार्थियों का पुनः समाजीकरण होगा जो उन्हें समाज में समायोजित करने में सहायक होगा। छात्रों में अपनी संस्कृति,सभ्यता,प्रथाओं परंपराओं एवं रीति-रिवाजों को सहेजने तथा उनके अनुरूप व्यवहार करने का गुण विकसित होगा और वह सामाजिक मूल्यों को ग्रहण करने में सक्षम हो सकेंगे जिससे सांस्कृतिक हस्तांतरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित होगी। एनईपी 2020 विद्यार्थियों का समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न करने में सहायक होगी जिससे उनमें सामाजिक गुणों का विकास होगा। इसीलिए कहा जा सकता है कि नई शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एनईपी का प्रमुख उद्देश्य सभी वर्गों के छात्रों में दक्षता,वैज्ञानिक स्वभाव, सौंदर्यबोध,नैतिक तर्क,डिजिटल साक्षरता,भारतबोध और चेतना का विकास करना है। साथ ही राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की प्रमुख भारतीय भाषाओं को महत्व, पाठ्यक्रम को और अधिक गुणवत्ता युक्त,लचीला और मूल्यांकन परक करने की बात कही गई है। नई शिक्षा नीति भारतीय जीवन मूल्य पर आधारित होने के साथ ही भारतीय परंपराओं,संस्कृति एवं भाषाओं को प्रोत्साहन,पुनर्स्थापना एवं प्रचार-प्रसार पर बल देती है और यह आने वाले समय में भारत को समर्थ,गौरवशाली और आत्मनिर्भर बनाने की प्रमुख भूमिका निभाएगी। इसमें शिक्षा व्यवस्था के चार प्रमुख आयाम विद्यार्थी,अध्यापक,पाठ्यक्रम और ढांचागत सुविधाओं को रेखांकित किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत एनईपी में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी आमूलचूल परिवर्तन की बात पर विशेष बल दिया गया है। इसमें बहु विषयक विश्वविद्यालय की स्थापना तथा अंतर्विषयक शोध प्रमुख रूप से होंगे जिससे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों का भविष्य सुनहरा,सुखमय और आशावादी होने की उम्मीद की जा सकती है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है,क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है। जब देश में आर्थिक समृद्धि अधिक होगी तभी हमारी विधि,कृषि,चिकित्सा आदि क्षेत्रों में क्रांति लाई जा सकती है।

# बहुजनों के चमत्कारिक नेता कांशीराम

कांशीराम को बहुजन नायक तक के सफर में जो धुरी बनी,वो थी 1964 में तथागत बुद्ध व बाबा साहब अम्बेडकर की छुट्टियों को रद्द किया जाना। वे डी के खापर्डे और दीनाभाना छुट्टियों की बहाली के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

इन्होंने बाबा साहब की लिखी पुस्तक 'जातिभेद का उच्छेद' पढ़ने को दी जिसे पढ़कर कांशीराम नाम की चिंगारी सुलगी और बहुजन राजनीति की नींव पड़ी। अगर वो घटना न घटी होती तो कांशीराम डीआरडीएल में अनुसंधान अधिकारी पद पर नियुक्त हुए रहते और पदोन्नति प्राप्त करते हुए सरकारी सेवा से मुक्त होकर,अन्य कर्मचारियों व अधिकारियों की तरह व्यक्तिगत अर्थव्यवस्था को जरूर मजबूत कर लेते,लेकिन भारत में उनके बहुजन राजनीतिक आंदोलन से जो परिवर्तन आया वो नहीं आया होता। वर्तमान में मान्यवर साहब जैसे करिश्माई नेताओं की कमी है। कांशीराम ने फुले,आंबेडकर, छत्रपति साहूजी महराज के विचारों को आगे कर राजनीति की जमीन हरी की और ऐसे लोग,जो हमेशा वोट बने रहे उनमें जनता के नेतृत्व करने की ललक पैदा की। मान्यवर कांशीराम ने सामाजिक स्थिति को राजनीति में उपकरण की तरह उपयोग किया जिनमें कुछ खोज कमाल के हैं। उन्होंने सचल आंबेडकर मेला, पूना समझौते की निंदा, दो पैरों और दो पहियों का कमाल सरीखे कार्यक्रम कर स्लोगन से वंचित तबकों तक अपना संदेश पहुंचाने में कामयाब रहे। आज भी कांशीराम साहब के विचारों पर चलकर राजनीति में बड़ा मुकाम बनाकर सत्ता तक पहुंचा जा सकता है।

# विकसित भारत के लिए विकसित अयोध्या जरूरी : योगी

## मुख्यमंत्री बोले: देश की पहली सोलर सिटी बन गई रामनगरी, कहा-अब भगवान सूर्य की रोशनी से चमकेगी सूर्यवंश की राजधानी

अयोध्या कार्यालय




राजकीय इंटर कॉलेज प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सीएम योगी व अन्य अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित अयोध्या जरूरी है। अब सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या भगवान सूर्य की रोशनी से प्रकाशित होगी। अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बन गई है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहीं। वह राजकीय इंटर कॉलेज के प्रांगण में कृषि मेला और प्रदर्शनी के समापन अवसर पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने 1090 करोड़ की 411 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए कहा कि इसमें सबसे बड़ी परियोजना सोलर की है। 40 किलोवाट के सोलर प्लांट के उद्घाटन और इतनी ही क्षमता के सोलर प्लांट का शिलान्यास करते हुए कहा कि सूर्य वंश की राजधानी अयोध्या अब यह भगवान सूर्य की ही रोशनी से प्रकाशित होगी। अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बन गई। इससे पहले अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने शुरुआत से आम लोगों की संवेदनाओं को उभारा। कहा कि आज अयोध्या की गूंज पूरी दुनिया में है। यह वही अयोध्या जहां के लिए कहा जाता था परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा, लेकिन प्राण प्रतिष्ठा की तारीख 22 जनवरी से 10 मार्च तक एक करोड लोगों ने रामलला के दर्शन किए। प्रभु की ऐसी कृपा कि सब कुछ शांतिपूर्ण, सुगम और सौहार्द के बीच संपन्न हो रहा है। यह सब कुछ पीएम मोदी के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। उन्होंने अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के प्रति आतिथ्य भाव के लिए अयोध्या के लोगों की सराहना की। उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर तीखे हमले किए। जनसभा में आए लोगों से सवाल-जवाब के लहजे में कहा कि सपा सरकार यहां एयरपोर्ट बनवा सकती थी क्या? हाथ उठाकर जवाब आया नहीं। फोर और छह लेन की सड़कें बनवा सकती थी क्या? जनसमूह का जवाब आया नहीं। कहा कि जो आस्था का सम्मान न कर सके। युवाओं को रोजगार न दे सके। गरीबों को आवास न दे सके। इलाज न दे सके। बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान न दे सके। ऐसे लोगों के बोझ को सिर पर ढोने के लिए मजबूर थोड़े ही हो। इसे दूर फेंकों। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सब वर्ष 2017 में दीपोत्सव शुरू किया तो सपा, बसपा व कांग्रेस के लोगों ने इसे औपचारिकता बताया, जबकि ये श्रीराम के आगमन की तैयारी थी। लोगों की भावनाओं से अयोध्या को जोड़ते हुए कहा कि दीपोत्सव के बाद लल्लू महराज (सांसद) के कहने पर ही अयोध्या जिला, अयोध्या नगर निगम बना। जब सब अयोध्या हो गया तो श्रीराम को आना ही था। कहा कि पीएम मोदी के विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश की जरूरत है और विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित अयोध्या की जरूरत है। इसी के लिए आज यहां सार्वजनिक कार्यक्रम में आएं हैं। आज 1100 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया है। अयोध्या के विकास के लिए 32 हजार करोड़ की परियोजनाएं है। कुछ पूरी हो गईं, कुछ पर काम हो रहा है। प्राण प्रतिष्ठा में 54 देशों के राजदूत आए। नव्य और दिव्य अयोध्या बन रही है। पूरे विश्व से लोग अयोध्या आना चाहते हैं। राम लला का दर्शन करना चाहते हैं। सांसद लल्लू सिंह, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायकगण वेदप्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, डॉ. अमित सिंह चौहान, अपर पुलिस महानिदेशक जोन अमरेन्द्र सिंह सेंगर, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

● सीएम ने किया 1090 करोड़ की 411 परियोजनाओं का लोकार्पण व उद्घाटन

### शुरू करने जा रहे हैं फैमिली आईडी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम बहुत जल्दी फैमिली आईडी योजना शुरू करने जा रहे हैं। इसके जरिए योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों को लाभ देने का प्रयास है। जो लोग सरकारी योजनाओं के पात्र होंगे और उन्हें अभी तक उसका लाभ नहीं मला है, ऐसे लोगों को इस योजना के माध्यम से चिह्नित कर सरकार उनके पास जाएगी और योजना का लाभ दिलाएगी। सबका कल्याण ही तो राम राज्य है। इसी का प्रयास है।

### रामनवमी कार्यक्रम का दिया प्रस्तुतीकरण

कमिश्नर गौरव दयाल ने बताया कि रामलला के विराजमान होने के बाद श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए नगर निगम, विकास प्राधिकरण व स्वास्थ्य विभाग को बेहतर कार्य का निर्देश दिया गया हैं। उन्होंने बताया कि श्रीरामनवमी 17 अप्रैल को भव्यता से मनाई जाएगी। बैठक में डीएम नितीश कुमार ने रामनवमी कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण दिया। कहा कि पिछले साल की तुलना में इस बार और बेहतर व्यवस्था की गई है। एसएसपी राजकरन नैय्यर ने पार्किंग व ट्रैफिक व्यवस्था आदि की जानकारी दी। आईजी प्रवीण कुमार ने आवश्यकतानुसार पुलिस व्यवस्था की बात कही। बताया कि पुलिस को श्रद्धालुओं के साथ अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया गया है।

### देश में चारों तरफ मोदी की गूंज

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी शक्ति बनकर सामने आएगा। विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होगा। इससे देश का हर नागरिक खुशहाल होगा। आज देश में चारों ओर फिर एक बार मोदी सरकार की गूंज है। लोगों से इस पर सहमति ली। प्रत्याशी सांसद लल्लू सिंह को सरल, सुलभ, शांतिप्रिय और अयोध्या के प्रति समर्पित बताया। कहा कि देश में जहां भी रहते हैं केवल अयोध्या और राम की चर्चा करते हैं। इसलिए इनको पकड़कर फिर लाया गया है। आम लोगों से हामी भराई। जनसभा में सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्त, विधायक राम चंद्र यादव, विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, पूर्व विधायक गोरखनाथ, पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व अध्यक्ष अवधेश सिंह बादल सहित अन्य नेता व बड़ी संख्या लोग मौजूद थे।



पीजीआई में प्रदर्शन करते पैरामेडिकल के छात्र। अमृत विचार

# मेडिकल छात्रा का शव मिला, कॉलेज में हंगामा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● छात्र-छात्राओं ने नारेबाजी करते हुए इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर में जड़ा ताला

**अमृत विचार।** वैदपुरा इलाके में सोनई नदी के पास गुरुवार देर शाम सैफई मेडिकल कॉलेज की छात्रा का शव मिलने से हड़कंप मच गया। छात्रा का शव मिलने की सूचना पर मेडिकल यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर पुलिस उच्चाधिकारियों समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा।



प्रिया।

औरैया जिले के कुदरकोट गांव निवासी अनिल कुमार की बेटी प्रिया (22) मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रही थी। गुरुवार देर शाम छात्रा का शव सोनई नदी में उतराता मिला। आसपास के ग्रामीणों ने शव उतराता देख वैदपुरा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई। छात्रा की मौत की सूचना पर मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्रों ने यूनिवर्सिटी में हंगामा शुरू कर दिया। छात्र-छात्राओं ने हत्या का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करते हुए इमरजेंसी ट्रामा सेंटर बंद कर दिया। हंगामें की सूचना पर इटावा एसपी समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। विद्यार्थियों ने छात्रा की हत्या का आरोप लगाते हुए आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक छात्रा के शरीर से खून के निशान मिले हैं। हत्या की आंशका पर कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है। सहेली के पास छात्रा मोबाइल छोड़ गई थी।

# अमित शाह के मामले में नहीं हो सकी सुनवाई

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गुरुवार को तलबी बहस नहीं हो सकी। कोर्ट ने अगली तारीख 16 मार्च नियत की है।

मामले में परिवादी व उसके दो गवाहों की गवाही हो चुकी है। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था।

परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

### पूर्व विधायक सफदर रजा के मामले में सुनवाई टली



**सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र धम्मौर के भाईं पैमाइश करने गये लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली गलौज के 10 साल पुराने मामले में वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई टल गई। कोर्ट ने सफाई साक्ष्य के लिए 18 मार्च की तारीख नियत की है। एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गये तत्कालीन भांई लेखपाल विजय कुमार सिंह ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 में धम्मौर थाने मे सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी, व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

### जयाप्रदा के मामले की सुनवाई अब 21 को


**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में फिल्म अभिनेत्री और पूर्व सांसद जयाप्रदा के एक मामले में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान अभिनेत्री के अधिवक्ता ने दाखिल आवेदन के समर्थन में दाखिल हलफनामे में गलती होने की बात करते हुए अर्जी में संशोधन आवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति मांगी, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने मामले को आगामी 21 मार्च को सूचीबद्ध कर दिया है। वर्तमान मामला न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष चल रही है। मालूम हो कि वर्ष 2019 में मुरादाबाद के सपा सांसद डॉक्टर एसटी हसन ने सपा नेता आज़म खान के लिए आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व सांसद जयप्रदा पर अभद्र टिप्पणी कर दी थी। इस कार्यक्रम में आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्लाह आजम भी शामिल हुए थे। अभद्र टिप्पणी के मामले में जयाप्रदा के पीआरओ मुस्तफा हुसैन ने मुरादाबाद के कटघर थाने में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत केस दर्ज कराया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सांसद डॉक्टर एसटी हसन, सपा नेता आज़म खान और अब्दुल्ला आजम सहित 6 लोगों को आरोपी बनाया था। यह मुकदमा एमपी- एमएलए कोर्ट में विचाराधीन है। उक्त मामले में जयप्रदा पिछले काफी समय से गवाही देने कोर्ट में नहीं पहुंच रही थी। कई बार जमानती वारंट जारी होने के बावजूद जयप्रदा कोर्ट में बयान दर्ज कराने नहीं गई थी। इसी के बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने जयाप्रदा के प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए उनके खिलाफ नवंबर 2023 में एनबीडब्ल्यू जारी कर दिया था। उक्त फैसले के खिलाफ जयप्रदा ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

## जिला आबकारी अधिकारी पर भ्रष्टाचार की रिपोर्ट

**फतेहपुर।** भ्रष्टाचार के आरोप और किसी काम में रिश्वत लेने के आरोप में मामला सही मिलने पर जिलाधिकारी सी इंदुमती के सुझाव पर शासन ने जिला आबकारी अधिकारी सुरेश कुशवाहा को एक दिन पूर्व निलंबित कर दिया था। वहीं डीएम के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आबकारी अधिकारी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। जिलाधिकारी ने निलंबित करने के साथ कोतवाली पुलिस को भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने का आदेश भी दिया था। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी को डाक के माध्यम से प्रार्थना और एक वीडियो जिला आबकारी अधिकारी का किसी मामले में रिश्वत लेते देते हुए भेजा था। जिलाधिकारी ने मामला सही पाए जाने पर यह कार्रवाई की है।

# शिक्षक भर्ती काउंसिलिंग का फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता, प्रयागराज




**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेसिक स्कूलों में 72825 शिक्षक भर्ती के शेष अभ्यर्थियों की फिर काउंसिलिंग का निर्णय सुरक्षित कर लिया है। हाईकोर्ट के दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने 30 नवंबर 2011 को जूनियर बेसिक स्कूलों में 72 हजार 825 ट्रेनी शिक्षकों की भर्ती के विज्ञापन में से उच्चतम न्यायालय द्वारा बनाई 12091 श्रेणी के बचे अभ्यर्थियों की फिर से काउंसिलिंग के लिए नया विज्ञापन जारी करने के एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार और बेसिक शिक्षा परिषद की विशेष अपीलों पर अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र एवं न्यायमूर्ति एस क्यू एच रिजवी की खंडपीठ ने कई दिनों तक चली बहस पूरी होने के बाद गुरुवार को दिया।

राज्य सरकार की ओर से अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता रामानंद पांडेय और बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से कुष्मांडा शाही ने अपनी बहस में कहा कि शीर्ष न्यायालय ने 25 जुलाई 2017 एवं बाद में इस मामले में अभ्यर्थियों की अवमानना याचिका में 13 दिसंबर 2019 को सरकार द्वारा ट्रेनी शिक्षकों की सम्पन्न भर्ती को सही मानते हुए अवमानना का मामला खत्म कर दिया था। ऐसे में 2011 की भर्ती को लेकर एकल पीठ द्वारा फिर से शेष बचे अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग का निर्देश दिया जाना गैरकानूनी है। दूसरी ओर विनय कुमार पांडेय और अन्य अभ्यर्थियों की ओर से अधिवक्ताओं ने कहा कि एकल पीठ के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। अधिवक्ताओं ने बहस में कहा कि सरकार की ओर से शीर्ष अदालत में दाखिल अवमानना वाद में सही तथ्य प्रस्तुत नहीं किया गया। इस कारण इस प्रकार का आदेश हुआ और उच्चतम न्यायालय ने भर्ती को सही मानते हुए अवमानना केस समाप्त कर दिया। गौरतलब है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विनय कुमार पांडेय और कई अन्य तथा इससे संबद्ध अन्य याचिकाओं पर निर्देश दिया था कि शेष बचे अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग कराने के लिए नया विज्ञापन पांच फरवरी से शुरू होने वाले सप्ताह में जारी किया जाए और यह विज्ञापन तीन अखबारों में प्रकाशितकरायाजाए।

# अमेठी से राहुल गांधी लड़ेंगे चुनाव!

संवाददाता, अमेठी

● इंटरनल सर्वे के बाद हाईकमान को भेजा गया उनका नाम

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव से पहले यूपी की हॉट सीट कही जाने वाली अमेठी में कांग्रेस ने अभी तक लोकसभा प्रत्याशी को लेकर कोई इशारा नहीं किया है। हालांकि कार्यकर्ताओं ने कई बार प्रयागराज, रायबरेली और अमेठी में पोस्टर लगाकर राहुल और प्रियंका को यहां से मैदान में उतारने की गुजारिश की। इतना ही नहीं खुद सोनिया गांधी ने जनता के नाम पत्र लिखकर अपनी परंपरागत सीट को लेकर भावुक अपील भी की थी। सूत्रों की मानें तो केरल के वायनाड के अलावा राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे।

पार्टी से जुड़े सूत्रों की मानें तो इसको लेकर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से तीन राउंड का एक इंटरनल सर्वे अमेठी लोकसभा क्षेत्र में करवाया गया। इस सर्वे को कई रिटायर्ड प्रोफेसर और विद्वानों ने किया है। बताया जा रहा है कि इस दौरान स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक के आधार पर राहुल गांधी का नाम बतौर लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस आलाकमान को भेजा गया है।

### तीसरी बार स्मृति ईरानी लड़ेंगी चुनाव

वहीं अमेठी से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार चुनावी मैदान में उतारा है। केंद्रीय मंत्री ने कई बार मीडिया के सामने कहा कि राहुल गांधी यहाँ से चुनाव नहीं लड़ेंगे और अगर लड़े तो उनकी जमानत जब्त हो जाएगी।

## भर्ती पेपर लीक मामले में आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ :** यूपी एसटीएफ ने सिपाही भर्ती परीक्षा की दूसरी पाली में प्रश्न-पत्र लीक कराने वाले गिरोह के और एक सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गोरखपुर यूनिट के निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया सिद्धार्थ नगर से गिरफ्तार आरोपी की पहचान रंजन कुमार यादव निवासी सनातबीद्या मथुरापुर थाना, डालमियानगर जिला रोहतास, बिहार के रूप में हुई है। उसके कब्जे से दो मोबाइल व अन्य सामान बरामद किया।

# लीग मैच में हुए संघर्षपूर्ण मुकाबले

अयोध्या कार्यालय



प्रदेशीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता के लीग मैच में गोल के लिए जूझती खिलाड़ी।

**अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हॉकी संघ के समन्वय से क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में चल रही प्रदेशीय सीनियर महिला आमंत्रण हॉकी प्रतियोगता में गुरुवार को अयोध्या, लखनऊ, मेरठ मंडल व स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने मैच जीत कर पूल में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। दूसरे दिन स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर व प्रयागराज के बीच हुए मुकाबले में स्पोर्ट्स कॉलेज ने 7-0 से प्रयागराज पर एकतरफा जीत दर्ज की। आकांक्षा ने पांच और रीति व रेनुका ने एक-एक गोल किया। अयोध्या मंडल ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में ममता के गोल की बदौलत शाहजहांपुर को 1-0 से हराया। लखनऊ मंडल ने मधु व मनीषा के गोल से मऊ को 2-0 से हराया। मेरठ मंडल ने गोरखपुर मंडल को हराया।

## स्पष्टीकरण न देने पर अपराधी को राहत नहीं

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट में एक हत्यारोपी की जेल अपील को खारिज करते हुए अपने कहा कि जिस पर पत्नी की हत्या का आरोप है, उसके खिलाफ अभियोजन अपराध सिद्ध करने में सफल हुआ है और गवाहों द्वारा यह स्पष्ट होता है कि अपराध घटित होने से कुछ समय पहले दोनों साथ देखे गए थे। एक साथ रहने के बाद भी आरोपी पत्नी की चोटों के बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं देता तो यह मजबूत उसे अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराती हैं।

राजनीति | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्यावासियों से किया था अतिथि देवो भव : का आह्वान

# आगे बढ़ी अयोध्या के संस्कार, संस्कृति व सृजन की धारा

विवेक सक्सेना, अयोध्या

▶ सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, अयोध्या के लोगों ने प्रस्तुत किया आतिथ्य सेवा का अद्भुत उदाहरण




जीआईसी के मंच पर लगी श्रीराम मंदिर व रामलला की तस्वीर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अयोध्या के संस्कार और संस्कृति के सृजन की धारा आगे बढ़ गई। पीएम मोदी ने राम मंदिर के भूमि पूजन के समय कहा था अब अयोध्या के लोगों की जिम्मेदारी बढ़ गई। उन्होंने अयोध्या आने वाले लोगों के प्रति अतिथि देवो भवः के भाव को अंगीकार करने का आह्वान किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने गुरुवार को अयोध्या के लोगों की आतिथ्य सेवा को अद्भुत उदाहरण बताकर पुष्ट कर दिया कि अयोध्या में संस्कृति और संस्कार के सृजन की धारा आगे बढ़ गई।

श्री राम मंदिर पर फैसले के बाद पांच अगस्त 2020 को पीएम मोदी मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन करने पहुंचे थे। उस समय पीएम मोदी ने अपने संबोधन में अयोध्या के लोगों की जिम्मेदारी का अहसास कराया था। भाव था कि श्रीराम लला का मंदिर बनने जा रहा है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंचेगे। वह अयोध्या के अतिथि होंगे। उनके प्रति अयोध्या के लोगों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उनकी सेवा और सहयोग के लिए उन्हें मानसिक रूप से अपने को तैयार करना चाहिए। अतिथि देवो भव की सनातन संस्कृति के मुताबिक उनके प्रति व्यवहार करना चाहिए। ऐसा नहीं है कि इस लगभग साढ़े तीन साल में अयोध्या के लोगों ने तकलीफें नही झेली। तमाम अवसरों पर दिक्कतें हुई। समस्याएं आईं। नुकसान जैसी स्थिति भी बनी लेकिन अयोध्या के लोगों ने कर्तव्य को अपने से दूर नहीं किया। चाहे पीएम मोदी के आह्वान रहा हो या फिर अयोध्या की सनातन संस्कृति में निहित अतिथि देवो भवः का भाव। उन्होंने संस्कृति को सिर माथे बांधे रखा। आज सीएम योगी को उनकी इस संस्कृति और संस्कार के लिए खुले मंच से अयोध्या के लोगों का अभिनंदन करना पड़ा।

जीआईसी के मैदान पर सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या ने फिर से अपने आप को साबित किया है आतिथ्य सेवा के लिए। 22 जनवरी से 10 मार्च तक एक करोड़ श्रद्धालुओं ने प्रभु रामलला के दर्शन अयोध्या धाम में आकर किए। इस दौरान आतिथ्य सेवा का भी अद्भुत उदाहरण अयोध्या धामवासियों ने प्रस्तुत किया। इससे मैं कह सकता हूं कि अब अयोध्या वासी देश केकिसी भी कोने में जाएंगे और बताएंगे कि अयोध्या से आए हैं तो वहां के लोग भी उन्हें पलकों पर बैठाएंगे। उन्होंने अयोध्या धाम के लोगों को हृदय से अभिनंदन करने और इस दिन को देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति बार-बार, कोटि-कोटि अभिनन्दन और अभिवादन की बात कही। कहा कि एक भी व्यापारी उजड़ा नहीं। सबका पुर्नवास हुआ। मुझे यह भी बताया गया कि प्राणप्रतिष्ठा के बाद सबका व्यवसाय भी कई गुना बढ़ा है।

# आचार संहिता लागू होते ही सार्वजनिक स्थानों से 24 घंटे में हटेगी प्रचार सामग्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● निजी भवन पर बैनर, झंडा व कटआउट प्रतिबंधित नहीं

● एक भवन पर अधिकतम तीन झंडे ही लगाए जा सकते हैं



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना भले ही जारी न हुई है लेकिन भारत निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता पालन के निर्देश जारी कर दिए हैं। आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे के भीतर शासकीय संपत्तियों से चुनाव प्रचार सामग्री, पोस्टर, बैनर, पंफलेट आदि हटा दिए जाएंगे।

केंद्रीय चुनाव आयोग ने निर्देश दिए हैं कि आचार संहिता लागू होते ही सरकारी कार्यालयों, सभागारों और अधिकारियों के कक्षों से जीवित राजनीतिक व्यक्तियों की फोटो तत्काल हटाई जाएं। राष्ट्रपति, राज्यपाल और दिवंगत राजनैतिक महानुभावों की फोटो लगी रह सकती हैं। बस स्टैंड, सड़क, सार्वजनिक चौराहों, बिजली के खंभों, अंडरपास आदि से 48 घंटे के अंदर पोस्टर, बैनर, पंफलेट हटाए जाएंगे। निजी भवन में बैनर, झंडा और कटआउट प्रतिबंधित नहीं है। एक भवन पर अधिकतम तीन झंडे लग सकते हैं।

प्रत्याशी के अधिकृत करने के बाद ही निजी संपति को प्रचार के लिए प्रयोग किया जा सकेगा। बिना अनुमति के प्रयोग करने पर 500 रुपये जुर्माना देना होगा। चुनाव आयोग ने पोस्टर और दीवार लेखन को की अनुमति नहीं दी है। निजी वाहनों पर 1×0.5 फीट आकार का झंडा और दो छोटे स्टीकर लगाए जा सकते हैं। चुनाव प्रचार के दौरान काफिले में 10 से अधिक वाहन नहीं चल सकेंगे। 10 वाहनों में सुरक्षा वाहन शामिल नहीं है।

वीडियो वैन के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। इसकी प्रचार सामग्री का प्रमाणीकरण एमसीएमसी से होना अनिवार्य है। वैन से केवल राजनैतिक दल का प्रचार होने पर खर्च राजनैतिक दल के खाते में जोड़ा जाएगा। उम्मीदवार प्रचार होने पर खर्च उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा। आचार संहिता लगने के बाद भौतिक रूप से शुरू हो चुके काम चलते रहेंगे, नया काम शुरू नहीं होगा। कार्यदायी संस्थान को 72 घंटे के कार्यों की सूचना एकत्र करनी होगी।

## चुनाव कमाल का...

- पहली लोकसभा के चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 के बीच कराए गए थे। उस समय लोकसभा में कुल 489 सीटें थीं लेकिन संसदीय क्षेत्रों की संख्या 401 थी। लोकसभा की 314 संसदीय सीटें ऐसी थीं जहां से केवल एक-एक प्रतिनिधि चुने जाने थे। 86 संसदीय सीटें ऐसी थी जिनमें दो-दो लोगों को सांसद चुना जाना था, वहीं नॉर्थ बंगाल संसदीय क्षेत्र से तीन सांसद चुने गए थे।
- प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे मात्र नेता हैं जिन्होंने उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश और दिल्ली राज्यों से लोकसभा के चुनाव में कामयाबी हासिल की
- काका जोगेन्दर सिंह जो धरती पकड़ के नाम से भी मशहूर थे 25 बार चुनाव हारे। धरती पकड़ वी.पी. सिंह और राजीव गांधी जैसे बड़े-बड़े नेताओं के खिलाफ भी उम्मीदवार रहे जिनके लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाते थे ताकि कहीं उनकी मौत की वजह से चुनाव रद्द न कर दिया जाए।

## चुनावी तीर



कांग्रेस 70 साल तक राम मंदिर के मुद्दे को अटकाती रही, लटकाती रही, भटकाती रही। लेकिन मंदिर नहीं बनाया और जब इन्हें राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया, तो वोट बैंक की लालच में इन्होंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया।

**अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री



नरेंद्र मोदी सरकार ने काफी शोर-शराबे के साथ महिला आरक्षण बिल पास किया, लेकिन उसे लागू करने के लिए सर्वे करने की बात की, इसमें 10 साल लगेंगे, हमारी सरकार आती हैं तो बिना सर्वे के महिलाओं को आरक्षण देंगे

**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता

# आंदोलन के बाद मंदिर निर्माण सियासी कसौटी पर

- चुनाव दर चुनाव नए समीकरण गढ़ती रही अयोध्या, मुनादी के पहले ही अयोध्या पर फोकस

**13** माह और 13 दिन की सरकार बनाने के बाद 1996 में सत्ता की सीढ़ी चढ़ने में कामयाब हो गई भाजपा

● राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या


**अमृत विचार :** मंदिर आंदोलन के बाद अब श्रीराम मंदिर का निर्माण सियासत की कसौटी पर है। चुनाव-दर-चुनाव अयोध्या नए सियासी समीकरण गढ़ती रही है। चुनाव की मुनादी के पहले ही अयोध्या पर फोकस हो गया। एक बार फिर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष विकास संग अयोध्या चुनावी सियासत के केंद्र में घूम रही है।

यूं तो राम मंदिर आस्था व श्रद्धा का केंद्र है। अयोध्या सदियों से आस्था का केंद्र रही है, लेकिन चार दशक से यह सियासत के भी केंद्र में है। 40 साल बाद भी अयोध्या की सियासी चमक वैसी है। दलों को लुभाती है। बदला है तो केवल परिदृश्य। राजनीतिक दलों ने अयोध्या के मुद्दे को भुनाने की कोशिश की। कांग्रेस रही हो या भाजपा। सपा या बसपा। श्रीराम मंदिर आंदोलन नए सिरे से सन् 1984 में शुरू हुआ। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या हुई। चुनाव में कांग्रेस ने 404 सीटों से बढ़त पाई। नए दल के रूप में दो सीटों से भाजपा ने खाता खोला। आंदोलन के समर्थन से भाजपा ने जो सियासी पारी शुरू की वह अब तक बरकरार है। जैसे-जैसे आंदोलन चढ़ा, दूसरे मुद्दे भी आए, लेकिन अयोध्या का प्रभाव कायम रहा। इतिहास पर गौर करें तो कई ऐसे अवसर आए जब अयोध्या को पर्दे के पीछे करने की कोशिश हुई लेकिन ऐसा हो नही पाया। 1989 से अब तक का परिदृश्य इसी ओर इशारा करता है। 1989 में मंडल और मंदिर एक साथ नारा बने, 1990 में ढांचा विध्वंस हुआ। धर्म निरपेक्षता पर बहस हुई, लेकिन सियासत की तासीर में अयोध्या बनी रही। हां इतना जरूर है कि चुनाव-दर-चुनाव आंकड़ों की तस्वीर बदलती रही। नब्बे के दशक में अयोध्या और राम मंदिर अवाम के बीच राष्ट्रीय मुद्दा बन गया।

राष्ट्रीय मुद्दों के बीच अयोध्या के साथ भाजपा फर्श से अर्स की ओर बढ़ती रही तो कांग्रेस का पराभव का दौर शुरू हो गया। 13 माह और 13 दिन की सरकार बनाने के बाद 1996 में भाजपा सत्ता की सीढ़ी चढ़ने में कामयाब हो गई। 1999 से 2004 तक सत्ता में रही। इसके पीछे राम मंदिर आंदोलन और अयोध्या ही रही। सन 1984 में 404 सीटों पर रहने वाली कांग्रेस 35 साल बाद 2019 में 52 पर सिमट गई। दो के आंकड़े से बढ़ने वाली भाजपा 2019 में 303 तक पहुंच गई।

नौ नंवबर 2019 को अयोध्या के श्रीराम मंदिर पर फैसला आया। चमक बढ़ गई। कोरोना के दौर में पांच अगस्त 2020 को भूमि पूजन हुआ। मंदिर निर्माण शुरू होने के साथ सियासत गरमाने लगी। निर्माण के श्रेय को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला।

### अरसे से सियासत में शामिल अयोध्या



22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा में स्वय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। यह बड़ा संकेत रहा। पर्दे के पीछे की सियसात का खेल शुरू हुआ। राम दर्शन के जरिए प्रदेशों की भाजपा सरकारें राम लला के चरणों में नतमस्तक हुई। पूरे देश के लोगों को यात्रा के जरिए इसे परवान चढ़ा दिया गया। विपक्षी दल के नेताओं को उभारकर घेरने की रणनीति चल रही है। भाजपा और कांग्रेस के बीच अयोध्या और यात्रा के जरिए सियासी युद्ध चरम की ओर है। चुनावी चंदा और छापों की धमक है। चुनाव की घोषणा होने वाली है। आंदोलन से निकलकर धामिर्क राम मंदिर पर्यटन की नगरी अयोध्या और फिर सियासत के बीच कसौटी पर है। इसके सियासी लाभ हानि का आंकलन किया जा रहा है। पक्ष और विपक्ष इसे साधने के साथ मुकाबले की राह पर चल पड़े हैं।

सियासतदानों का एक धड़ा इसे मुद्दा बनने से रोकने में लगा रहा तो दूसरा धड़ा अप्रत्यक्ष सियासत के केंद्र में रखने में लगा रहा। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के जरिए पूरे देश को आंदोलन की तर्ज पर राम मय बनाने की कोशिश शुरू हुई।




**22** जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा में स्वय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शामिल होना रहा बड़ा संकेत

**1984** में श्रीराम मंदिर आंदोलन नए सिरे से आरंभ हुआ और भाजपा ने जो पारी शुरू की वह अब तक है बरकरार

## अमीरों का कर्ज माफ हो सकता है तो किसानों का क्यों नहीं: राहुल



नासिक, एजेंसी

- गांधी बोले- इंडिया सत्ता में आया तो किसानों की आवाज बनेगा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) सत्ता में आता है तो वह किसानों की आवाज बनेगा। ऐसी नीतियां लाएगा जो उनकी सुरक्षा कर सके। किसानों को जीएसटी से बाहर करने का वादा किया।

गांधी कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के साथ महाराष्ट्र के नासिक जिले के चंदवाड में एक किसान रैली को संबोधित कर रहे थे। गांधी ने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार किसानों की आवाज बनेगी और उनके हितों की रक्षा के लिए काम करेगी। अगर अमीर लोगों का कर्ज माफ किया जा सकता है तो किसानों को भी लाभ मिलना चाहिए। मेरी और हमारी सरकार के दरवाजे किसानों के लिए हमेशा खुले रहेंगे। राकांपा (एसपी) नेता शरद पवार और कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने किसान और कृषि क्षेत्र की दशा को लेकर केंद्र सरकार पर उदासीन रवैये का आरोप लगाया। किसानों को उनकी फसल की उचित कीमत नहीं मिलती है जिस वजह से वे कर्जे में डूब जाते हैं और आत्महत्या करते हैं।




## ईवीएम आंदोलनकारियों को निर्वाचन आयोग नहीं दे रहा है समय : दिग्विजय

**नई दिल्ली, ब्यूरो:** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा है कि चुनावों में ईवीएम मशीनों द्वारा हेरा फेरी का आरोप लगाने वाले आंदोलनकारियों को निर्वाचन आयोग 7 माह से बातचीत करने का समय नहीं दे रहा है।

ईवीएम मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करते हुए करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा है कि अब ईवीएम के खिलाफ देश के कोने कोने में आवाज उठ रही है। इंडिया गठबंधन की ओर से इस मामले में करीब सात महीने से चुनाव आयोग से समय मांगा जा रहा है, लेकिन कोई उत्तर अब तक नहीं मिला। पूरे देश में जन आंदोलन की बाढ़ सी आ गई है। ऐसे में राष्ट्रीय स्तर पर एक मंच का बनाना आवश्यक हो गया है, जिसे 'ईवीएम मुक्त भारत अभियान' के नाम से जाना जाएगा। चुनाव आयोग निष्पक्ष रहा नहीं। ईवीएम के प्रवेश से भारत सरकार की तमाम एजेन्सी जैसे भारत एलेक्ट्रॉनिक्कस लिमिटेड, इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया और निजी क्षेत्र से टेक्निकल लोग शामिल हो गए हैं, ऐसे में तो निष्पक्षता का होना लगभग असंभव है। एक आम दलील यह दी जाती है की बैलेट पेपर से चुनाव कराना खर्चीली प्रक्रिया है, जो एक बहुत बड़ा भ्रम है। बैलेट पेपर से चुनाव कराने में 2 सप्ताह की तैयारी चाहिए।

## शिवपाल बोले- सपा से रूठे लोगों को घर जाकर मनाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को लेकर चल रहा संशय गुरुवार को समाप्त हो गया। शिवपाल सिंह यादव की जिले में आमद हुई। कहा कि इंडिया गठबंधन की वजह से भाजपा अभी तक प्रत्याशी नहीं ढूंढ सकी है। उन्होंने कहा, सपा से दूर हुए लोगों का मनमुटाव दूर करने के लिए उनके घर जाएंगे। भाजपा ने अपने वादे पूरे नहीं किए इसलिए सभी 80 सीटों पर हार मिलेगी।

गुरुवार को वह तीन दिवसीय दौरे पर बदायूं आए। उझानी के एक मैरिज लॉन में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन से भाजपा सभी 80 सीटें हारेगी। भाजपा बदायूं से प्रत्याशी तक घोषित नहीं कर सकी है। भाजपा सत्ता के घमंड में है। वह बोले कि बदायूं सपा का गढ़ रहा है। नेता जी मुलायम सिंह यादव, प्रोफेसर रामगोपाल यादव, धर्मेंद्र यादव यहां से सांसद हुए। अब हम भी बदायूं आए हैं। सलीम इकबाल शेरवानी और आबिद रजा की नाराजगी के बारे में उन्होंने कहा कि जो भी रूठा है उन सभी को मना लेंगे। जरूरत पड़ने पर उनके घर भी जाएंगे। अयोध्या जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अयोध्या में मंदिर बन गया है। भगवान जब बुलाएंगे अयोध्या जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले का विकास उनकी प्राथमिकता है। भाजपा बताए कि जिले में उन्होंने कितना विकास कराया है। भाजपा के सभी वादे खोखले हैं। प्रेस वार्ता के दौरान बरेली के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव, आंवला लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य आदि भी मौजूद रहे।



उझानी में आयोजित प्रेस वार्ता में शिवपाल सिंह यादव। ● अमृत विचार

- भाजपा ने नहीं पूरे किए वादे, सभी 80 सीटों पर मिलेगी हार
- प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पहली बार बदायूं पहुंचे शिवपाल यादव
- उझानी में की पत्रकारों से बात जिले के विकास को देंगे प्राथमिकता

## यूपी में बसपा के बगैर कैसे भाजपा को रोकेगा 'इंडिया'

● धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** क्या बसपा के बिना 'इंडिया' गठबंधन के अहम घटक सपा और कांग्रेस मिलकर भाजपा को रोक पाएंगे। यह सवाल इनदिनों चट्टी-चौराहों पर आम मतदाओं से लेकर राजनीतिक पंडितों के बीच चर्चा में शामिल है। भाजपा के मिशन-80 को आधे से भी कम पर समेटने का दावा करने वाले विपक्ष के समीकरणों का गणित भी यहीं पर आकर अकट जा रहा है।

नरेंद्र मोदी को नेतृत्व देने से पहले भाजपा की हैसियत डांवाडोल थी। 13 दिन की सरकार समेत तीन बार सत्ता में आने पर भाजपा सरकार एक बार भी पांच साल का कार्यकाल पूरा न कर सकी। प्रदेश में 1984 में दो सीटों से बढ़ते हुए अधिकतम सीटें जीतने का आंकड़ा 2004 में 186 था। फिर भी सरकार कांग्रेस की बनीं और यह सिलसिला 2009 के चुनाव में भी कायम रहा, तब भाजपा गठबंधन ने 116 सीटें जीती थी।

उत्तर-प्रदेश में हाल यह था कि कांग्रेस और भाजपा के हाथ से वोटों की गणित तेजी से फिसलती हुई सपा और बसपा जैसे क्षेत्रीय दलों की झोली में आ गई थी। लेकिन 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी मैजिक ने ऐसा कमाल दिखाया कि सपा और बसपा के सामने भी अस्तित्व बचाने का संकट शुरू हो गया, जबकि कांग्रेस हासिये पर चली गई।



### 'बुआ-बबुआ' की जोड़ी ऐसी टूटी कि जोड़ना मुश्किल

राज्य की कुर्सी भी 2017 में भाजपा के हाथ चली गई, तो सपा और बसपा ने अपनी कट्टर दुश्मनी को भुलाकर 2019 के लोकसभा चुनाव में हाथ मिलाया। मगर, यह 'बुआ-बबुआ' के नाम पर चर्चित हुई जोड़ी भी चुनाव में मोदी की आंधी को रोकने में बेअसर रही। बाद में ऐसी टूटी कि वह दर्द इस बार बसपा को इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं बनने दे रहा है। भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस नेताओं की कोशिश थी कि बसपा प्राथमिकता देते हुए सपा के साथ ही इंडिया गठबंधन में शामिल किया जाए, मगर दोनों को साधना मुश्किल हो गया। अब सपा-कांग्रेस कैसे बसपा के बगैर मोदी को प्रदेश में रोकेंगे, यह सवाल बना हुआ है।



### विस चुनाव में 'दो युवराज' की जोड़ी फेल

ऐसे में राज्य की कुर्सी के लिए 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा ने कांग्रेस से समझौता किया, तो राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी को नाम दिया गया 'दो युवराज' यानि एक सोनिया गांधी की कांग्रेस परिवार से तो दूसरे मुलायम सिंह यादव के सपा परिवार से उत्तराधिकारी। लेकिन समझौते में 105 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस को सिर्फ सात सीटों पर जीत मिली। भाजपा ने 312 सीटें और सहयोगी दलों को मिलाकर रिकार्ड 325 सीटें जीती। योगी आदित्यनाथ की तोजपोशी के बाद दिनोंदिन बदलते नए उत्तर-प्रदेश की तस्वीर ने 2022 में ऐसी हालत पतली कर दी कि भाजपा गठबंधन 273 सीटों पर जीत गया, जबकि सपा ने भाजपा से तोड़कर कुछ सहयोगी दलों के सहारे 125 सीटें जीती, लेकिन चार बार सत्ता संभालने वाली बसपा मात्र एक विधायक वाली पार्टी बनकर रह गई है, जबकि कांग्रेस के मात्र दो विधायक जीते।

### सपा से गठबंधन में कांग्रेस को ही फायदा



सपा से गठबंधन में फायदा कांग्रेस को ही ज्यादा होगा। मुसलमान वोट बंटेगा नहीं और यादव वोट कम वोट से हारने वाली सीटों पर बहुतम दे सकता है। ऐसे में आंकड़ों को गौर से देखें तो कांग्रेस के पास रायबरेली, अमेठी, सहारनपुर, कानपुर, अमरोहा जैसी पांच सीटें ऐसी होंगी जहां से उनकी जीत संभव हो सकती है। 2022 के विधानसभा चुनाव में रायबरेली में चार सीटें सपा की हैं। जब एक भाजपा की है। उसी तरह अमेठी में तीन सीट भाजपा की है तो दो सीट सपा ने जीती है। इसी तरह कई सीटों पर सपा के प्रभाव से कांग्रेस को फायदा हो सकता है। वैसे 2014 और 2019 में समाजवादी पार्टी पांच-पांच सीट ही जीत सकी थी। इस बार भी हालात कुछ बेहतर नहीं हैं। उप्र में वैसे ही राम मंदिर की लहर चल रही है। इस आंधी में अगर सपा का सहारा पाकर कांग्रेस पांच सीटें जीतती है तो बड़ी उपलब्धि होगी। कांग्रेस के साथ से सपा को बस एकमात्र यही फायदा हो सकता है कि बसपा को मुसलमान वोटकटवा मान लें और सपा को शतप्रतिशत वोट मिले। तब मुस्लिम बाहुल्य सीटों भाजपा को जीतना चुनौती होगी।

**भाजपा सांसद वरुण और मेनका के कारण हाईप्रोफाइल है पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट**

# भाजपा के टिकट का इंतजार, विपक्ष को मजबूत दावेदार की तलाश

● वैभव शुक्ला, पीलीभीत

- साढ़े तीन दशक में हुए नौ चुनाव में छह बार मेनका तो दो बार वरुण गांधी बने सांसद
- वरुण के पार्टी विरोधी रवैये के चलते इस बार किसी अन्य को टिकट के लगाये जा रहे कयास

**अमृत विचार :** मेनका गांधी और वरुण गांधी के कारण पीलीभीत-बहेड़ी संसदीय सीट हाईप्रोफाइल है। पिछले करीब 35 साल से इन्हीं दोनों पर पीलीभीत के लोगों ने भरोसा जताया लेकिन इस बार वरुण गांधी के लगातार पार्टी विरोधी रवैये के चलते टिकट बदलने के कयास लगाये जा रहे हैं। वरुण के विरोध में पार्टी में ही एक धड़ा सक्रिय है। इसी कारण अभी तक भाजपा ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। बदलाव की उम्मीद में स्थानीय और दूसरे जनपदों के कई भाजपा नेता पीलीभीत-बहेड़ी सीट के लिए दावेदारी कर चुके हैं। भाजपा से टिकट की घोषणा न होने के चलते सपा भी चुप्पी साधे है। बसपा ने अनीस अहमद फूल बाबू पर ही फिर भरोसा जताया है।

लोकसभा चुनाव 2024 का अधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन पिछले छह माह से सियासी सरगर्मी बढ़ी हुई है। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर पिछले करीब साढ़े तीन दशक से गांधी परिवार (मेनका गांधी/वरुण गांधी) का कब्जा रहा है। 1989 से लेकर 2019 तक इस सीट पर नौ बार चुनाव हुए। इनमें छह बार मेनका गांधी और दो बार वरुण गांधी सांसद रहे। वर्तमान में वरुण गांधी सांसद हैं। पिछले करीब दो साल से वरुण के तेवर अपनी ही सरकार के विरोध में हैं। कई मौकों पर वह सरकार की तीखी आलोचना कर चुके हैं। कुछ महीनों से तो उन्होंने करीब-करीब हर जनसभा में सरकार की योजनाओं के विरोध को लक्ष्य बना लिया।

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद, उत्तराखंड के पूर्व सांसद बलराज पासी, निकाय चुनाव के दौरान सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष के पति गुरभाग सिंह, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद, पीसीयू सभापति सुरेश गंगवार, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत समेत कई लोग दावेदारों की फेहरिस्त में शामिल हो चुके हैं।




हर कोई अपने स्तर से खुद को हाईकमान की कसौटी पर खरा उतारने की कोशिश में है। कुछ लोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार व कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद की दावेदारी मजबूत मान रहे हैं। इनके अलावा केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा के नाम की चर्चा भी चर्चा हो रही है। कुछ लोग अभी भी वरुण या मेनका को टिकट मिलने की उम्मीद जता रहे हैं।



### भाजपा की स्थिति मजबूत

पिछले करीब एक दशक में भाजपा खुद को खासा मजबूत कर चुकी है। कांग्रेस की हालत पहले से ठीक नहीं रही। बसपा के हाथी की चाल भी 2012 के बाद से तराई में सुस्त है। विपक्षी दल के नाम पर समाजवादी पार्टी कुछ मजबूत स्थिति में है। समाजवादी पार्टी में कई दावेदारों के नाम चर्चा में हैं। पिछले कुछ दिनों से सपा से पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार का नाम जोर शोर से चल रहा है। मगर भाजपा के टिकट की घोषणा होने के बाद ही सपा अपने पत्ते खोलने के मूड में है। तभी लोकसभा चुनाव की सियासत तराई में जोर पकड़ेगी। दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है, तो टिकट न मिलने से नाराज होकर भितरघात होना भी चुनाव में आम है।

### बसपा का भरोसा फिर फूलबाबू पर

10 मार्च को बीसलपुर में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बसपा प्रभारी राजकुमार गौतम ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के प्रत्याशी होने की घोषणा की थी। हालांकि यह कोई हैरान करने वाली घोषणा नहीं मानी गई। मौजूदा परिस्थिति को देखते हुए बसपा से फूलबाबू का टिकट पक्का माना जा रहा था। वह पहले भी तीन बार (1999, 2004,2014) बसपा से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। पहली बार के चुनाव में वह दूसरे व अन्य दोनों चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे। उनके नाम की घोषणा के साथ बसपा दलित-मुस्लिम वोटरों को साधकर तराई में खो चुकी सियासी जमीं को पाने का प्रयास कर रही है।

| पार्टी | प्रत्याशी | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| **2019 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | वरुण गांधी | 7,04,549 | 59.38 |
| सपा | हेमराज वर्मा | 4,48,922 | 37.83 |
| जीत | | 2,55,627 वोट | |
| **2014 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | मेनका गांधी | 5,46,934 | 52.06 |
| सपा | बुद्धसेन वर्मा | 2,39,882 | 22.83 |
| जीत | | 3,07,052 वोट | |
| **2009 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | वरुण गांधी | 4,19,539 | 50.09 |
| कांग्रेस | वीएम सिंह | 1,38,038 | 16.48 |
| जीत | | 2,81,501 वोट | |
| **2004 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | मेनका गांधी | 2,55,615 | 37.75 |
| सपा | सत्यपाल गंगवार | 1,52,895 | 22.58 |
| जीत | | 1,02,720 वोट | |
| **1999 का परिणाम** | | | |
| स्वतंत्र | मेनका गांधी | 4,33,421 | 57.94 |
| बसपा | अनीस अहमद खान | 1,93,566 | |
| जीत | | 2,39,855 वोट | |

## एक नजर

### 17 जिले कराएंगे जीआई टैग का पंजीयन

अमृत विचार , लखनऊ : 17 जिलों में कृषि एवं प्रसंस्कृत प्रमुख उत्पादों को पहचान दिलाने के लिए जीआई टैग दिलाया जाएगा। कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय ने संबंधित जिलों के अधिकारियों को पंजीयन कराने के साथ अधिकृत उपयोगकर्ता बनाने के निर्देश दिए हैं। इसमें लखनऊ, मऊ, मथुरा, बुलंदशहर, सीतापुर, मेरठ, रामपुर, बाराबंकी, कानपुर नगर, हाथरस, बलिया, हरदोई, एटा, फर्रुखाबाद, सोनभद्र, फतेहपुर व मिर्जापुर शामिल है। पंजीयन और उपयोगकर्ता की प्रक्रिया जिलाधिकारी स्तर से कराई जाएगी। वहीं, गोरखपुर समेत चार जिलों में नाबार्ड यह प्रक्रिया कराएगा।

### थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को जेनेरिक दवाएं हों उपलब्ध

अमृत विचार,लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। गुरुवार को यह निर्देश राज्यपाल ने थैलेसीमिया से पीड़ित 22 बच्चे व उनके परिजनों ने राज्यपाल से भेंट के दौरान अफसरों को निर्देश दिए हैं। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया फरीदाबाद हरियाणा की ओर से इन बच्चों को राजभवन लाया गया था।

# भूकंपरोधी इमारतें बनाने में आगे आएं इंजीनियर्स : पी गुरुप्रसाद

▸▸ राहत आयुक्त और सीडीआरआई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने किया मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास बहुत तेजी से हो रहा है। ऐसे में भविष्य में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं को लेकर राज्य सरकार पहले से सजग है। अभियंताओं और विशेषज्ञों को भूकंपरोधी इमारतें बनाने में आगे आना होगा। इसके लिए नए डिजाइन, मजबूती और तकनीकी के इस्तेमाल पर काम करना होगा।

यह बातें गुरुवार को मॉल एवेन्यू के एक होटल में राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव पी गुरप्रसाद ने कहीं। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राहत आयुक्त कार्यालय और सीडीआरआई द्वारा सेंसटाइजेशन प्रोग्राम ऑन रेसिलियंट इंफ्रास्ट्रक्चर विषय पर आयोजित सम्मेलन में भूकंप रोधी तकनीकों, आपदा के समय बचाव के प्रयास, भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग और नई बनने वाली हाउसिंग सोसाइटी में हरियाली बढ़ाने आदि पर चर्चा की गई।

प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने कहा कि आज के दौर में लोग शहरों की तरफ रुख कर रहे हैं, जिसे हमें रोकना होगा। वहीं उत्तर प्रदेश विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। ऐसे में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम तेजी से हो रहा है इसलिए आवश्यक है कि भवन आदि निर्माण भूकंपरोधी और एंटी डिजास्टर हो। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने कहा कि कंस्ट्रक्शन करने से पहले हमे उसके डिजाइन, डाटा डॉक्यूमेंटेशन और संचार पर बेहद ही ध्यान देने की जरूरत है। सीडीआरआई की एनालिस्ट ट्रेनिंग एंड कैपेसिटी डेवलपमेंट नोनी गुप्ता ने कहा कि भारत में 2018 तक भूकंप से 50 लाख से भी ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। ऐसे में सभी इंजीनियर्स को मिलकर नई रणनीति बनानी होगी।

# अधिकारी जैसा कार्य करेंगे, वैसा फल मिलेगा: योगी

## मुख्यमंत्री ने नवचयनित 39 एसडीएम, 41 डीएसपी और 16 कोषाधिकारियों को दिए नियुक्ति पत्र

▸▸ भर्ती में न किसी सिफारिश की जरूरत पड़ रही और न ही कोई हस्तक्षेप हो रहा

▸▸ पहली बार मात्र 9 माह में किसी आयोग और बोर्ड ने पूरी की भर्ती प्रक्रिया: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, साथ में अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 39 उपजिलाधिकारियों, 41 पुलिस उपाधीक्षकों एवं 16 कोषाधिकारी-लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान नवचयनित अभ्यर्थियों ने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ईमानदारी और पारदर्शिता से कार्य करने की नसीहत देते हुए कहा कि आप जैसा कार्य करेंगे, वैसा फल मिलेगा। कहा कि जब सरकार ईमानदारी के साथ काम करती है तो ओवरऑल परसेप्शन चेंज होता है। आज भर्ती में न किसी सिफारिश की जरूरत पड़ रही और न ही कोई हस्तक्षेप हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवचयनितों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके पास 30 से 35 वर्ष का समय जनता जनार्दन की सेवा करने का है। उनकी दुआएं लेने का है, ताकि अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आयोग और बोर्ड ने मात्र 9 माह में चयन की प्रक्रिया पूरी की है। इसमें न किसी की सिफारिश की जरूरत पड़ी और न कोई हस्तक्षेप हुआ। वहीं जिन लोगों ने परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने की कोशिश की, वह लोग उसका खामियाजा भुगत रहे हैं। उनकी प्रॉपर्टी जब्त कर ली गई, उनके घर पर रेड पड़ी। इतना ही नहीं सरकार तय कर चुकी है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी कार्ययोजना का ही परिणाम है कि पिछले 7 वर्षों के अंदर करोड़ों युवाओं को नौकरी और रोजगार की सुविधा प्रदेश में उपलब्ध करायी गयी है। इसी का परिणाम है कि आज पर कैपिटा इनकम और प्रदेश की जीडीपी में इजाफा हुआ है।

कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति डॉ. देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

### थाने की गतिविधियों को करना है वॉच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक गरीब को न्याय देना हमारा दायित्व होना चाहिए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में डिप्टी एसपी का अहम रोल होता है। ऐसे में उन्हे थाने जाकर वहां की एक-एक गतिविधियों को वॉच करना होगा। इसके साथ ही पब्लिक से कैसा व्यवहार हो रहा है, चार्ज शीट की क्या स्थिति है आदि पर ध्यान देना होगा। उन्होंने नवचयनितों पर विश्वास जताते हुए कहा कि वह ईमानदारी के साथ प्रदेश सरकार के कार्यों की स्पीड को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही जनता जनार्दन के हितों का ध्यान रखें और त्वरित निर्णय लें ताकि अच्छे प्रशासन के अधिकारी के रूप में छवि बने।

# हमीरपुर में रेप पीड़िता से बाबू ने मांगी रिश्वत, निलंबित

▸▸ समाज कल्याण राज्यमंत्री ने लिया संज्ञान, शिकायत सही पाए जाने पर हुई कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** हमीरपुर में समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ सहायक तुषार को रेप पीड़िता को आर्थिक सहायता दिलाए जाने के लिए 50 हजार मांगे जाने पर निलंबित कर दिया गया है। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाए जाने पर निलंबन के लिए निर्देश जारी किया।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि इस सिलसिले में वायरल ऑडियो क्लिप संज्ञान में आने पर समाज कल्याण राज्यमंत्री ने प्रकरण के जांच के आदेश दिए थे। उपनिदेशक कानपुर मंडल द्वारा स्थलीय जांच में प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों को तत्काल निलंबित कर दिया गया है।

राज्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार की किसी भी शिकायत पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। शिकायत होने तत्काल जांच कराकर दोषी के पर कार्रवाई की जाएगी।

# परियोजनाओं की देरी में फंसा खेलो इंडिया

▸▸ 9 जिलों में तैयार इंडोर गेम के लिए मल्टी परपज हाल, फुटबाल कोर्ट व रनिंग ट्रैक नहीं हो पाए हैंडओवर

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया की परियोजनाएं खेलकूद की राह देख रहीं हैं। लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, हरदोई, हाथरस, प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़ व बागपत में केंद्र के साथ मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत 11 परियोजनाएं तैयार होने के बाद भी युवा कल्याण विभाग को लंबे समय से हस्तांतरण नहीं हुई हैं। इन परियोजना में इंडोर गेम जैसे बैडमिंटन, जूडो-कराटे, ताइक्वांडो, कबड्डी आदि के लिए मल्टी परपज हाल बनाए हैं। कुछ जिलों में नेचुरल फुटबाल कोर्ट, रनिंग ट्रैक व मिनी स्टेडियम भी शामिल हैं। कार्य पूर्ण होने के बाद भी युवाओं को लाभ नहीं मिल पाया है। इन परियोजनाओं के कार्य समाप्ति की तिथि 2022 से 23 तक थी। अन्य परियोजनाओं के साथ इनका भी लोकार्पण करने की तैयारी थी।

बागपत में कमियों का निस्तारण तो कानपुर में चल रही फिनिशिंग

शासन के संज्ञान लेने और पत्राचार करने पर केंद्र सरकार की खेलो इंडिया परियोजना में ग्राम कोटरा हरदोई में मल्टीपरपज हाल विद नेचुरल फुटबाल कोर्ट और रनिंग ट्रैक तो युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षा दल मुख्यालय लखनऊ में बने मल्टी परपज हाल के हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ग्राम मितली बागपत में मल्टी परपज हाल में कमियों का निस्तारण किया जा रहा है। प्रतापगढ़ के ग्राम सरसी खाम व ग्राम आसपुर देवसरा में एक-एक मिनी स्टेडियम निर्माणाधीन है। जबकि, कानपुर नगर के ग्राम मकसूदाबाद में मल्टी परपज हाल में फिनिशिंग, बाउंड्रीवाल की चिनाई, प्लास्टर आदि कार्य की रिपोर्ट दी गई है।

### जिलों में परियोजना

- ग्राम पंचायत सिकंदरामऊ हाथरस
- ग्राम पंचायत रेरा प्रयागराज
- ग्राम पंचायत ककरघटा हरदोई
- ग्राम पंचायत तिलगोड़ी कौशांबी
- ग्राम पंचायत दुबौली गोरखपुर

ज्यादातर परियोजनाएं हैंडओवर हो चुकी हैं। शेष में प्रक्रिया चल रही है। संबंधित जिलों से निर्देश भी दिए गए हैं। इसकी मॉनीटरिंग भी कर रहे हैं। जल्द हैंडओवर करेंगे।

**-संदीप कुमार सचान, ,उप निदेशक युवा कल्याण मुख्यालय**

# 41 दंगा नियंत्रण वाहन खरीदने को दिए 9.84 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में दंगाइयों एवं अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई और नियंत्रण हेतु सीओ सर्किल स्तर के लिये 41 दंगा नियंत्रण वाहन खरीदने के निर्देश दिये है।

प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में प्रदेश की सुदृढ़ कानून व्यवस्था हेतु दंगाइयों एवं अपराधियों के विरूद्ध और अधिक त्वरित कार्यवाही एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रदेश के सीओ सर्किलों हेतु 41 दंगा नियंत्रण वाहनों के खरीदने हेतु 9 करोड़ 84 लाख रूपये की धनराशि निर्गत करने के आदेश निर्गत कर दिये गये है।

### महाविद्यालयों को सुविधाओं के लिए मिला धन

शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने गुरुवार को प्रदेश के 62 राजकीय महाविद्यालयों को सुविधाओं के लिए तीन करोड़ की धनराशि भेजी है। इस धनराशि से विज्ञान विषयों की प्रयोगशालाओं के साथ फर्नीचर की खरीद मार्च माह तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

# इस बार 70 प्रतिशत से अधिक मतदान सुनिश्चित कराएं : रिणवा

▸▸ नागरिकों को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियां तेजी से करें संचालित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए स्वीप गतिविधियां तेजी से संचालित की जाएं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुरुवार को निर्वाचन कार्यालय में लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने व अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए गठित राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को तेज करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां का मतदान प्रतिशत लगभग 59.11 था, इसे इस बार बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को मतदाता बनने से लेकर वोटर आईकार्ड में संशोधन करने की सुविधाएं आयोग की वेबसाइट व वोटर हेल्प लाइन एप के जरिए उपलब्ध कराई जा रही हैं। हेल्प लाइन 1950 का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए।



बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा व अन्य। अमृत विचार

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए विभागों से एमओयू

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शिक्षा विभाग, डाक विभाग व इण्डियन बैंक एसोसिएशन के साथ एमओयू किया गया है। इन एमओयू के क्रम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर अधिक से अधिक मतदाताओं को प्रेरित किया जाय। स्वीप गतिविधियों में आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

### सैनिक परिवार को मतदान के लिए करें प्रेरित

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि परिवहन विभाग की बसों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर व बैनर लगाएं। छावनी क्षेत्र के अंदर रहने वाले सैनिक परिवार, जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल है, उनको मतदान के लिए प्रेरित किया जाय। राज्य कर विभाग प्रदेश में वाणिज्यक संगठनों की मदद से मॉल, स्टोर आदि में ऑफर देकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को संचालित करें।

# ई ऑटो रिक्शा की ड्राइविंग सीट संभालेंगी महिलाएं

▸▸ प्रशिक्षण के साथ ही पिंक किट और बैंक फाइनेंस की सुविधा तक प्रदान की जा रही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** रोडवेज बसों के बाद अब प्रदेश की महिलाएं आम पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भी ड्राइविंग सीट पर नजर आने वाली हैं। महिलाओं को निशुल्क ई रिक्शा प्रशिक्षण के साथ ड्राइविंग लाइसेंस और सस्ती ब्याज दरों पर ई रिक्शा दिलाने का भी प्रबंध कर हो रहा है। ई रिक्शा पर 50 हजार रुपये तक की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। प्रत्येक जनपद से 250 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित एवं यूपीकॉन द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद से एक हजार महिलाओं को प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य है। मिशन शक्ति के तहत दो पार्ट में ट्रेनिंग आयोजित की गई है। पहले चरण में 56200 महिलाओं (प्रति जनपद 750) को 6 दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। इसमें तीन दिन महिलाओं के वर्क प्लेस से संबंधी सेफ्टी, सिक्योरिटी, और सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई थी। इसके बाद तीन दिन उनको उद्यमिता विकास की ट्रेनिंग कराई गई थी। फेज 2 में 250 महिलाएं प्रति जनपद के हिसाब से 18750 महिलाओं को ई रिक्शा ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें 10वीं पास 18 से 40 वर्ष की महिलाएं पात्र हैं। साथ ही उनके पास आधार और पैन कार्ड होना अनिवार्य है।

### महिलाओं को दी जा रही सेफ्टी किट

एमडी प्रवीण ने बताया कि यह एक लाइवलीहुड प्रोग्राम है। महिलाओं को ई रिक्शा की पिंक ड्रेस भी दे रहे हैं एवं सेफ्टी किट और स्टेशनरी किट भी प्रदान की जा रही है। इसके बाद महिलाओं को आरटीओ के सहयोग से ड्राइविंग लाइसेंस भी दिलाने में मदद की जा रही है। फाइनली उनको बैंक तक ले जाने का प्रॉसेस भी हम करा रहे हैं। इसमें सुनिश्चित किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का जो लाभ है वो महिलाओं को मिल सके, जिसमें बैंक से आसान लोन भी शामिल है।


## वर्ग पहेली-10

**बाएं से दाएं**

3. 1. नापाक, अपवित्र 2. मैला-कुचैला, गंदा 3. काला।
4. 1. जिसने दोष या अपराध किया हो, दोषी, अपराधी 2. जिसमें कोई कमी करना।
4. रथ, यान।
5. 1. युद्ध का मज़ा या लड़ाई का उत्साह 2. युद्ध, लड़ाई 3. युद्ध क्षेत्र, लड़ाई का मैदान।
9. 1. कूट भाषा 2. किसी संदेश को गुप्त भाषा में परिवर्तित करना 3. नियमावली, आचार संहिता 4. कंप्यूटर में प्रोग्राम लिखने की पद्धति विशेष।
10. विजय करने वाला, विजयी।

**ऊपर से नीचे**

1. सूंस नामक एक जलीय जंतु।
2. 1. संतुष्ट करने की क्रिया या भाव, तृप्ति 2. संतोष, तोष 3. किसी को तुष्ट करना।
6. 1. रंगे जाने योग्य 2. जिसका चित्त प्रसन्न किया जा सकता हो 3. हर्ष या आनंद देने वाला।
7. चोरी करने के उद्देश्य से चोरों द्वारा दीवार में किया गया बड़ा छेद जिसमें से होकर चोर किसी कमरे या कोठरी में घुसता है, नकब।
8. 1. जिसके चारों कोने या पार्श्व बराबर हों, चौखूंटा, चौकोना 2. जो हर तरह से ठीक हो।




### वर्ग पहेली -9 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | ली | क | | 2 चँ | 3 प | ना |
| | | | 4 आ | | पो | |
| | 5 थि | | 6 डं | ठ | ल | |
| 7 ग | र | का | ब | | ना | |
| | क | | री | | | 8 ध |
| 9 भु | ना | ना | | | | र |
| | | | 10 अ | प | दा | न |

## सुडोकू -89

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 7 | | 8 | |
| | | 2 | | 9 | | | | 5 |
| | 8 | | | 2 | | 4 | | |
| 4 | 3 | | | | | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 6 | | | | 3 | | | | 1 |
| | 4 | 9 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 4 | | 2 | | |
| | 7 | | 6 | | | | 5 | |

### सुडोकू -88 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 22.09 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 16.08 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष:** आज अधिकाधिक समय मनोरंजन और खानपान में व्यतीत करेंगे। शारीरिक कष्ट हो सकता है। छोटे बच्चों की परवरिश को लेकर थोड़े चिंतायुक्त हो सकते हैं। अपने सिद्धांतों और विचारों से समझौता न करें। पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृष:** आज वाहन के रखरखाव में आपको काफी ध्यान देना होगा। रिसर्च से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार को खुश रखने के लिए महंगी वस्तुओं को खरीद सकते हैं। इस समय आपको शांतिपूर्ण तरीके से बिताने की सलाह दी जाती है।

**मिथुन:** आज किसी महत्वपूर्ण मीटिंग के रद्द होने की संभावना है। अपनी क्षमताओं का तटस्थता से अवलोकन करें और अतिरिक्त बोझ लेने से बचें। लोग आपकी मजबूरी और परेशानियों को दरकिनार कर सकते हैं।

**कर्क:** आज आर्थिक स्थिति बेहतरीन रहेगी। समाज में आपका व्यवहार सबके प्रति काफी अच्छा रहेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। पहले की गई मेहनत का सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा।

**सिंह:** आज परामर्श सेवा से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार है। परिवार और समाज के लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। कारोबार में कुछ नवाचार प्रयोग करेंगे। आप लोगों के सामने अपने व्यक्तित्व को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने का प्रयास कर सकते हैं।

**कन्या:** आज अपनी गलतियों से सीखने का प्रयास करें, लेकिन उसे लेकर मन में ग्लानि का भाव भी आपके लिए हितकर नहीं है। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पूर्व पूर्ण कर लें। आपके निर्णयों पर नजदीकी लोग ही प्रश्न-चिन्ह लगा सकते हैं।

**तुला:** आज अधीनस्थ कर्मचारियों की गतिविधियों पर ध्यान दें। अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का पालन करें। अज्ञात भय से ग्रस्त हो सकते हैं। अपने विचारों को दूसरों के ऊपर न थोपें। किसी मित्र को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज आप नए विचारों के प्रभाव से धनी रहेंगे और इसका लाभ आपको हर जगह प्राप्त होगा। व्यवसाय में आ रहे प्रतिरोधों को चतुराई से दूर कर लेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की ख्याति बढ़ेगी। ऑफिस के षड्यंत्रों को दूर करने में सफल रहेंगे।

**धनु:** आज अटके हुए कार्यों को शुरू करने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं दूर की यात्रा की योजना बना सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं। बॉस आपको कोई बड़ा काम सौंप सकते हैं।

**मकर:** आज दिन की शुरुआत बेहतरीन रहेगी। व्यावसायिक साझेदारों के साथ कोई डील करने से पहले उसे अच्छी तरह से समझ लें। जल्दी सफलता प्राप्त करने के लिए शॉर्टकट्स अपनाने से बचें। पैतृक संपत्ति को लेकर कुछ विवाद जन्म ले सकते हैं।

**कुंभ:** आज ज्यादा भावुक होना भी नकारात्मक हो सकता है। ऑफिस के तनाव का असर घर पर न पड़ने दें। नेटवर्किंग के व्यवसाय से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है। महत्वपूर्ण निर्णयों को लेने से बचें। निराशाजनक विचारों से दूर रहें।

**मीन:** आज आपका फोकस पूरी तरह से अपने काम पर होगा। आय में वृद्धि होने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपके सामाजिक संबंध विकसित होंगे। अपनी कार्यक्षमता को लोगों के सामने सिद्ध कर पाएंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- साथी — सुबह : 11.00
- यह है जलवा — दोपहर : 03.00

SONY MAX
- अनाड़ी — सुबह : 10.12
- मैं हूं लकी द रेसर — रात : 10.07

SONY PIX
- द वॉटर हाउस — सुबह : 10.49
- फास्टर — शाम : 05.40

ZEE CINEMA
- जान — सुबह : 10.30
- हीरोपंती 2 — शाम : 04.30

colors CINEPLEX
- नजर अंदाज — दोपहर : 01.42
- पागलपंती — रात : 07.03

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था।
अगले दिन दोपहर में पत्नी डीनर ले लो जी।
पति- यह डीनर नहीं लंच है जाहिल औरत।
पत्नी- जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है। ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

टीचर- डेट और तारीख में क्या अंतर है?
सारी क्लास चुप
गप्पू- सर, डेट में गर्लफ्रेंड के साथ जाते हैं और तारीख में वकील के साथ
गप्पू की बात सुनकर टीचर दंग रह गई।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूंदड़ा | 2525–2550 |
| आरआर 21 | 2700–2750 |
| गेहूंफारम | 2800–2850 |
| जौ | 2000–2100 |
| ज्वार | 2600–4000 |
| बाजरा | 2125–2175 |
| मकाई | 2000–2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800–5900 |
| अरहर | 7500–8000 |
| मसूर | 5500–5600 |
| मटर | 3700–4000 |
| उड़दहरा | 10000–10200 |
| उड़दकाला | 6000–8000 |
| मूंग | 8500–8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500–14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12200–12300 |
| चनादाल | 7100–7200 |
| मटरदाल | 4950–5050 |
| मसूरमलका | 7050–7200 |
| मसूरदाल | 7100–7150 |
| उड़ददाल | 9000–12000 |
| उड़द धोवा | 10500–13000 |
| मूँगदाल | 8800–10300 |
| मूँग धोवा | 9800–11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000–2300 |
| बासमती नं.1 | 8500–10000 |
| सेला | 2500–3000 |
| बासमती नं.2 | 6500–7500 |
| **आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490–1550 |
| मैदा | 1450–1500 |
| सूजी | 1500–1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430–1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900–4950 |
| अलसी | 4500–4600 रुपये। |

# सार्वजनिक क्षेत्र के पांच बैंकों की सरकार की हिस्सेदार को 75% से कम करने की योजना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सरकार के वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने दी जानकारी



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) मानदंडों का अनुपालन करने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) और यूको बैंक सहित पांच सरकारी बैंक सरकार की हिस्सेदारी को घटाकर 75 प्रतिशत से नीचे लाने की योजना बना रहे हैं। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सार्वजनिक क्षेत्र के कुल 12 बैंकों (पीएसबी) में से चार 31 मार्च, 2023 तक सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों का अनुपालन कर चुके हैं। जोशी ने बातचीत में कहा, ''चालू वित्त वर्ष में तीन और पीएसबी ने न्यूनतम 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता का अनुपालन पूरा कर लिया है। शेष पांच सरकारी बैंकों ने एमपीएस मानदंडों को पूरा करने के लिए कार्ययोजना बनाई हैं।'' फिलहाल दिल्ली स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 98.25 प्रतिशत है। चेन्नई के इंडियन ओवरसीज बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 96.38 प्रतिशत, यूको बैंक में 95.39 प्रतिशत, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 93.08 प्रतिशत, बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 86.46 प्रतिशत है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अनुसार, सभी सूचीबद्ध कंपनियों के लिए सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों का अनुपालन जरूरी है। हालांकि, नियामक ने सरकारी बैंकों को विशेष छूट दी है। उनके पास 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता के नियम को पूरा करने के लिए अगस्त, 2024 तक का समय है।

### सरकार के समक्ष नियामकीय मानदंडों का अनुपालन न करने के मामले सामने आए हैं : विवेक जोशी

वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशीने कहा कि बाजार की स्थिति के आधार पर इनमें से प्रत्येक बैंक शेयरधारकों के सर्वोत्तम हित में निर्णय लेगा। बिना कोई समयसीमा बताए उन्होंने कहा कि इस अनिवार्यता को पूरा करने के प्रयास जारी हैं। जोशी ने कहा कि वित्त मंत्रालय ने सभी पीएसबी को अपने स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो की समीक्षा करने का निर्देश दिया है क्योंकि सरकार के समक्ष नियामकीय मानदंडों का अनुपालन न करने के मामले आए हैं। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों को पत्र लिखकर उनसे स्वर्ण ऋण से संबंधित अपनी प्रणाली और प्रक्रियाओं पर गौर करने को कहा है।

## पेटीएम को यूपीआई प्रणाली में शामिल होने की मंजूरी

**मुंबई।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भुगतान मंच पेटीएम का स्वामित्व रखने वाली वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड को बहु-बैंक मॉडल के तहत यूपीआई प्रणाली में तृतीय पक्ष एप्लिकेशन प्रदाता (टीपीएपी) के रूप में भाग लेने की बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी।

एनपीसीआई ने बयान में कहा कि एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और यस बैंक पेटीएम के लिए भुगतान प्रणाली प्रदाता (पीएसपी) बैंकों के रूप में काम करेंगे। यस बैंक वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) से जुड़े मौजूदा एवं नए यूपीआई कारोबारियों के लिए व्यापारी अधिग्रहण बैंक के रूप में भी काम करेगा। एनपीसीआई ने कहा कि '@पेटीएम' हैंडल को यस बैंक पर दोबारा प्रेषित किया जाएगा।

## भारत की शासन प्रणाली को बदनाम करने के लिए लाई गई हिंडनबर्ग रिसर्च

**मुंबई, एजेंसी**

- गौतम बोले-इसके बावजूद हम मजबूती से खड़े रहे



अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले साल जनवरी में आई अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट न केवल विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार वाले समूह को अस्थिर करने बल्कि भारत की शासन (गवर्नेंस) प्रणाली को राजनीतिक रूप से बदनाम करने के लिए भी लाई गई थी।

शॉर्ट-सेलर एवं निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। उस समय समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया था। इस साल उसे उच्चतम न्यायालय से भी राहत मिली जब न्यायाधीशों ने फैसला सुनाया कि उसे अतिरिक्त जांच का सामना करने की जरूरत नहीं है। हालांकि, यह रिपोर्ट आने के बाद अडाणी समूह के शेयरों में 150 अरब डॉलर से अधिक की बिकवाली हुई थी। उन्होंने कहा-हमारी नींव हिलाने की कोशिशों के बावजूद हम मजबूती से खड़े रहे और हमने न केवल अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा की बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि हम अपने कार्यों पर ध्यान केंद्रित रखें।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,050 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,950–50,150 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,300 |
| चांदी आभूषण | 73,900। |

## सोने के दाम में 250 रुपये और चांदी में 1,700 रुपये का आया उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 250 रुपये की तेजी के साथ 66,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने बताया पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये के उछाल के साथ 77,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

पिछले कारोबारी सत्र में यह 75,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 66,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जो पिछले बंद भाव से 250 रुपये की बढ़त है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,169 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## फिच ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स ने मजबूत घरेलू मांग और व्यापार एवं उपभोक्ता भरोसे में सुधार के कारण अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अपने अनुमान को बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के दौरान देश की अर्थव्यवस्था उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। ऐसे में फिच का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहेगी। यह सरकार के 7.6 प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा अधिक है।

## भारत में कंपनियों के लिए साइबर हमला प्रमुख जोखिम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सर्वे के मुताबिक डिजिटलीकरण बढ़ने से साइबर अपराध भी बढ़े



साइबर हमले और डेटा में सेंध भारत में कंपनियों के लिए सबसे प्रमुख व्यावसायिक जोखिम हैं। वैश्विक जोखिम प्रबंधन सर्वेक्षण-2023 के अनुसार, 2021 के व्यावसायिक जोखिम सर्वेक्षण में साइबर हमलों और डेटा सेंध को सातवें स्थान पर रखा गया था।

वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन ने सबसे अधिक दबाव वाली व्यावसायिक चुनौतियों की पहचान करने के लिए 61 देशों और क्षेत्रों के लगभग 3,000 जोखिम प्रबंधकों, सी-सूट अगुवाओं, वित्तीय अधिकारियों, प्रतिभा पेशेवरों और अन्य अधिकारियों से आंकड़े एकत्र किए। द्विवार्षिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), आधार और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क जैसे डिजिटल बुनियादी ढांचे को व्यापक रूप से अपनाने से प्रौद्योगिकी पर भारत की निर्भरता बढ़ने की संभावना है।

सर्वेक्षण कहता है, डिजिटलीकरण बढ़ने के साथ साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। ऐसे उल्लंघनों से जुड़ी लागत और जटिलताएं, संगठनों को साइबर जोखिमों के बेहतर प्रबंधन के लिए मजबूर कर रही हैं। एऑन के भारत में प्रतिभा समाधान खंड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नितिन सेठी ने कहा, "एकीकृत जोखिमों को समझने और प्रबंधित करने के लिए भारतीय व्यवसायों को उन्नत डेटा एनालिटिक्स और विशेषज्ञों का लाभ उठाने की अनिवार्य आवश्यकता है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में विपक्ष पर किया हमला

# राष्ट्र विरोधी एजेंडे पर काम कर रहा है 'इंडिया'

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर भ्रष्टाचार, कुशासन और राष्ट्र विरोधी एजेंडे को हवा देने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन इस विचारधारा पर काम कर रहा है, जबकि हमारी सरकार भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण को जड़ से उखाड़ फेंकने के पक्ष में हैं। 'पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना' के लाभार्थियों की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि उनकी विचारधारा लोगों के कल्याण के जरिए देश का कल्याण सुनिश्चित करना है। इस योजना के तहत ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रावधान है।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को संबोधित करने के लिए पहुंचने पर उपस्थित लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। ● एजेंसी

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबले के लिए राष्ट्रीय राजधानी में एकजुट हुए विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे दिन-रात उन्हें 'गाली' देने के एजेंडे पर साथ आए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन हुआ है। उन्होंने कहा कि 'मोदी की गारंटी' से यह सुनिश्चित हुआ कि उन्हें बैंकों से सरल दरों पर कर्ज मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि 62 लाख से अधिक लोगों को लगभग 11,000 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया है।

### भारत को वैज्ञानिक शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाना लक्ष्यः प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनका लक्ष्य भारत को बेहतरीन वैश्विक पद्धतियों से जोड़कर और इसके अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करके वैज्ञानिक शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाना है। प्रधानमंत्री ने पिछले दशक की वैज्ञानिक उपलब्धियों का विवरण देने वाली एक रिपोर्ट के लिए दिए गए अपने संदेश में कहा02047 तक आने वाला समय एक ऐसा काल है जो एक मजबूत, आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण के हमारे सपने को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण है।

## दिल्ली में आग लगने से दो बच्चियों समेत चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा के शास्त्री नगर इलाके में स्थित एक रिहायशी इमारत में बृहस्पतिवार तड़के भीषण आग लगने के बाद दो बच्चियों और एक दंपति की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मनोज (30), उसकी पत्नी सुमन (28), पांच और तीन साल की दो बच्चियों के तौर पर हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया-हमें अस्पताल से सूचना मिली कि चार लोगों- दो बच्चियों और एक दंपति की दम घुटने से मौत हो गई है। मामले की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि सुबह पांच बजकर करीब 20 मिनट पर गीता कॉलोनी के पास शास्त्री नगर में भीषण आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद तुरंत दिल्ली अग्निशमन सेवा को सूचित किया गया था।

### मथुरा में चढ़ने लगा होली का रंग...



मथुरा के निकट रमणरेती आश्रम में शुरू हुई लट्ठमार होली के दौरान महिला भक्तों ने जमकर खेला रंग–गुलाल। ● एजेंसी

## एक नजर

### टीएमसी नेता अर्जुन सिंह ने भाजपा में लौटने की जताई मंशा

**कोलकाता।** टीएमसी के असंतुष्ट नेता अर्जुन सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह बैरकपुर लोकसभा सीट से पार्टी का टिकट नहीं मिलने के बाद भाजपा में लौट जाएंगे। वह बैरकपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। सिंह ने यह भी दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के एक शीर्ष नेता भी उनके साथ भाजपा में शामिल होंगे। दो दिन पहले, सिंह ने टीएमसी उम्मीदवार पार्थ भौमिक के खिलाफ चुनाव लड़ने का संकेत देते हुए कहा था कि वह बैरकपुर के मतदाताओं की सामूहिक इच्छाओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते, जिन्होंने उन्हें 2019 में भाजपा उम्मीदवार के रूप में लोकसभा भेजा था।

### ठाणे में किशोर की पीट पीटकर हत्या

**ठाणे।** नवी मुंबई के तुर्भे में 17 वर्षीय एक छात्र को उसके कॉलेज के छह साथियों ने कथित तौर पर पीट-पीटकर मार डाला, जिसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना बुधवार दोपहर एक बजे कॉलेज के बाहर हुई जिसमें जान गंवाने वाले छात्र का एक दोस्त भी घायल हो गया है।

## ईडी ने शाहजहां शेख के करीबी व्यापारियों के घरों पर की छापेमारी



कोलकाता में व्यापारियों के आवासों पर छापेमारी के दौरान तैनात सुरक्षाकर्मी। ● एजेंसी

**कोलकाता, एजेंसी**

**संदेशखालि का मामला**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के साथ "करीबी संबंध" रखने वाले दो व्यापारियों के आवासों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी के अधिकारियों ने एक व्यवसायी के स्वामित्व वाले बाजार पर भी छापा मारा। सीबीआई ने पांच जनवरी की घटनाओं से संबंधित तीन मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है, जब घोटाले के सिलसिले में उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखालि में शेख के परिसर की तलाशी लेने गए ईडी अधिकारियों पर 1,000 लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया था। शेख फिलहाल केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की हिरासत में हैं। ईडी अधिकारी ने कहा-इन दोनों व्यापारियों ने शेख को राशन वितरण के लिए आए पैसे की हेरफेर करने में मदद की थी और उस पैसे का इस्तेमाल मछली व्यापार में किया था। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय भी अपने अधिकारियों पर हमले में उनकी भूमिका की जांच कर रहा है। तृणमूल कांग्रेस द्वारा पार्टी से निलंबित किए गए शेख को राज्य पुलिस ने 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

## उच्चतम न्यायालय ने अजित पवार गुट से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- तस्वीरों के इस्तेमाल को लेकर शरद पवार ने दायर की थी याचिका

उच्चतम न्यायालय ने शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के गुट की ओर से दाखिल याचिका पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाले धड़े से बृहस्पतिवार को जवाब दाखिल करने को कहा।

वयोवृद्ध मराठा नेता ने अपनी याचिका में आरोप लगाए थे कि अजित पवार गुट राजनीतिक लाभ के लिए उनके नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल कर रहा है। शीर्ष अदालत ने शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर ध्यान दिया कि उनके भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाला गुट "उनकी सद्भावना का लाभ उठा रहा है" और मराठा दिग्गज को प्रतिद्वंद्वियों से "झूठी प्रशंसा" की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अजित पवार गुट की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह से कहा- एक बार जब आपने (अजित पवार गुट ने) अलग रास्ता चुन लिया, तो आप केवल अपनी पहचान का उपयोग करते हैं। पीठ ने कहा-हमें स्पष्ट, बिना शर्त आश्वासन चाहिए कि शरद पवार के नाम, तस्वीरों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

## अरविंद केजरीवाल ने निचली अदालत के समन को सत्र अदालत में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज कराई गई दो शिकायतों पर निचली अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन को यहां एक सत्र अदालत में चुनौती दी है। ईडी ने उसके समन को नज़रअंदाज़ करने पर निचली अदालत का रुख किया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश सयाल आज केजरीवाल के आवेदनों पर सुनवाई कर सकते हैं। केजरीवाल ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा के आदेशों के खिलाफ सत्र अदालत का रुख किया, जिन्होंने केजरीवाल को 16 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था।

## लोकसभा के साथ जम्मू कश्मीर विधानसभा के भी चुनाव की संभावना

**ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली**

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने 2 दिन पूर्व जम्मू कश्मीर का किया था दौरा
- 17 मार्च तक चुनाव कार्यक्रम के घोषणा की उम्मीद



**अमृत विचारः** निर्वाचन आयोग में दो आयुक्तों के नाम की सिफारिश और एक देश एक चुनाव के लिए गठित समिति की रिपोर्ट आने के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त 17 मार्च तक कभी भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकते हैं। खास बात यह कि लोक सभा के साथ ही जम्मू कश्मीर विधानसभा के चुनाव कराने की तैयारी है। इसी बाबत 2 दिन पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने जम्मू कश्मीर का दौरा किया था।

सूत्रों के मुताबिक लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम 17 मार्च तक कभी भी घोषित हो सकता है। सुरक्षा की दृष्टि से मई के प्रथम सप्ताह तक विभिन्न चरणों में मतदान होंगे और दूसरे सप्ताह तक चुनाव परिणाम आने की संभावना है। पूर्व राष्ट्रपति डा. रामनाथ कोविंद द्वारा बुधवार को "एक देश-एक चुनाव" पर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंपने के बाद यह संभावना भी तेज हो गई है कि लोकसभा के साथ ही जम्मू कश्मीर विधानसभा के चुनाव भी करवाए जाएंगे। इसी के तहत 13 मार्च को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने जम्मू कश्मीर का दौरा किया था और सरकारी मशीनरी से चुनाव पूर्व समीक्षा की थी। जिसमें पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर की 24 विधानसभा सीटों को छोड़कर शेष 90 सीटों पर चुनाव कराने की बात चल रही है। राज्य के नए परिसीमन के बाद जम्मू कश्मीर विधानसभा में 114 सीटें हैं। जिसमें 43 सीटें जम्मू एवं 47 सीटें कश्मीर क्षेत्र में आते हैं। 90 सीटों के लिए 9 सीटें अनुसूचित जाति एवं 7 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित की गई हैं। हालांकि इस परिसीमन को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने चुनौती आज का को खारिज करते हुए परिसीमन को जायज बताया था। 11 दिसंबर के फैसले में इस माह सितंबर से पहले जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव करने के लिए कहा था।

जम्मू कश्मीर विधानसभा को 21 नवंबर 2018 में बंद किया गया था और 5 अगस्त 2019 में पुनर्गठन अधिनियम पारित होने के बाद धारा 370 समाप्त कर दी गई थी 31 अक्टूबर 2019 को जम्मू कश्मीर से अलग कर लद्दाख को केंद्र शासित राज्य घोषित किया गया था। विधानसभा बंद होने के बाद 6 माह के भीतर चुनाव कराने थे लेकिन परिसीमन आयोग का गठन होने के बाद विधानसभा चुनाव करते गए मगर अब परिसीमन आयोग की रिपोर्ट आ चुकी है और पाक अधिकृत कश्मीर की 24 सीटों को छोड़कर 90 सीटों पर चुनाव करने के लिए निर्वाचन आयोग पूरी तैयारी कर रहा है। जम्मू कश्मीर में इस समय कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी के अलावा क्षेत्रीय दल के रूप में नेशनल कांफ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी एवं गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी सक्रिय है।

2019 के लोस चुनाव में बीजेपी को 46.24, कांग्रेस को 28.39, नेशनल कांफ्रेंस को 7.87 एवं पीडीपी को 3.38 प्रतिशत मत मिले थे। इस बार कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद के अलग होने से इसका लाभ भाजपा को मिलेगा।

## खेल डायरी

### नवारो ने सबालेंका को हराया, कोको गॉ पहुंची क्वार्टर फाइनल में



**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** एम्मा नवारो ने बीएनपी परीबस ओपन के चौथे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका को 6-3, 3-6, 6-2 से हराकर सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वह अपने करियर में चौथी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची है और 1000 श्रेणी के टूर्नामेंट में पहली बार वह अंतिम आठ में खेलेगी। वहीं कोको गॉ ने अपने 20वें जन्मदिन पर एलिसे मर्टेंस को 6-0, 6-2 से हराकर दूसरी बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरे दौर में मर्टेंस ने नाओमी ओसाका को हराया था। पुरुष वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने 13वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को हराया। वहीं नौवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने गाएल मोंफिल्स को शिकस्त दी। वहीं नोवाक जोकोविच को हराने वाले इटली के लुका नारडी को 17वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने हराया।

### शरत सिंगापुर स्मैश के क्वार्टर फाइनल में

**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने सिंगापुर स्मैश में मिस्र के दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी उमर अस्सर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शरत ने स्लोवेनिया के विश्व में 13वें नंबर के खिलाड़ी डार्को जोर्गिक को हराने के एक दिन बाद इस 15 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी प्रतियोगिता में अस्सर पर 11-4, 11-8, 12-10 से जीत दर्ज की। क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले शरत क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन फेलिक्स लेब्रन से भिड़ेंगे। इस टूर्नामेंट में पिछले दो अवसरों पर पहले दौर में बाहर होने वाले शरत ने पिछले मैच में जोर्गिक को 8-11, 11-6, 11-8, 11-9 से पराजित किया था।

### ऑरलियन्स मास्टर्स से किरण, मालविका बाहर

**पेरिस, एजेंसी।** भारत के किरण जॉर्ज और मालविका बंसोड़ अपने-अपने मुकाबलों में हारने के बाद ऑरलियन्स मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। फ्रांस के पैलेस डेस स्पोर्ट्स में खेले गये पुरुष एकल वर्ग में किरण जॉर्ज को हमवतन सतीश कुमार करुणाकरण से हार का सामना करना पड़ा। वहीं मालविका बनसोड़ भी महिला वर्ग के मुकाबले में हंगरी की शटलर विवियन सैंडोरहाजी से हार गई। सामिया इमाद फारूकी और तान्या हेमंत भी अंतिम 16 में पहुंचने में असफल रहीं। फारूकी को बेल्जियम की लियान टैन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। हेमंत को चीनी ताइपे के लियांग टिंग-यू ने हराया। अनुपमा उपाध्याय बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा को हराकर अगले दौर में पहुंच गई है।

### मलेशिया दौरे से पहले एआईएफएफ ने अंडर 23 शिविर के संभावित खिलाड़ियों का किया चयन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मलेशिया के खिलाफ 22 और 25 मार्च को कुआलालम्पुर में होने वाले दो मैत्री मैचों से पहले अंडर 23 शिविर के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है। शिविर दिल्ली में शुक्रवार से शुरू होगा और 20 मार्च को मलेशिया जाने वाली 23 सदस्यीय टीम इसी में से चुनी जाएगी। भारत के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी के सहायक कोच नौशाद मूसा को मुख्य कोच बनाया गया है। नोएल विल्सन सहायक कोच और दीपांकर चौधरी गोलकीपिंग कोच होंगे। भारत के अंडर 23 संभावित खिलाड़ी : गोलकीपर : अर्श अनवर शेख, प्रभसुखन सिंह गिल, विशाल यादव, डिफेंडर : बिकाश युंनाम, सी शिवाल्डो सिंह, होर्मिपाम रूइवा, नरेंदर, रोबिन यादव, संदीप मंडी, मिडफील्डर : अभिषेक सूर्यवंशी, ब्रिसन फर्नांडिस, मार्क जोथांपुइया, मोहम्मद ऐमन, पी सनाथोइ मीताइ, थोइबा सिंह मोइरांगथम, बिपिन मोहनन, फॉरवर्ड : अब्दुल रबीह, गुरकीरत सिंह, इरफान, इसाक वी, के निंथोइंगबांबा मीताइ, मोहम्मद सनन, पार्थिब सुंदर गोगोइ, समीर मुर्मू, शिवशक्ति नारायणन, विष्णु पी वालाप्पिल। मुख्य कोच : नौशाद मूसा।

# मुंबई ने 42वीं बार जीती रणजी ट्राफी

## विदर्भ को 169 रन से हरा आठ साल का इंतजार किया खत्म, 90 में से 48वीं बार पहुंची थी फाइनल में

**मुंबई, एजेंसी**



घरेलू क्रिकेट की दिग्गज मुंबई ने आठ साल का इंतजार खत्म करते हुए अपना ही रिकॉर्ड बेहतर करके 42वीं बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीता। फाइनल के पांचवें और आखिरी दिन मेजबान ने विदर्भ को 169 रन से हराया। टूर्नामेंट के इतिहास में 90 में से 48वीं बार मुंबई फाइनल में पहुंची थी।

वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए फाइनल का नतीजा लगभग उसी समय तय हो गया था जब विदर्भ को 538 रन का लगभग नामुमकिन सा लक्ष्य मिला था। विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर (102) और हर्ष दुबे (65) ने हालांकि पूरे पहले सत्र में मुंबई के गेंदबाजों को परेशान किया। विदर्भ ने पांच विकेट पर 248 रन से आगे खेलना शुरू किया था और उसे लक्ष्य तक पहुंचने के लिए 290 रन और चाहिए थे, लेकिन विदर्भ की टीम 368 रन पर ही आउट हो गई। वाडकर ने इस साल पहला शतक जड़ने के साथ ही सत्र में 600 रन का आंकड़ा भी पार किया। वहीं दुबे ने प्रथम श्रेणी करियर में दूसरा अर्धशतक जमाया। दोनों ने 194 मिनट और 255 गेंद तक चली साझेदारी निभाई।

दूसरे सत्र का खेल शुरू होने के कुछ देर बाद ही वाडकर को तनुष कोटियान ने आउट किया। कोटियान ने 95 रन देकर चार विकेट लिए। यह साझेदारी टूटने के बाद विदर्भ की हार पर लगभग मुहर लग गई। विदर्भ दो बार खिताब जीतने के बाद तीन बार फाइनल में हार गया है। हवीं तुषार देशपांडे ने शॉर्ट गेंद पर दुबे को आउट किया। दुबे ने 128 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 65 रन बनाए। देशपांडे ने ही आदित्य सरवटे को भी पवेलियन के लिए चलाता किया।

कोटियान ने यश ठाकुर (6) के रूप में चौथा विकट लिया। वहीं अपने करियर का आखिरी मैच खेल रहे धवल कुलकर्णी ने उमेश यादव का विकेट लेकर विदर्भ की पारी का पटाक्षेप किया। मैन ऑफ द मैच मुशीर खान और मैन ऑफ द टूर्नामेंट तनुश कोटियान को चुना गया। मुशीर ने कहा कि मुझे कप्तान रहाणे के साथ बल्लेबाजी करने में मजा आया। हमारी साझेदारी के दौरान, वह बहुत अच्छी तरह से समझते थे कि मुझ से क्या उम्मीद है। कोटियान ने रहाणे को उनकी वास्तविक बल्लेबाजी क्षमता को उजागर करने में मदद करने के लिए धन्यवाद दिया, जिससे उन्होंने सत्र में 500 से अधिक रन बनाए। उन्होंने कहा कि पिछले साल मुझे अपनी बल्लेबाजी पर थोड़ा भरोसा हुआ और मैंने अपने पिता के साथ कड़ी मेहनत की। रहाणे ने भी मेरी मदद की।

### एमसीए ने दोगुना की पुरस्कार राशि, मुंबई को मिलेंगे अतिरिक्त पांच करोड़

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने 42वीं बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली टीम की पुरस्कार राशि दोगुनी कर दी है, जिसका मतलब है की टीम को पांच करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि मिलेगी। मुंबई ने गुरुवार को यहां फाइनल के पांचवें और अंतिम दिन विदर्भ को 169 रन से हराकर 42वीं बार रणजी चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। एमसीए के सचिव अजिंक्य नाइक ने कहा कि एमसीए के अध्यक्ष अमोल काले और शीर्ष परिषद ने रणजी ट्रॉफी की पुरस्कार राशि दोगुनी करने का फैसला किया है। एमसीए रणजी ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई की टीम को पांच करोड रुपए की अतिरिक्त धनराशि देगी। उन्होंने कहा कि एमसीए के लिए यह साल शानदार रहा है और उसने सात खिताब जीते। इसके अलावा हमारी टीम बीसीसीआई के आयु वर्ग की सभी प्रतियोगिताओं के नॉकआउट चरण में पहुंची।

### सबसे कम रन बनाने वाला बल्लेबाज होने के बावजूद आज मैं सबसे ज्यादा खुशः रहाणे



अजिंक्य रहाणे के लिए रणजी का यह सत्र बेहद खराब रहा लेकिन वह गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में सबसे ज्यादा खुश खिलाड़ी थे, जिनकी कप्तानी में टीम 42वीं बार घरेलू टूर्नामेंट की चैम्पियन बनीं। रहाणे ने इस सत्र में महज 214 रन बनाए। वह मुंबई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की तालिका में नौवें स्थान पर रहे। उन्होंने फाइनल की दूसरी पारी में 73 रन बनाने के साथ 130 रन की साझेदारी कर मैच को विदर्भ की पहुंच से दूर कर दिया। रहाणे ने मैच के बाद कहा कि मैं अपनी टीम के लिए सबसे कम रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक हूं, लेकिन आज मैं सबसे ज्यादा खुश हूं। खिलाड़ी के तौर पर आपको अच्छे और बुरे समय का सामना करना पड़ता है। रहाणे ने घरेलू क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए बीसीसीआई की सराहना की। बीसीसीआई ने सीनियर क्रिकेटरों से रणजी जैसी घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आग्रह किया है। रहाणे ने कहा कि बीसीसीआई का घरेलू क्रिकेट को महत्व देना अच्छा कदम है। बड़े खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलने की अनुमति देना महत्वपूर्ण है। मुंबई की जीत पर रहाणे ने कहा कि टीम को अगले सत्र में इस प्रदर्शन को दोहराने पर ध्यान देना चाहिए।

### मुंबई के खिलाफ हार मानने का कोई विकल्प ही टीम के पास नहीं थाः वाडकर

विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर ने कहा कि 538 रन का लक्ष्य होने के बाद भी उनकी टीम ने मैच गंवाने के बारे में नहीं सोचा था। विदर्भ के बल्लेबाजों ने धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते हुए मुंबई की जीत के इंतजार को कम किया। वाडकर ने 102 रन की पारी खेली। उन्होंने हर्ष दुबे के साथ छठे विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी कर मुंबई के गेंदबाजों को परेशान किया। साझेदारी टूटने के बाद टीम की बल्लेबाजी बिखर गई और मुंबई रणजी चैंपियन बना। वाडकर ने कहा कि जब हमने टीम में और साझेदारियों के बारे में बात की, तो ऐसी बात नहीं निकली की हम मैच से बाहर हो गए। हम केवल बल्लेबाजी से आगे बढ़ाने के बारे में सोच रहे थे। यह फाइनल था, आखिरी पारी थी, इसलिए हार मानने और नकारात्मक सोच की गुंजाइश ही नहीं थी।

## सीके नायडू ट्रॉफी में गलती के बाद अंपायरिंग के मानकों पर उठे सवाल

**बेंगलुरु, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के खिलाफ कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी अंडर 23 टूर्नामेंट के फाइनल में कर्नाटक के बल्लेबाज प्रखर चतुर्वेदी के गलत तरीके से आउट होने पर घरेलू मैचों में अंपायरिंग के मानकों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। यह घटना कर्नाटक के पहली पारी में घटी जब तेज गेंदबाज कुणाल त्यागी की गेंद चतुर्वेदी के बल्ले का किनारा लेते हुए विकेटकीपर आराध्य यादव के दस्तानों में पहुंची। गेंद आराध्य हाथों में जाने से पहले जमीन पर गिर गई थी। अंपायर ने इसे आउट दिया। प्रथम श्रेणी के पूर्व अंपायर ने कहा कि हां, वह आउट नहीं था। मैंने बाद में उसके आउट होने का वीडियो देखा था। गेंद विकेटकीपर के हाथों में जाने से पहले जमीन पर गिर गई थी। अंपायर को आउट नहीं देना चाहिए था।

## आरसीबी का शिविर शुरू, कुछ दिन में जुड़ेंगे कोहली

### इंडियन प्रीमियर लीगः गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से 22 मार्च को पहला मैच

**बेंगलुरू, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग से पहले अपने शिविर की शुरूआत की लेकिन उसके स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अगले कुछ दिन में टीम से जुड़ेंगे। आरसीबी को आईपीएल में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 22 मार्च को पहला मैच खेलना है।



अधिकांश घरेलू खिलाड़ी नए मुख्य कोच एंडी फ्लावर और क्रिकेट निदेशक मो बबाट के मार्गदर्शन में शिविर में पहुंच गए हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अलजारी जोसेफ भी शिविर में पहुंच गए हैं। कोहली पितृत्व अवकाश से इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला भी नहीं खेले थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि कोहली अगले कुछ दिन में पहुंचेंगे। कोहली टीम के सालाना कार्यक्रम 'आरसीबी अनबॉक्स' में भी पहुंच सकते हैं, जिसमें प्रशंसकों को अपने पसंदीदा सितारों की झलक देखने का मौका मिलता है। डु प्लेसी ने आरसीबी 'बोल्ड डायरीज' में कहा कि फ्लावर शानदार कोच है और टीम खुशकिस्मत है कि वे हमारे साथ है। वहीं फ्लावर ने कहा कि हम आरसीबी की कहानी का नया अध्याय लिखेंगे और यह हमारी खुशकिस्मती है। हम इसे लेकर काफी रोमांचित हैं।

### सीएसके में कोई बाहरी दखल या मालिकों का दबाव नहीं : ब्रावो



**चेन्नई, एजेंसी।** आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की अप्रतिम सफलता के पीछे सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी या खिलाड़ियों में झलकता इत्मीनान ही नहीं है बल्कि गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो का कहना है कि टीम में बाहरी दखल नहीं होना भी कामयाबी का राज है। लीग के इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स सबसे कामयाब टीम है और इसने पांच बार खिताब जीतने के अलावा सबसे ज्यादा बार प्लेआफ में जगह बनाई है। ब्रावो ने कहा कि वे खिलाड़ियों को खुलकर खेलने देते हैं। यही इस टीम की खूबसूरती है। टीम संयोजन के बारे में उन्होंने कहा कि हमारे पास अच्छी टीम है। हम वहीं से शुरूआत करेंगे जहां पिछले सत्र में छोड़ा था। हमने युवा गेंदबाजी आक्रमण के साथ पिछली बार बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इस बार हमारे पास शार्दुल ठाकुर है जो बोनस होगा। मुस्ताफिजूर रहमान भी काफी अनुभवी है जबकि मथीषा मथिराना भी उपयोगी गेंदबाज है।

### 23 मार्च को मैदान पर उतरेंगे पंत, उनकी इच्छाशक्ति जबर्दस्त



**बेंगलुरु, एजेंसी।** ऋषभ पंत को 2022 में हुई भयावह कार दुर्घटना के बाद फिट होने में मदद करने वाले मेडिकल स्टाफ ने उनकी इच्छाशक्ति और मानसिक दृढता की तारीफ करते हुए कहा है कि थकाऊ रिकवरी प्रक्रिया के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। पंत 23 मार्च को आईपीएल के जरिए क्रिकेट के मैदान पर वापसी करेंगे, जिसमें वह मोहाली में पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। पंत ने कहा कि मैं सामान्य होने के करीब महसूस कर रहा हूं। कार दुर्घटना को देखकर यह असंभव लग रहा था कि वह वापसी कर सकेंगे। मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल के खेल मेडिसिन सेंटर के निदेशक डॉक्टर दिनशॉ पर्डीवाला और बेंगलुरु के राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के स्टाफ ने उनकी मदद की।


#### ऐसा लगा नहीं कि पंत बल्लेबाजी कर रहे हैंः आमरे

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा कि ऋषभ पंत की बल्ले की स्विंग 'पहले की तरह' बनी हुई है और शिविर में उनकी बल्लेबाजी देख कर ऐसा नहीं लगा कि वह 14 महीने के बाद वापसी कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में बीसीसीआई ने पंत को आईपीएल के लिए फिट करार दिया था। आमरे ने कहा कि कोचिंग इकाई और व्यक्तिगत रूप से, उन्हें बल्लेबाजी करते देखना सुखद था। ऐसा लग ही नहीं रहा था कि वह लंबे समय बाद बल्लेबाजी कर रहे हैं। उनका बल्ला पहले की तरह ही चल रहा था।

## सात्विक-चिराग ने तीन बार के विश्व चैंपियन को हराया

### ऑल इंग्लैंड ओपन

**बर्मिंघम, एजेंसी**



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने ऑल इंग्लैंड ओपन में तीन बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान की जोड़ी को युगल मुकाबले में हराकर अपने अभियान शुरुआत की।

फ्रेंच ओपन 2024 के विजेता सात्विक और चिराग की जोड़ी ने तीन बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया की जोड़ी को 21-18, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी दूसरे दौर में इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बगास मौलाना की जोड़ी से मुकाबला करेगी। पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन ने डेनमार्क के मैग्नस जोनासेन को हराकर स्पर्धा के दूसरे राउंड में पहुंच गए हैं। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने 40 मिनट तक चले मुकाबले में मैग्नस जोनासेन को हराया। राउंड ऑफ 16 में 22 वर्षीय खिलाड़ी का सामना प्रतियोगिता में चौथी वरीयता प्राप्त डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। तनीषा क्रास्टो और अश्वनी पोनप्पा की भारतीय महिला युगल जोड़ी हांगकांग की येगुंग टिंग और येयुंग लैम की जोड़ी को हराकर अगले दौर में पहुंच गई है। अब प्री-क्वार्टरफाइनल में भारतीय महिला जोड़ी का मुकाबला चीन की झांग शुक्सियान और झेंग यू से होगा। एक अन्य पुरुष एकल स्पर्धा में भारत के प्रियांशु राजावत को इंडोनेशिया के चिको औरा से हार गई।

### कोरिया की एन से यंग से पीवी सिंधू हरीं

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को ऑल इंग्लैंड ओपन में महिला एकल के दूसरे दौर में कोरिया की एन से यंग से सीधे गेम में हार गई। सिंधू मैच के दौरान अच्छी लय में दिख रही थीं और उन्होंने शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया, लेकिन वह अपनी गलतियों पर अंकुश लगाने में असफल रहीं और 42 मिनट तक चले मुकाबले को 19-21, 11-21 से हार गईं। पिछले साल महिला एकल विश्व चैंपियनशिप जीतने वाली कोरिया की पहली खिलाड़ी बनी यंग के खिलाफ सिंधू की यह सातवीं हार है। कोरियाई खिलाड़ी ने सत्र में मलेशिया और फ्रांस ओपन के खिताब अपने नाम किए हैं। सिंधू ने खेल के दौरान आक्रामक रूख अपनाने की कोशिश की, लेकिन यंग ने रैलियों की गति और स्मैश का इस्तेमाल कर मैच अपने नाम किया। सिंधू ने पहले गेम में प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को टक्कर दी, लेकिन दूसरे गेम में वह गलती करती रही। सिंधू शुरुआती गेम में 4-1 से आगे थी। यंग ने इस समय ज्यादा प्रयास किये बिना सिंधू के गलती करने का इंतजार किया और 9-6 की बढ़त बनाई।




## छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान का टीजर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** फिल्म छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान का टीजर रिलीज कर दिया गया है। बच्चों का चहेता सुपरहीरो छोटा भीम टीवी के बाद अब बड़े परदे पर नजर आएगा। फिल्म का नाम छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान है। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का टीजर शेयर करते हुये लिखा, ढ़ोलकपुर को बचाने में दमयान के खिलाफ लड़ाई में भीम की गैंग को जॉइन करें। टीजर की शुरुआत वॉइस ओवर से होती है। ढ़ोलकपुर को दिखाते हुए आवाज आती है कि इस शांति और प्यार भरे ढ़ोलकरपुर राज्य पर कुछ बुरे लोगों की नजर पड़ गई है। इसके बाद ढोलकपुर की शांति तबाही में बदल जाती है। सभी का मानना है कि अब केवल एक ही जाबाज है, जो ढोलकपुर को बचा सकता है। टीजर में सभी किरदारों की एंट्री होती है। फिल्म में अनुपम खेर गुरु शंभु का किरदार निभाते नजर आएंगे। भीम गुरु शंभू और उनकी टीम की मदद से बुराई से लड़ता है। इस फिल्म में यज्ञ भसीन, अनुपम खेर, मकरंद देशपांडे, आश्रय मिश्रा और सुरभि तिवारी जैसे एक्टर्स नजर आएंगे। राजीव चिलका द्वारा निर्देशित और मेघा चिलका द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान को नीरज विक्रम ने लिखा है। वहीं भरत लक्ष्मीपति के साथ श्रीनिवास चिलकलापुडी द्वारा को-प्रोड्यूस किया गया है। यह फिल्म 24 मई 2024 को रिलीज होगी।

## धूम मचा रहा है हिप-हॉप आइकन

### डिवाइन और करण औजला का गाना नथिंग लास्ट्स



**मुंबई, एजेंसी।** हिप-हॉप आइकन डिवाइन और करण औजला का गाना 'नथिंग लास्ट्स' धूम मचा रहा है। हिप-हॉप आइकन डिवाइन और करण औजला का एल्बम स्ट्रीट ड्रीम्स अपने सभी सात ट्रैकों के साथ धूम मचा रहा है, खासकर नथिंग लास्ट्स, जो ट्रेंडिंग कर रहा है। करण औजला और डिवाइन द्वारा लिखित और प्रस्तुत और यस प्रूफ और जे ट्रैक द्वारा निर्मित, नथिंग लास्ट्स जोएल डिसूजा (जेडी) द्वारा निर्देशित किया गया है। नथिंग लास्ट की शूटिंग धारावी के आफ्टर स्कूल ऑफ हिप-हॉप में धारावी ड्रीम प्रोजेक्ट के सहयोग से की गई है। नथिंग लास्ट्स का आधिकारिक वीडियो करण औजला के यूट्यूब चैनल पर देखने के लिए उपलब्ध है और सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर सुनने के लिए भी उपलब्ध है। करण औजला ने कहा कि नथिंग लास्ट्स एक बहुत ही खास गाना है और मेरे निजी पसंदीदा में से एक है। धारावी में बच्चों के साथ समय बिताना एक प्यारा अनुभव था, जिसमें जीवन की साधारण खुशियां भी शामिल थीं। इस गीत के माध्यम से हमने अपने जीवन की सीख को साझा किया है कि कुछ भी वास्तव में हमेशा के लिए नहीं रहता है और हमें उन क्षणों को संजोना चाहिए जो हमारे पास हैं और हम जो जीवन जीते हैं उसके लिए आभारी होना चाहिए। हमें उम्मीद है कि गाना सभी को पसंद आएगा और हमारी भावनाओं को व्यक्त करेगा। डिवाइन ने कहा कि कुछ भी नहीं टिकता अपने सार में जीवन में नश्वरता को उजागर करता है, हम इस दुनिया में कुछ भी नहीं लेकर आते हैं और कुछ भी नहीं लेकर जाते हैं। हम गाने को अब तक मिली प्रतिक्रिया देखकर बहुत खुश हैं और प्यारे बच्चों के साथ वीडियो पर हर किसी की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। हमने उनके साथ सबसे अच्छा समय बिताया। डिवाइन और करण औजला की ओर से रचित स्ट्रीट ड्रीम्स एल्बम में नथिंग लास्ट, टॉप क्लास, स्ट्रेट बैलिन, याद, तारीफां, हिसाब और 100 मिलियन शामिल है।

### अक्षरा का गाना फलनवा के बेटा की धूम



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेत्री-गायिका अक्षरा सिंह का होली स्पेशल गाना फलनवा के बेटा रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह का होली गीत फलनवा के बेटा, उनके ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस गाने को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है और अपनों के साथ होली खेलने का मजा ही कुछ और होता है। ऐसे में जब अपने ही होली में ना आए तो एक शिकायत सी होती है जो इस गाने की थीम है। मैंने उसे अपने गाने में पिरोया है और आपके समक्ष प्रस्तुत किया है। उम्मीद करती हूं कि आप इस गाने को सुपर डुपर हिट बनाएंगे।

### खुशी और माही का होली गीत उजर ओढ़निया रंगनी

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका खुशी कक्कर और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का होली गीत 'उजर ओढ़निया रंगनी' रिलीज हो गया है। होली गीत 'उजर ओढ़निया रंगनी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत को खुशी कक्कर ने गाया है और माही श्रीवास्तव ने इस गाने में अभिनय किया है। माही श्रीवास्तव ने कहा कि होली आने बस अब कुछ भी समय बाकी रह गया है और होली की धूम अभी से दिखने लगी है। मैं अपने होली गीतों में होली से पहले ही होली का पूरा मजा उठा रही हूँ। मेरे गाने दर्शकों को पसंद आए इसलिए मैं जी तोड़ मेहनत कर रही हूं। मेरे सभी गानों की तरह इस गाने को भी अपना आशीर्वाद दे। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'उजर ओढ़निया रंगनी' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को शुभदयाल सोहरा ने लिखा है, जबकि विकाश यादव ने संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर विकाश बेदर्दी, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# गुलामी में धकेल कर स्वच्छता नहीं ला सकते

**मुंबई, एजेंसी**

● **बंबई हाईकोर्ट ने नगर निकाय से जुड़े मामले में राहत देते हुए टिप्पणी की**

बंबई हाईकोर्ट ने नगर निकाय से जुड़े 580 कर्मचारियों को लेकर एक बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने कहा है कि किसी कल्याणकारी राज्य में नागरिकों के एक वर्ग के लिए स्वच्छता दूसरों को गुलामी में धकेल कर हासिल नहीं की जा सकती। कोर्ट ने शहर के नगर निकाय विभाग को आदेश दिया है कि वह अपने 580 कर्मचारियों को स्थायी तौर पर रखे और उन्हें सभी लाभ मुहैया कराए।

न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने पिछले साल नवंबर में एक आदेश दिया था, जो गुरुवार को उपलब्ध कराया गया। इस फैसले में कहा गया है कि पर्यावरण को स्वच्छ करने के नागरिकों के मौलिक अधिकार को कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों को हल्के में लेकर हासिल नहीं कर सकते हैं। बंबई हाईकोर्ट ग्रेटर मुंबई नगर निगम (एमसीजीएम) द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें औद्योगिक न्यायाधिकरण द्वारा पारित एक आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें 580 अस्थायी कर्मचारियों के लिए पदों के सृजन का निर्देश दिया गया था।

अधिकरण ने निगम को 580 कर्मचारियों को स्थायी घोषित करने और उन्हें सभी लाभ देने का निर्देश दिया था। कर्मचारी संगठन 'कचर वाहतुक कर्मचारी संघ' ने नगर निगम से अपने 580 सदस्यों को स्थायी कर्मचारी बनाने की मांग की थी। वे सार्वजनिक सड़कों की सफाई और कचरे के संग्रह और परिवहन का काम करते हैं। हाईकोर्ट ने एमसीजीएम की याचिका रद्द कर दी। साथ ही कहा कि अगर न्यायाधिकरण का आदेश रद्द किया जाता है तो यह 'न्याय का उपहास' करना होगा। पीठ ने कहा कि मुंबई को स्वच्छ रखने के लिए नगर निकाय के पास अधिकार है और शहर में 'कर' देने वाले लोगों को स्वच्छ वातावरण का मौलिक अधिकार है।

अदालत ने कहा कि यह मौलिक अधिकार और अनिवार्य कर्तव्य कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों को बुनियादी मानव गरिमा के अधीन करके प्राप्त नहीं किया जा सकता है। कल्याणकारी राज्य में एक वर्ग के नागरिकों के लिए सफाई का काम बाकियों को गुलामी में फंसाकर नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट ने कहा कि 580 कर्मचारी, जो शहर में काम करते हैं उन्हें स्थायी करने की बजाय, नागरिक निकाय ने अपनी प्रमुख स्थिति का लाभ उठाया है।

## भारत-अमेरिका के बीच मजबूत हुए रक्षा संबंध : पेंटागन

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के रक्षा संबंधों में अविश्वसनीय रूप से सुधार देखने को मिल रहा है। पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा कही गई ये बात दर्शाती है कि अमेरिका और भारत के बीच रक्षा संबंध बेहद मजबूत हो रहे हैं।

पेंटागन के एक अधिकारी का कहना है कि अब भारत और अमेरिका के बीच प्रमुख मुद्दों पर मतभेदों के बजाय सुधार देखने को मिल रहे हैं। हाल ही में सीयूटीएस इंटरनेशनल द्वारा एक गोलमेज सम्मेलन कराया गया था। इस सम्मेलन में रक्षा विभाग के सचिव (नीति) के कार्यालय, दक्षिण एशिया के निदेशक सिद्धार्थ अय्यर ने कहा कि 'पिछले 12 महीनों में भारत अमेरिका के रक्षा संबंधों में बेहद तेजी से प्रगति हुई है। अय्यर ने कहा रक्षा संबंधों में अविश्वसनीय गति देखने को मिली।

# सरकार ने ब्लॉक किए 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म

*नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने अश्लील और असभ्य कंटेंट पब्लिश करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि इन प्लेटफॉर्मस को पहले कई बार चेतावनी दी गई थी। इसके साथ ही सरकार ने 19 वेबसाइट, 10 एप और 57 सोशल मीडिया हैंडल भी ब्लॉक किए हैं।*

### क्यों किया गया बैन

मंत्रालय की ओर से से जारी किए बयान के मुताबिक, ब्लॉक किए गए ओटीटी प्लेटफॉर्म को लेकर बताया गया है कि ये अश्लील, अभद्र और महिलाओं को लेकर अपमानजक कंटेंट प्रसारित करते थे। इन प्लेटफॉर्म पर आईटी एक्ट की धारा 67 और 67ए, आईपीसी की धारा 292 और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4 के तहत कार्रवाई करते हुए बैन लगाया गया है।



### 1 करोड़ से ज्यादा डाउनलोड, 32 लाख से ज्यादा फालोअर्स

सरकार ने बताया कि 18 ओटीटी एप में से एक एप को 1 करोड़ से ज्यादा डाउनलोड मिल चुके हैं। हालांकि इसका नाम नहीं बताया गया। दो अन्य एप को गूगल प्ले स्टोर पर 50 लाख से ज्यादा डाउनलोड मिले हैं। इसके अलावा इन ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने दर्शकों को अपनी वेबसाइट्स और ऐप्स की तरफ अट्रैक्ट करने के लिए बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया का भी यूज किया। इन सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कुल मिलाकर 32 लाख से अधिक यूजर्स हैं।

### सरकार ने किस पर लगाया बैन

सरकार ने 12 फेसबुक अकाउंट, 17 इंस्टाग्राम अकाउंट, 16एक्स अकाउंट और 12 यूट्यूब अकाउंट को भी बैन किया है, जो नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।

### कई शिकायतें मिलने के बाद कार्रवाई

इससे पहले मंत्रालय ने कहा था कि उन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दिखाए जा रहे कंटेंट को लेकर कई शिकायतें मिली थीं। इनकी शिकायत करने वालों में कई सांसद/विधायक, इंटेलेक्चुअल्स और समाज सेवी शामिल हैं।

### क्या हैं निगरानी के नियम

सरकार ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के कंटेंट की निगरानी मीडिया एथिक्स कोड रूल्स, 2021 के जरिए करती है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को अपने कंटेंट का क्लासिफिकेशन, ऐज रेटिंग और सेल्फ रेगुलेशन का खुद पालन करना होता है।

## एक नजर

### भारत-ब्राजील ने मंत्रिस्तरीय पहली 'टू प्लस टू' वार्ता की

**नई दिल्ली।** भारत और ब्राजील ने गुरुवार को रक्षा और विदेश मंत्रिस्तरीय पहली 'टू प्लस टू' वार्ता की। बैठक में ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिजों, प्रौद्योगिकी और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि बातचीत में सहयोग के विभिन्न अहम क्षेत्रों पर बातचीत हुई है। उन्होंने कहा-अंतरिक्ष, ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, तकनीक, आतंकवाद से मुकाबला और क्षेत्रीय, बहुपक्षीय एवं परस्पर हित से जुड़े अन्य मुद्दों पर सहयोग बढ़ेगा। बता दें, बैठक दिल्ली में हुई है। इसकी सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव जी वी श्रीनिवास और रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव विश्वेश नेगी ने की।

### देश के आखिरी गांव के लोग वांगचुक के समर्थन में उतरे

**फोब्रांग (लद्दाख)।** लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे सोनम वांगचुक की तबीयत बिगड़ रही है। उनकी मांगों के समर्थन में भारत-चीन सीमा पर बसे देश के आखिरी गांव फोब्रांग के लोग भी उतर आए हैं। इन लोगों ने बॉर्डर से 16 किमी पहले मार्टसे टॉप के पास माइनस 20 डिग्री तापमान में प्रदर्शन किया।



### रमजान में ड्यूटी के दौरान पायलट नहीं रखेंगे रोजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय विमानन कंपनी पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन (पीआईए) ने रमजान माह के मद्देनजर नया आदेश जारी किया है। पीआईए ने ड्यूटी के दौरान चालकों के रोजा रखने पर रोक लगा दी है। आदेश में चिकित्सा परामर्श का हवाला देते हुए कहा गया कि रोजा रखने से डिहाइड्रेशन हो सकता है। इसके साथ ही व्यक्ति को आलस्य और नींद आ सकती है। पीआईए के अधिकारी ने बताया कि कॉर्पोरेट सेफ्टी मैनेजमेंट और एयर क्रू मेडिकल सेंटर दोनों ने सिफारिश की है कि विमान चालकों और चालक दल के सदस्यों को रोजा नहीं रखना चाहिए।

### अमेरिका में अवैध प्रवेश पर तीन भारतीय समेत चार गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे तीन भारतीयों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी सीमा गश्ती दल ने एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें, बफेलो शहर में अंतर्राष्ट्रीय रेलमार्ग द्वारा अवैध प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने बातया है कि, महिला समेत चारों को अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा अधिकारियों (सीबीपी) की हिरासत में हैं। चारों निर्वासन की सुनवाई होने तक बंद रहेंगे।

# भारत और एशिया तक पहुंच बढ़ाने को रूस बना रहा 'मॉस्को कॉरिडोर'

## युद्ध के चलते यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों के बाद लिया फैसला, 2028 तक होगा पूरा

**मॉस्को, एजेंसी**

यूक्रेन युद्ध के पहले रूस व्यापार के लिए यूरोप पर ही निर्भर था लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। अमेरिका और यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों को मात देने के लिए रूस नए तरीके खोज रहा है। इसी क्रम में रूस ने भारत, चीन और मिडल ईस्ट के देशों के साथ संबंध मजबूत कर दिए हैं। रूस अपनी पहुंच भारत और एशिया तक बढ़ाने के लिए मॉस्को से मुंबई तक मल्टी मोड ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर बना रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक प्रतिबंधों के बीच में रूस ने अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (आईएनएसटीसी) प्रोजेक्ट में तेजी दिखाई है। रूस ने अब 160 किमी लंबे रेल मार्ग के लिए ईरान को 12 हजार करोड़ रुपये का फंड जारी किया है। ईरान के रास्त शहर को अस्तारा से जोड़ने वाले इस रेल मार्ग का काम शुरू हो गया है। अजरबैजान में रेलवे ट्रैक और यार्ड काम इस साल पूरा हो जाएगा। पूरे कॉरिडोर का काम 2028 तक पूरा होने की उम्मीद है।

### समुद्र, रेल और सड़क मार्ग के जरिए जुड़ेंगे भारत, ईरान और रूस



आईएनएसटीसी की कुल लंबाई 7,200 किमी है। इस कॉरिडोर में भारत और रूस के अलावा ईरान, अजरबैजान भी सदस्य हैं। समुद्र, रेल और हाइवे के इस मल्टी मोड कॉरिडोर का मुख्य उद्देश्य लागत कम करना और समय बचाना है। नए रूट से माल भेजने का समय पारंपरिक स्वेज रूट के 45 दिनों से घटकर सिर्फ 10 दिन रह जाएगा, जो कि स्वेज नहर से मुकाबला करेगा। स्वेज मार्ग से मुंबई से मॉस्को की दूरी 14 हजार किमी थी, इसे तय करने में 45 दिन से ज्यादा का समय लगता था। जहां अभी हूती विद्रोहियों का खतरा है।



### रूस- भारत का व्यापार चार गुना बढ़ा

भारत के साथ 2023 में रूस का व्यापार 5 .37 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो 2021 की तुलना में 4 गुना है। वहीं, 2023 में रूस-चीन का व्यापार भी 61 फीसदी बढ़कर 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इस कॉरिडोर के बनने से रूस को तुर्किये से भी व्यापार संबंध बढ़ने की उम्मीद है।

### रूस को भारत-ईरान से मदद मिल रही

इस प्रोजेक्ट को लेकर अजरबैजान का कहना है कि रूस ने यूरोप की जगह नए विकल्प खोज लिए हैं। रूस भारत से मशीनरी मिल रही है। ईरान से हथियार, तुर्की और मिडल ईस्ट से रूस को आवश्यक चीजें आसानी से मिल रही है, जो लड़ाई के समय जरूरी हैं। आपको बताते कि पाकिस्तान के खतरे को देखते हुए भारत ने ईरान में एक बंदरगाह का निर्माण कराया है। भारत, तेहरान के कई प्रोजेक्ट्स में निवेश कर रहा है। इसी तरह रूस भी ईरान को हर तरह से सहयोग कर रहा है।

## पाकिस्तानः नवाज के बेटों को राहत, स्थायी गिरफ्तारी वारंट रद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के परिवार को बड़ी राहत देते हुए एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने गुरुवार को पनामा पेपर्स घोटाले से जुड़े मामलों में नवाज शरीफ के बेटों की गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया है। गौरतलब है कि 2016 के पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद हसन नवाज और हुसैन नवाज ने 2018 में पाकिस्तान छोड़ दिया था।



बता दें कि पनामा पेपर्स से जुड़े भ्रष्टाचार के तीन मामलों में आरोप लगाए गए थे लेकिन वे कभी भी अदालत के सामने पेश नहीं हुए, जिसने उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया। इस्लामाबाद की भ्रष्टाचार निरोधक अदालत द्वारा सात मार्च को दोनों के खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट को गुरुवार तक निलंबित करने के बाद दोनों भाई पाकिस्तान लौट आए। हसन और हुसैन इस्लामाबाद स्थित अदालत में पेश हुए, जिसने दलीलें सुनने के बाद भ्रष्टाचार मामलों में जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया। अदालत ने 50 हजार के मुचलके पर उनकी जमानत भी मंजूरी दी।

# चुनाव धांधली के आरोपों पर सुनवाई करेगा अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी**

● **इमरान की पार्टी ने लगाए हैं आरोप 20 मार्च को सुनवाई करेगी अमेरिकी कांग्रेस की एक समिति**



अमेरिकी कांग्रेस की एक समिति पाकिस्तान में हुए आम चुनाव के मुद्दे पर सुनवाई करेगी। पाकिस्तान चुनाव में धांधली होने के आरोप लगे हैं और पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी ने ये गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोपों पर अमेरिकी कांग्रेस की समिति 20 मार्च को सुनवाई करेगी। इस सुनवाई का शीर्षक 'चुनाव के बाद का पाकिस्तानः पाकिस्तान में लोकतंत्र के भविष्य की चर्चा होगा।

अमेरिका के विदेश विभाग की मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका और मध्य एशिया मामलों की उप-समिति पाकिस्तान चुनाव के मसले पर बैठक करेगी। समिति के सामने दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के सचिव डोनाल्ड की गवाही भी होगी। गौरतलब है कि पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार के दौरान गुप्त जानकारी सार्वजनिक करने के मामले में डोनाल्ड लू की संलिप्तता की बात सामने आई थी। ऐसे में अब अमेरिकी कांग्रेस की समिति के सामने डोनाल्ड लू की गवाही बेहद अहम मानी जा रही है।

### आरक्षित सीटों पर एसआईसी की याचिका खारिज

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी को बड़ा झटका देते हुए पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने गुरुवार को सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल( एसआईसी) द्वारा दायर एक याचिका को खारिज कर दिया। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने चार मार्च को सीट कोटा के लिए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, साथ ही इसे नियमों का उल्लंघन बताया। बुधवार को पाकिस्तान के अटॉर्नी जनरल मंसूर उस्मान अवान और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी और ईसीपी के वकीलों ने अपनी दलीलें पूरी कर ली थीं। एजीपी अवान ने कहा था कि एक राजनीतिक दल को आरक्षित सीटें तभी मिल सकती हैं।

### बर्फ से ढकी ऊंची चोटियां...



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते गुरुवार को पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ओलावृष्टि हुई। इससे 280 सड़कें ठप हो गई। चंबा, लाहौल स्पीति और किन्नौर, कल्लू की भी ऊंची चोटियां पर ढाई फीट तक बर्फबारी हुई। शिमला और आसपास के क्षेत्रों में बादल छाए रहे और शीतलहर से चलती रही। ● एजेंसी

## संघ की सभा आज से, शीर्ष पदाधिकारी होंगे शामिल

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की प्रतिनिधि सभा 15 मार्च से 17 मार्च तक नागपुर में होने जा रही है। यह सभी ऐसे वक्त हो रही है, जब संघ अगले साल विजयादशमी को स्थापना के 100 साल पूरे करेगा।

बैठक में राम मंदिर पर भी प्रस्ताव पारित होने की उम्मीद है। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में 1529 शीर्ष पदाधिकारी शामिल होंगे। साथ ही संघ से जुड़े 36 संगठनों के अध्यक्ष, महासचिव समेत प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। सभा में कई अहम मुद्दो पर चर्चा होगी।

# सीएए कानून देशहित में नहीं: केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **बोले- घुसपैठियों को भारत में वैध बना रही केंद्र, आम लोगों का पैसा दूसरे देशों के अल्पसंख्यकों पर खर्च करना मंजूर नहीं**



आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार के देश में सीएए लागू करने के निर्णय का विरोध किया है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सीएए देशहित में नहीं है। केंद्र सरकार देश के करोड़ों लोगों को रोजगार व मकान नहीं दे पाई है, वहीं वह पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान से आने वाले करोड़ों लोगों को नौकरी व मकान देगी। उन्होंने कहा-जो अवैध घुसपैठिए देश में आने से डरते थे लेकिन केंद्र ने सीएए कानून बनाकर उनको भारत में आने को वैध बना रही है।

केजरीवाल बोले- भाजपा सीएए लाकर देश के साथ ऐसा खिलवाड़ वोट बैंक के लिए कर रही है। जहां भाजपा का वोट कम है, वहां दूसरे देशों के गरीब लोगों को झुग्गियां बनाकर बसाया जाएगा। उन्होंने चुनाव से पहले सीएए लाने पर भी सवाल उठाया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में सीएए का विरोध करते हुए कहा कि देश पर 10 साल राज करने के बाद लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपाइयों को सीएए की बात करनी पड़ रही है। अगर वह 10 साल में कुछ अच्छा काम कर लेते तो आज सीएए की जगह अपने काम पर जनता से वोट मांग रहे होते। आज देश में सबसे बड़ी समस्या महंगाई और बेरोजगारी है। ऐसे में केंद्र सरकार इनका समाधान ढूंढने के बजाय सीएए की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के अनुसार पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक अगर भारत की नागरिकता लेना चाहें तो उनको भारत की नागरिकता दे दी जाएगी। इसका मतलब है कि इन तीनों देशों से बड़ी संख्या में अल्पसंख्यकों को भारत में लाया जाएगा। उनको भारत में बसाया जाएगा, उनको रोजगार और घर दिया जाएगा।

## महाराष्ट्र : अहमदनगर का नाम अहिल्या नगर और नाम भी बदलेंगे

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले महाराष्ट्र सरकार की आखिरी कैबिनेट बैठक में अहमदनगर शहर का नाम बदलकर अहिल्यानगर करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अहमदनगर ननि ने 15 दिन पहले यह प्रस्ताव सरकार को भेजा था।

दरअसल, अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में ही देवी अहिल्या बाई का जन्म हुआ था। इसके साथ ही मुंबई के 8 रेलवे स्टेशनों के ब्रिटिश नाम भी बदले जाएंगे। करी रोड स्टेशन का नाम लालबाग, सैंडहर्स्ट रोड का नाम डोंगरी, मरीन लाइन्स का नाम मुंबादेवी, चर्नी रोड का नाम गिरगांव, कॉटन ग्रीन का नाम कालाचौकी स्टेशन, डॉकयार्ड का नाम मझगांव, किंग्स सर्कल का नाम तीर्थंकर पार्श्वनाथ करने को मंजूरी दी गई।

# चरमपंथी गतिविधियों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध ब्रिटेन: सुनक

**लंदन, एजेंसी**

● **नए उपायों से असहिष्णुता, घृणा या हिंसा पर आधारित विचारधारा वाले लोगों पर लगेगी लगाम**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कब्जा करने की कोशिश करने वाली चरमपंथी गतिविधियों से निपटने के हमारे पास उपाय होने के लिए प्रतिबद्ध है।

हाउस आफ कामंस में 'प्रधानमंत्री के सवालों' के जवाब में सुनक ने गुरुवार को संसद में पेश की जाने वाली चरमपंथ की एक नई परिभाषा की रिपोर्टों का हवाला दिया और जोर दिया कि नई रणनीति स्वतंत्र अभिव्यक्ति को प्रभावित नहीं करेगी। नए उपायों से उन समूहों या लोगों पर प्रतिबंध लगाने की उम्मीद है जो असहिष्णुता, घृणा या हिंसा पर आधारित विचारधारा को बढ़ावा देते हैं और स्पष्ट रूप से निर्धारित करते हैं कि ब्रिटिश



सरकार किन समूहों और व्यक्तियों को समर्थन या फंड दे सकती है। सुनक ने कहा कि वास्तव में चरमपंथी गतिविधियों में वृद्धि हुई है जो हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं पर काबू करने की कोशिश कर रही है। यह महत्वपूर्ण है कि हमारे पास इस खतरे से निपटने के लिए उपकरण हों। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल निजी और शांतिपूर्ण मत रखने वालों को चुप कराने के बारे में नहीं है।

**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने कहा- दुर्लभ खगोलीय घटना के बाद एक नए तारे का जन्म होगा

# नग्न आंखों से दिखेगी नोवा विस्फोट की घटना

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** यह वर्ष एक खगोलीय घटना को लेकर बेहद खास रहने वाला है। इस घटना में एक दुर्लभ नोवा विस्फोट होने जा रहा है। इस घटना के साथ ही एक नवजात तारा जन्म लेगा। इस घटना को नग्न आंखों से देखा जा सकता है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इस वर्ष नग्न आंखों से दिखाई देने वाला एक नोवा विस्फोट रात के आकाश को जगमगाने लगेगा। तारे के जन्म को लेकर यह दुर्लभ खगोलीय घटना है। जिसके हम सब गवाह बनेंगे। यह घटना टी कोरोनाए बोरेलिस (टी सीआरबी) नामक तारा मंडल में घटने वाली है। यह घटना दूर आसमान में पृथ्वी से लगभग 3000 प्रकाश वर्ष दूर



लाल तारे की परिक्रमा करते बौना तारे की तस्वीर।

है। यह घटना एक लाल विशाल तारा और एक सफेद बौना तारे में हो रही है।

दोनों एक दूसरे की परिक्रमा करते हैं। वैज्ञानिक इसे नोवा विस्फोट कहते हैं। जिसमें सफ़ेद बौना अपने लाल विशाल साथी से पर्याप्त मात्रा में तारकीय सामग्री चुराता है और अपनी सतह पर परमाणु संलयन की एक संक्षिप्त चमक को प्रज्वलित करता है। जिससे यह समझा जा सकता है कि एक नया तारा जन्म लेने जा रहा है। नासा के अधिकारियों का इस घटना को लेकर कहना है कि इस घटना में एक बड़ा विस्फोट सितंबर के बीच होने की उम्मीद है, जो आकाश में उत्तरी तारे (नार्थ स्टार) के समान चमकीला दिखाई देगा और लुप्त होने से एक सप्ताह तक इसकी चमक दिखाई देगी। इस तरह की घटना जीवन में एक बार देखने को मिलती है, क्योंकि नोवा विस्फोट लगभग 80 साल में होता है।

### 1946 में देखा गया था नोवा विस्फोट

नासा के अनुसार आखिरी बार 1946 में नोवा विस्फोट हुआ था। जिसे आवर्ती नोवा विस्फोट के नाम से जाना जाता है। हमारी मिल्की के भीतर ज्ञात पांचवा विस्फोट था। इस वर्ष होने जा रहे विस्फोट का आनंद दूरबीन से भी लिया जा सकता है, जो बूट्स और हरक्यूलिस नक्षत्रों के बीच देखी जा सकेगी।

# भारत के विरुद्ध आतंकी तत्वों के लिए इस्तेमाल हो रही अमेरिकी धरती

**वाशिंगटन, एजेंसी**

● **भारतीय मूल के लोगों ने लगाया आरोप, जांच एजेंसी एफबीआई से मिले भारतवंशी**

अमेरिका में सिलिकॉन वैली के प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकियों के समूह ने न्याय विभाग, संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। इस मुलाकात में भारतीय मूल के लोगों ने आरोप लगाया कि भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के लिए अमेरिका की धरती इस्तेमाल हो रही है।

कानून प्रवर्तन एजेंसियों से सिलिकॉन वैली में मुलाकात करने वाले भारतीयों के समूह में समुदाय के कई प्रमुख लोग शामिल रहे। इन लोगों ने अमेरिका में हिंदू समुदाय के लोगों के खिलाफ बढ़ रहे घृणा अपराध के मामलों पर चिंता जाहिर की और कार्रवाई की मांग की।

हिंदू और जैन समुदाय के मंदिरों पर हुए हमले भारतीय दल का नेतृत्व समुदाय के नेता अजय जैन भुतोरिया ने किया। बैठक में अमेरिका में हिंदू और जैन मंदिरों पर हुए हमलों का मुद्दा उठाया गया, साथ ही इस बात से नाराजगी जाहिर की गई कि कानूनी एजेंसियां आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं।

भारतीय मूल के लोगों ने आरोप लगाया कि कानूनी एजेंसियां अमेरिका में बैठकर भारत में आतंकवाद फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। इस बैठक में न्याय विभाग के कई अधिकारियों के साथ ही एफबीआई के अधिकारी और सैन फ्रांसिस्को, मिलपितास, फ्रेमॉन्ट और नेवार्क पुलिस के अधिकारी भी शामिल हुए।